दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 28 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-244 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

तीसरे टी-20 में इंडिया की शानदार जीत



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में टी-20 में सबकी निगाहें एक बार फिर वैभव सूर्यवंशी पर थीं, लेकिन खेल का रुख पलट दिया अभिषेक शर्मा ने। दोनों न्यूजीलैंड के 198 रन का पीछा करने उतरे तो किसी बॉलर को नहीं बख्शा। अभिषेक ने 15 बॉल में फिफ्टी बना डाली, तो वैभव ने भी तगड़े शॉट खेले। दोनों की सलामी जोड़ी ने सिर्फ 5 ओवर में भारत का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। ये टी-20 में सबसे तेज हंड्रेड का रिकॉर्ड है। अभिषेक यहीं नहीं रुके, महज 35 गेंदों में सेंचुरी मार दी। यह टी-20 इंटरनेशनल में उनका चौथा शतक है। फिर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 118 रन ठोककर दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।

वोट चोरी टॉप लेवल से हो रही : राहुल गांधी



नई दिल्ली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दिल्ली के त्रिलोकपुरी ब्लॉक-20 में ह्वोट अधिकार, जीने का अधिकारह्व जनसुनवाई के दौरान कहा कि गरीबों के नाम जानबूझकर वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा- हम लंबे समय से यह मुद्दा उठाते रहे हैं, लेकिन अब पूरा देश समझने लगा है कि टॉप लेवल से वोट चोरी हो रही है। उन्होंने कहा- पूरा विपक्ष एकजुट है। जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या पीएम मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। INDIA ब्लॉक ख़फ़ और वोटरों के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने SIR पर कहा- हमें सब पता, जांच करेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को SIR और चुनाव आयोग के कामकाज पर दायर राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकताओं से कहा कि आप 10 दिन में चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब दें। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 17 नवंबर तय की। दरअसल, याचिकाकताओं की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने अपील की थी कि चुनाव आयोग ने सोमवार को ही अपना जवाब दिया है।

नशामुक्त बिहार अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं : सीएम

मुख्यमंत्री ने नशामुक्त बिहार अभियान का किया शुभारंभ



पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम नशामुक्त बिहार अभियान का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यह अभियान 27 अक्टूबर से 26 नवंबर तक राज्यभर में चलाया जाएगा। इस अवसर पर सीएम ने व्हाट्सऐप चैटबोट एवं हेल्पलाइन की शुरूआत की तथा नशामुक्त बिहार अभियान से संबंधित जन-जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के तहत रवाना किए गए जन-जागरूकता वाहन अगले एक माह

■ नशामुक्ति के लिए व्हाट्सऐप चैटबोट एवं हेल्पलाइन की शुरूआत

तक बिहार के विभिन्न जिलों में जाकर ऑडियो-विजुअल माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों और नशामुक्त जीवन के लाभों के प्रति जागरूक करेंगे। सीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों एवं आमजनों को बिहार को नशामुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि यह अभियान पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम ने कहा कि नशामुक्त, स्वस्थ और उज्ज्वल बिहार का निर्माण तभी संभव है, जब इस अभियान को निरंतर और प्रभावी ढंग से चलाया जाए। इसमें सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। सीएम ने शहरी क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, चौपाल और पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना राज्य के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान में

भारत-न्यूजीलैंड अंडर-20 अंतर्राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस सीरीज का उद्घाटन

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने मंगलवार को नालंदा जिला के राजगीर खेल परिसर में भारत-न्यूजीलैंड अंडर-20 अंतर्राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस सीरीज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की दूरदर्शी खेल नीति तथा भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के अवसर पर इसका आयोजन किया गया। यह आयोजन दोनों देशों के बीच खेल संबंधों को नई मजबूती देने के साथ ही बिहार में रग्बी जैसे खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस आयोजन के माध्यम से बिहार में अंतर्राष्ट्रीय खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

मुख्य बिंदु

नशे के सौदागरों के विरुद्ध करें कठोर कार्रवाई

सूखे नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने पर जोर

अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ी सशक्त, स्वस्थ और समृद्ध बिहार के निर्माण में योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के साथ-साथ अब सूखे नशे के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई आवश्यक है। सूखे नशे के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए संबंधित जिलों में विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। बिहार में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अब 20 गुणा से अधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से अब तक 1,755 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें 1,650 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जो विद्यार्थी आदेश से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे राज्यस्तरीय सहयोग शिविर में आवेदन कर सकते हैं।

योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं



■ सीएम ने बिहार गति के तहत परियोजनाओं एवं योजनाओं की समीक्षा की

■ कहा-आमस-दरभंगा मार्ग के पैकेज-1 को 2027 तक पूर्ण करें, 12 लाख आवास निर्माण को जल्द पूरा करें

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोकसेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार गति के अंतर्गत राज्य में 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागतवाली परियोजनाओं एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। सीएम ने राजेंद्र नगर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी में विभिन्न गैलरियों के प्रदर्शों का निर्माण कार्य वर्ष 2028 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएम ने एनएच-119डी के अंतर्गत आमस-दरभंगा मार्ग के पैकेज-1 में 55 किलोमीटर लंबे आमस-शिवरामपुर खंड की समीक्षा के दौरान कहा कि इसे वर्ष 2027 तक पूर्ण करें। उन्होंने बिहार जलाशय पुनर्स्थापन एवं गाद प्रबंधन नीति के तहत एनएचएआई से आवश्यक समझौता करने की कार्रवाई आगे बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि संबंधित कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा के दौरान सीएम ने निर्देश दिया कि 12 लाख आवास निर्माण के लक्ष्य को जल्द पूर्ण करें, साथ ही बाढ़ पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता सूची में रखें। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा के दौरान सीएम ने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर आदिवासी परिवारों को इसका लाभ दिलायें। सीएम ने कहा कि अंत में अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं एवं योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए तथा क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न होने दी जाए। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अनंत सिंह की मुश्किलें बढ़ी 30 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

पटना (एनएसबी)। मोकामा विधायक अनंत सिंह की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। पहले जदयू ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद विधानसभा सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा की गई। इसके बाद नीलम देवी को सरकारी आवास खाली करने का नोटिस दे दिया गया। अनंत सिंह माल रोड स्थित आवास में ही रहते हैं।

इस बीच अब सबकी निगाहें 30 अक्टूबर पर टिकी हैं। इस दिन सुप्रीम कोर्ट में दुलारचंद यादव हत्याकांड में पटना हाईकोर्ट से अनंत सिंह को मिली जमानत रद्द करने की याचिका पर अहम सुनवाई होनी है। संयोग से इसी दिन दुलारचंद यादव की पहली बरसी भी है। उनकी हत्या 30 अक्टूबर 2025 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान हुई थी। दुलारचंद यादव के पोते नीरज कुमार ने पटना हाईकोर्ट के जमानत आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में मांग की गई है कि अनंत सिंह की

दुलारचंद हत्याकांड



■ पटना हाईकोर्ट से मिली जमानत रद्द करने की मांग

जमानत रद्द कर उन्हें दोबारा जेल भेजा जाए। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि पटना हाईकोर्ट ने जमानत देते समय अनंत सिंह के आपराधिक इतिहास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया।राज्य सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में अनंत सिंह के आपराधिक रिकॉर्ड का जिक्र किया है। उनके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, रंगदारी और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज होने की जानकारी दी गई है। अब 30 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई में इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का रुख महत्वपूर्ण रहेगा।

30 हजार रिश्वत लेते ट्रैफिक DSP गिरफ्तार

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल यातायात ऊढ सुजीत कुमार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। निगरानी की टीम ने DSP के कार्यालय कक्ष में कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तारी के बाद यातायात DSP की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। जानकारी के मुताबिक, निगरानी विभाग की टीम ने यातायात DSP सुजीत कुमार को रिश्वत लेते पकड़ा। कार्रवाई DSP के कार्यालय कक्ष में की गई। टीम ने रिश्वत की रकम बरामद करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि DSP के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत निगरानी विभाग तक पहुंची थी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने कार्रवाई की और 30 हजार रुपये लेते हुए उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद DSP सुजीत कुमार अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े।

तिरहुत से बीजेपी के एनपी सिंह जीते, दरभंगा में जेएसपी आगे

एमएलसी चुनाव



■ अनंत बोले-जो कहा वही होगा, पार्टी जो फैसला ले

पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। तिरहुत शिक्षक सीट से बीजेपी के नरेन्द्र सिंह 600 वोटों से जीत गए हैं। पटना शिक्षक सीट से बीजेपी के नवल किशोर को 1273 वोट मिले हैं, जबकि राजद के संजीव 1271 वोट मिले हैं। जबकि दरभंगा में जनसुराज के सुरेश प्रसाद राय आगे चल रहे हैं।

मदन मोहन झा काउंटिंग सेंटर से बाहर निकल गए हैं। वहीं सारण से बीजेपी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव में उतरे राहुल राज आगे चल रहे हैं। कोशी स्नातक सीट से एनके यादव आगे चल रहे हैं। बता दें चार स्नातक और चार शिक्षक सीट पर 23 अक्टूबर को हुए चुनाव में कुल 150 प्रत्याशी मैदान में हैं। नरेंद्र प्रसाद सिंह को सीएम सम्राट ने जीत की शुभकामनाएं दी है। कहा कि तिरहुत शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह की जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह विजय शिक्षकों के एनडीए पर विश्वास का प्रतीक है। वहीं एमएलसी चुनाव में काउंटिंग के बीच मोकामा विधायक अनंत सिंह ने एक बार फिर से जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा, अभी काउंटिंग शुरू हुई है। वही होगा जो बोला हूं। घर खाली करने के सवाल पर कहा कि पार्टी का हर निर्णय मुझे मंजूर है। एक महीने का समय दिया गया है, घर खाली कर देंगे। कोई दिक्कत नहीं है। जनता मालिक है। जनता फैसला लेगी।

गडकरी बोले- E20 के खिलाफ पैसे देकर प्रोपेगेंडा चलाया गया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि करीब 3 महीने पहले ए20 फ्यूल का काफी विरोध हुआ था, लेकिन अब यह विरोध खत्म हो गया है। उन्होंने इसे पैसे देकर चलाया गया अभियान बताया। गडकरी का ये बयान केंद्र सरकार के 100% एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल के इस्तेमाल को मंजूरी देने के एक दिन बाद आया है। दरअसल, भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (ए20) का विरोध हो रहा था। दावा किया गया था कि 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

रिशु श्री टेंडर घोटाला केस में बड़ा एक्शन

आनंद किशोर से ईडी करेगी पूछताछ इन 6 आईएएस ऑफिसर को भी समन



पटना (एनएसबी)। पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल रिशु श्री से जुड़े कथित टेंडर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की जांच एक बार फिर तेज हो गई है। इस मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने आनंद किशोर समेत बिहार के छह आईएएस अधिकारियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। इन अधिकारियों से रिशु श्री जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर पूछताछ की जानी है। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने आनंद किशोर, संतोष कुमार मल्ल, धर्मेंद्र कुमार, योगेश कुमार सागर, अभिलाषा कुमारी शर्मा और सुनील यादव को समन भेजा है। इन छह आईएएस अधिकारियों में सुनील यादव से आज ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। वहीं, अभिलाषा कुमारी शर्मा से ईडी की टीम ने कल ही पूछताछ कर चुकी है। अब आनंद किशोर से 30 अक्टूबर को पूछताछ होगी। अधिकारियों से पूछताछ के जरिए ईडी टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े लेनदेन समेत मामले के अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। छह अधिकारियों में सुनील यादव से आज ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। वहीं, अभिलाषा कुमारी शर्मा से ईडी की टीम पहले ही पूछताछ कर चुकी है। अधिकारियों से पूछताछ के जरिए ईडी टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े लेनदेन समेत मामले के अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, आनंद किशोर से 30 अक्टूबर को पूछताछ की जानी है। वहीं संतोष कुमार मल्ल से 29 अक्टूबर को पूछताछ की जाएगी. बता दें, ईडी की ओर से जारी समन के बाद सभी अधिकारियों से अलग-अलग समय पर पूछताछ की जाएगी।

साइंस कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री बोले भारत में इनोवेशन की परंपरा रही

नई दिल्ली (एजेंसी)। हमें आज जो सफलताएं मिल रही हैं, वे पहले कभी नहीं मिलीं। 'विकसित भारत' की नींव वैज्ञानिक अनुसंधान पर टिकी होगी। भारत एक नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य नई तकनीकें विकसित करना है। हमारा लक्ष्य महत्वपूर्ण तकनीकों के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का विस्तार करना है। भारत का लक्ष्य आत्मनिर्भर बनना है।

ये बातें पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ESTIC 2026) के उद्घाटन में कहीं। ESTIC साइंस-इनोवेशन से जुड़ा एक राष्ट्रीय सम्मेलन है। यह 27-28 अक्टूबर तक चलेगा, इसमें 12 सेक्टरों पर चर्चा की जाएगी। तीन नोबेल विजेता इसके स्पीकर होंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'हमें अपने वैज्ञानिकों और संस्थानों को आज की जरूरतों के साथ भविष्य के लिए भी तैयार करना है। एआई, स्पेस और सेमीकंडक्टर ऐसे सेक्टर हैं



■ शून्य की खोज की, नंबर सिस्टम बनाया, हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर बनना

जो फ्यूचर को शेप और सेफ करेंगे। इसलिए नई-नई कोशिशें की जा रही हैं।' इस दौर में साइबर सिक्योरिटी को लेकर भी नई परेशानियां आ रही हैं। हमारा लक्ष्य ऐसी टेक्नोलॉजी विकसित करना है जो देश को आगे बढ़ाए। इस कॉन्क्लेव में मौजूद सभी लोगों से मेरा आग्रह है कि वो एक लक्ष्य लें कि वह कौन सा टैलेंट विकसित करेंगे जिससे दुनिया को फायदा हो।

केवल विदेशी होना जमानत रोकने की शर्त नहीं : SC

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वैध और अधिकृत तरीके से भारत आया विदेशी नागरिक भी यूएपीए के मामले में जमानत का हकदार हो सकता है। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र की अपील खारिज करते हुए कहा कि एनआईए यह साबित नहीं कर पाई कि आरोपी भारत में अवैध तरीके से दाखिल हुआ था। बेंच ने कहा कि विदेशी नागरिक को यूएपीए की धारा 43D (7) के तहत जमानत देने की शर्तें सख्त हैं। एफआईआर में भी कहा गया है कि रिफास वैध वीजा के जरिए भारत आया था। आरोपी मोहम्मद रिफास उर्फ मोहम्मद रिगबास श्रीलंकाई नागरिक है। एनआईए के मुताबिक वह 2009 में वैध वीजा पर भारत आया था और वीजा खत्म होने के बाद भी यहीं रुक गया।



केसरिया पार्षद दंपति के पांच ठिकानों पर EOU की छापेमारी



■ ज्ञात आय से 3.56 करोड़ रुपये अधिक की संपत्ति मिली

■ पटना, दिल्ली सहित कई जगहों पर 54 जमीन के दस्तावेज

पटना (एनएसबी)। पूर्वी चंपारण के केसरिया नगर पंचायत की मुख्य पार्षद किरण देवी और उनके पति वार्ड पार्षद रजनीश कुमार पाठक उर्फ रिंकू पाठक के पांच ठिकानों पर मंगलवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापामारी की। इस छापामारी में पार्षद दंपती के पास ज्ञात आय से 3.56 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति होने के साक्ष्य मिले हैं। यह उनकी ज्ञात आय से करीब 124.81 प्रतिशत अधिक है। जांच टीम को पटना, दिल्ली, मुंबई, मोतिहारी और केसरिया में जमीन खरीद से संबंधित 54 कागजात मिले हैं, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये में आंकी गई है। ईओयू के अनुसार, बरामद नकदी, आभूषण, वाहन संबंधी कागजात और जमीन के दस्तावेजों का वास्तविक मूल्यांकन कर रही है। इसके बाद अवैध संपत्ति की राशि बढ़ने की संभावना है। ईओयू ने पार्षद दंपती के विरुद्ध अंकित कांड और लोक सेवक के रूप में कर्तव्य के विचलन की जानकारी सक्षम प्राधिकार को भी भेज दी है। ईओयू ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में ईओयू थाने में कांड भी दर्ज किया है।

खबरें : एक नजर में

जनसुनवाई में मंत्री शीला मंडल ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ



जनसुनवाई में मंत्री शीला मंडल ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मंगलवार को जद (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार की विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। आमजनों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं कार्यक्रम समन्वय हेतु पार्टी की प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रीमती अंजुम आरा मौजूद रहीं।

ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का शुभारंभ

मुजफ्फरपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। शहर के ब्रह्मपुरा क्षेत्र में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बरूराज के विधायक डा. अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे। नई शाखा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक फार्मेसी सेवाओं और दवाइयों की खरीदारी के लिए एक बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा।

शाखा के फ्रेंचाइजी संचालक कुमार सचिन ने कहा कि उनका उद्देश्य ब्रह्मपुरा और आसपास के निवासियों तक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित दवाइयाँ उचित कीमत पर पहुँचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि ई-मेडिक्स के साथ जुड़कर वे स्थानीय लोगों को सुविधाजनक और भरोसेमंद दवा सेवाएँ उपलब्ध कराने में योगदान देंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में संजय कुमार, श्रीमती माला देवी, डा. आयुष (एम बी बी एस , एमडी),डा. सुशील एवं डा. आकांक्षा की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए ऐसी पहल के महत्व को रेखांकित किया।

ई-मेडिक्स वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड , की ओर से जनरल मैनेजर वकार सिद्दीकी, ऑपरेशंस मैनेजर अमनदीप भारद्वाज एवं अपरेशंस एग्जीक्यूटिव अविनाश कुमार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर ई-मेडिक्स के जनरल मैनेजर वकार सिद्दीकी ने कहा, हमारा लक्ष्य फार्मेसी सेवाओं को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और आम लोगों के लिए सुलभ बनाना है। ई-मेडिक्स लगातार अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, ताकि ग्राहकों को प्रमाणित दवाइयाँ उचित मूल्य पर मिल सकें। ब्रह्मपुरा में नई शाखा की शुरुआत इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। हमें उम्मीद है कि यह स्टोर स्थानीय लोगों की दवा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिवसेना की बैठक

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां बाजार में शिवसेना की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड में पहली बार हुई शिवसेना की बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुदीप प्रताप सिंह सहित प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया मनिंदर कुमार,रवि शंकर ,रजनीश चक्रवर्ती ,रवि शंकर प्रसाद ,राकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने संगठन विस्तार पर चर्चा की।

मरम्मत होने के बाद धोबा पुल पर आवागमन चालू, बोल्डर बन रहा दुर्घटना का कारण

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। एनएच 30ए पर स्थित धोबा पुल पर मरम्मत होने के बाद दशहरा के समय से आवागमन चालू हो गई।लेकिन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से सड़क पर रखा गया बोल्डर(अवरोधक) नहीं हटाया जा सका है।पुल के दोनों छोर पर रखे गए तीन तीन बोल्डरों को किनारे खिसका दिया गया है।लेकिन सभी बोल्डर बीच भाग से हटाकर सड़क पर ही किनारे लगा दिए गए है।जिससे वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है।मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र की मौत का कारण भी सड़क पर रखे गए बोल्डर को बताया जा रहा है।जो जांच का विषय हो सकता है।

गांधी मैदान में 3 नवंबर को राष्ट्रीय रेड रन होगा आयोजन, देशभर से जुटेंगे युवा प्रतिभागी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय रेड रन 4.0 की मेजबानी बिहार कर रहा है। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में आगामी 3 नवंबर, को पटना के गांधी मैदान में प्रातः 5 बजे से 10 किलोमीटर की राष्ट्रीय रेड रन दौड़ आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को एच आई वी के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा एच आई वी से जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देना है। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 250 युवा प्रतिभागियों, नोडल पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही, आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने और जागरूकता के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए लगभग 1,000 प्रतिभागियों की सहभागिता से 2 किलोमीटर का वकथन भी आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय रेड रन एवं वकथन की शुरुआत गांधी मैदान, पटना से होगी। प्रतिभागी ज़ेपी. गंगा पथ पर गंगा नदी की ओर वाले लेन से गुजरते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचेंगे। दोनों आयोजनों का समापन गांधी मैदान स्थित मुख्य मंच के समीप होगा। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आमजन एवं युवाओं से इस जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एच आई वी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा इससे प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कृषि क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं : राज्यपाल

किसान समृद्ध, देश समृद्ध : राम लाल, लोकभवन, पटना में किसानों के सम्मान में कृषि आत्मनिर्भरता से उद्यमिता की ओर (विकसित भारत / 2047 मुहिम) कार्यक्रम आयोजित

दैनिक नवसंदेश

पटना। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आज ही के दिन यानि 27 अक्टूबर 1964- 65 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था। आज का दिन मेरे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज किसानों के कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं और यहां से सीधे दानापुर जा रहा हूं , जवानो के कार्यक्रम को संबोधित करने। लोकभवन, पटना में किसानों के सम्मान में कृषि आत्मनिर्भरता से उद्यमिता की ओर (विकसित भारत / 2047 मुहिम) कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम इनफिनिट न्यू इंडिया : विकसित भारत /2047 (सामाजिक अपंजीकृत मिशन) मुहिम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बिहार के किसानों में नवजागरण लाना तथा कृषि की आत्मनिर्भरता से उद्योग-आधारित कृषि की सोच व संरचना को विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि कृषि के बिना भारत का विकास संभव नहीं है और यह बिहार में कृषि के विकास बिना संभव भी नहीं। बिहार में काफी संभावनाएं हैं। यहां की जमीन सबसे उर्वर है। यहां के किसान मेहनती भी हैं। मुझे पहले लगता था कि उत्तरप्रदेश के आम अच्छे हैं। पर बिहार के आम ज्यादा अच्छे हैं। और तभी से मैं खुद को बिहारी कहने लगा।

राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख ,आरएसएस राम लाल ने कहा कि कृषि का दुर्भाग्य रहा कि यह उपेक्षित रहा। किसान जितना संगठित हो सकते थे उतना संगठित नहीं हो सके। लेकिन अब संगठन मुखर होने लगे। भारतीय किसान संघ ने काम करना शुरू किया। सरकार भी सुनने लगी।

उन्होंने कहा कि भारत में खुशी तभी आएगी जब कृषि का उत्पादन बढ़ेगा। उत्पादन बढ़ेगा तभी बाजार में रौनक आयेगी। किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। और कृषि का भला तभी होगा जब लाभ की नीति के तहत कृषि की योजना बने। लाभ की नीति बनेगी तो किसान को सही दिशा मिलेगी। अनुसंधानकर्ताओं से यह आग्रह किया कि आपका लैब जब तक लैंड तक नहीं पहुंचेगा किसानों को सही दिशा मिलेगी। इस समारोह को पूर्व सांसद पुतुल सिंह, आयुष के पदाधिकारी डा. कयूम और आईसीएसएसआर के धनंजय कुमार ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर लगभग तीन दशकों से कृषि क्षेत्र की पत्रकारिता करने वाले नवभारत टाइम्स के संपादकीय सलाहकार रमाकांत चंदन को महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत) राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख, आरएसएस राम लाल के हाथों कृषि पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पटना के प्रागण में 16वे स्थापना दिवस पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह द्वारा भी सम्मानित किया गया था। इस मौके पर किसान सलाहकार राजा राम समेत कुल सात किसानों को भी सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन इनफिनिट न्यू इंडिया : विकसित भारत /2047 मुहिम (दिल्ली स्थित जागरण आधारित संस्था) के सामाजिक संगठनकर्ता शैलेश वत्स ने की।



महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद हसनैन सेवानिवृत और राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख आरएसएस राम लाल से कृषि पत्रकारिता हेतु सम्मान ग्रहण करते नवभारत टाइम्स के संपादकीय सलाहकार रमाकांत चंदन।

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का परीक्षाफल जारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। विज्ञ 37/2025 के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु 27-02-2026 को आयोजित मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया है, जिसे आयोग के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

उत्तर पत्रक डाउनलोड कर सकते है अभ्यर्थि

पटना / एसएनबी। विज्ञ-13/2026 के अधीन अभियोजन पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उम्मीदवार 28-10-2026 से 03-11-2026 तक आयोग के वेबसाईट पर स्वयं के डैशबोर्ड सब में लोगिन करके अपना ओएमआर शीट (उत्तर पत्रक) डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोड ओएमआर शीट में किसी भी प्रकार की त्रुटि रहने पर दिनांक 03-11-2026 तक पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। दिनांक 03-11-2026 तक डाउनलोड नहीं करने की स्थिति में आयोग द्वारा ओएमआर शीट की छायाप्रति बाद में उपलब्ध नहीं करायी जायेगी।

ग्रामीण एसपी ने किया थाना का निरीक्षण

दनियावां। स्थानीय शाहजहांपुर थाना का निरीक्षण मंगलवार को ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने किया।इस मौके पर एसडीपीओ -2 संजीव कुमार, थानाध्यक्ष उत्तम कुमार सहित थाना के अन्य सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।ग्रामीण एसपी ने थाना के आगंतुक पंजी को अपडेट रखने को कहा।उन्होंने थाना की सभी पंजी का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये।

बिहार में स्थापित होगी अत्याधुनिक कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला, किसानों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण कृषि यंत्र

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कृषि मंत्री, विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार में कृषि यांत्रिकरण को बढ़ावा देने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पटना में अत्याधुनिक कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। यह पहल कृषि यंत्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और राज्य में आधुनिक कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ।

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में किसानों की समृद्धि और खुशहाली की अहम भूमिका है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप बिहार सरकार कृषि में आधुनिक तकनीक एवं गुणवत्तापूर्ण षि यंत्रों को बढ़ावा दे रही है। कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना से किसानों को विश्वसनीय एवं मानक अनुरूप कृषि यंत्र उपलब्ध होंगे, जिससे खेती की लागत कम होगी, उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। हमारा लक्ष्य है कि आधुनिक कृषि तकनीक किसानों की आर्थिक मजबूती, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार बने।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान एवं किसान समूह राज्य में कहीं से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के विभिन्न घटकों के तहत कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, फसल अवशेष प्रबंधन हेतु स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर तथा किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इन घटकों के अंतर्गत अब तक क्रमशः 88,787 एवं 4,377 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में से पात्र आवेदकों का चयन ऑनलाइन लटरी के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में 10 लाख रुपये की परियोजना लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 4 लाख रुपये की सहायता राशि के साथ 267 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, ग्राम स्तर पर 10 लाख रुपये की परियोजना लागत पर 80 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 8 लाख रुपये की सहायता से 38 कृषि यंत्र बैंक की स्थापना की जा रही है। इसके अतिरिक्त फसल अवशेष जलाने की समस्या से प्रभावित जिलों में फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी 200 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

खबरें — खास-खास

अमय का बल्ले से धमाका गेंद से भी झटके छह विकेट

विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट: फिनिक्स बी और करुणा किंग्स सेमीफाइनल में

पटना (दैनिक नवसंदेश)। द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को फिनिक्स टीम बी और करुणा किंग्स ने शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सीएबी ग्राउंड पर खेले गए क्वार्टरफाइनल में फिनिक्स बी ने वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी को 62 रन से हराया। वहीं, करुणा किंग्स ने बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी को 39 रन से शिकस्त दी। फिनिक्स के अमय सहाय ने बल्ले से नाबाद 69 रन बनाने के बाद गेंद से छह विकेट लेकर मुकाबले में जानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया। अमय ने 69 रन बनाकर झटके छह विकेट : दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में टस जीतकर वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने गेंदबाजी चुनी। फिनिक्स टीम बी ने निर्धारित 21 ओवर में पांच विकेट पर 185 रन बनाए। अमय सहाय ने नाबाद 69, अमरजीत आर्या ने 24, कप्तान विनायक ने 18 और आयुष यादव ने नाबाद 16 रन बनाए। अतिरिक्तके 47 रन भी टीम के खाते में जुड़े। वाईसीसी के रुद्र नारायण ने पांच ओवर में 39 रन देकर पांच विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाईसीसी की टीम 16.1 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। अनुराग यादव ने 31 और अंशुमान कुमार ने 30 रन बनाए। फिनिक्स की ओर से अमय सहाय ने 3.1 ओवर में आठ रन देकर छह विकेट चटकाए, जबकि श्रीमंतो को चार विकेट मिले। शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए अमय को प्लेयर अफ द मैच चुना गया। राजा वर्मा की अर्धशतकीय पारी, अभिषेक ने झटके तीन विकेट : सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे टर्रफाइनल में करुणा किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 21 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाए। राजा वर्मा ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान प्रतीक शर्मा ने 14 रन बनाए। टीम के खाते में अतिरिक्तके 45 रन भी जुड़े। जवाब में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी की टीम नौ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। कार्तिक चौधरी ने नाबाद 33, दिव्यांशु ने 22 और शरद सिंह ने 18 रन बनाए। करुणा किंग्स की ओर से अभिषेक और प्रतीक शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि कुमार आयुष प्रजापति को दो सफलताएं मिलीं। अभिषेक को प्लेयर अफ द मैच चुना गया।



काव्य मणि रत्न से सम्मानित हुई हाजीपुर की कवियित्री डा. बबिता सिंह

हाजीपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। हाजीपुर की सुप्रसिद्ध कवयित्री डा. बबिता सिंह को उत्कृष्ट कविता पाठ के लिए काव्य मणि रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कविवर पुरुषार्थी कला मंच दाऊदपुर, दानापुर कैंट, पटना में आयोजित 14 वां, 15 वां,16 वां मासिक एकल काव्य एकल नाट्य शृंखला विशेषांक महोत्सव में प्रदान किया गया।

कविवर पुरुषार्थी धाम श्री सिया राम सिंह प्लस 2 विद्यालय शाहपुर दाउदपुर के प्रांगण में आयोजित वरिष्ठ साहित्यिक वार्षिक पत्रिका शब्दांश के कार्यकारी संपादक रूपक कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद असफाक उल्ला खान की जयंती एवं फिल्म अभिनेता, निर्माता नाना पाटेकर को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ कवि एवं लेखक कैप्टन कुमार निरंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जहां चर्चित युवा कवयित्री डा. सुप्रिया सोनी मुजफरपुर, डा. बबिता सिंह, हाजीपुर, प्रेम सखी कुमारी मुंगेर ने एकल काव्य प्रस्तुति की। जिन्हे काव्य मणि रत्न सम्मान से विभूषित किया गया ।



काव्य मणि रत्न सम्मान ग्रहण करती कवयित्री डा. बबिता सिंह।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पटना जिला माध्यमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह, डा. कन्हैया सिंह ,एएस क्रॉलेज रोहतास, डा. सकल देव सिंह, राजीव रंजन जलेस, वरिष्ठ कवि आनंद किशोर शास्त्री, गणेश झा के साथ कैप्टन जनमेजय, कैप्टन गौतम प्रसाद सुधीर भारती, कवि मृत्युंजय नारायण सिंह, कवि प्रेम कुमार, समाज सेवी बसंती देवी, अनु कुमारी, सर्वानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे। मंच का संचालन सचिव रंगकर्मी अनिल कुमार सुमन ने किया।

बाल आनन्द महोत्सव का आयोजन

बिहार शरीफ / पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय युवा योजना ट्रस्ट व रघुनन्दन सेवा सदन चोरसुआ द्वारा मदर टेरेसा हाई स्कूल चोरसुआ में आयोजित 6 दिवसीय राष्ट्रीय बाल आनंद महोत्सव में केरल, असम, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली, झारखण्ड से आए बच्चे बदलते बिहार और यहां के बच्चे के विचारों से रूबरू हुए। दूसरे राज्य से आए हुए प्रतिभागी स्थानीय बच्चे के घरों में 6 दिनों के लिए मेहमान बनकर रहेंगे और उस बच्चे के सामाजिक पारिवारिक परिवेश, संस्कृति, पेशे, रहन सहन को नजदीक से देखेंगे और अपने यहां वही कार्य को कैसे करते हैं उससे अवगत कराएंगे। कैंप समन्वयक रोहित कुमार ने बताया कि दूसरे राज्य के बच्चे स्थानीय घरों में जाने से पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल है और मेजबान हर तरह से बच्चों को सुरक्षा और उनके उनके परिवेश के साथ साथ उनके परिवार से परिचित हो रहे हैं। महासचिव सुकुमारन जी ने बताया कि भाईजी डा. एसएन सुब्बाराव जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चे एक दूसरे की भाषा सीख रहे है जिससे वे बहुभाषिया बन रहे हैं। ट्रस्टी मधुसूदन दास ने भाई जी के बच्चों के प्यारे गीत और श्रम संस्कार के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि यदि हम समस्याओं को दूसरे पर न टालकर खुद प्रयास करे तो समाधान हो जाएगा। कैंप निर्देशक नीरज कांस्यकार ने झंडोत्तोलन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से भारतीय ध्वज के महत्व को बताया । ट्रस्टी हरि विश्वास, विजय कुमार धावक, अशोक शरण, अशोक भारत, डा रामेश्वर प्रसाद, सोनू कुमार सक्सेना, डा शशिकांत कुमार, डा अश्विनी कुमार डेका, शीतल जैन, निदेशक मदर टेरेसा हाई स्कूल धर्मवीर कुमार राही ने बच्चों को एक्टिविटी विथ टैलेंट एक्सचेंज के माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं से घरो कार्यालयों को सजाना, रंगोली बनाना, केक बनाना, पेंटिंग बनाना, मिट्टी से मूर्ति बनाना, स्केच बनाने सिखाया।संध्या में बच्चों द्वारा शान्ति, सद्भावना, भाईचारा, समानता का संदेश देते हुए चोरसुआ, बकरा और लक्ष्मीपुर में रैली निकाली गई, जिसमें कैंप में भाग लिए बच्चों ने जाति पाति का बंधन तोडने संबंधी नारे लगाए। समानता की बात की। सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए ।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका



पूरे बिहार में कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मंगलवार को पूरे बिहार में कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका। इससे पहले कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार दलित विरोधी है। कांग्रेस ने ये भी आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस पार्टी के दलित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास करती रहती है। भाजपा कांग्रेस पार्टी के दलित अध्यक्ष को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के भाजपा और संघ के लोगों ने शुद्धिकरण पूजा की और अब उनके खिलाफ देश भर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन कर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस्तीफा मांगा। नाराज कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा समाज को जाति और धर्म के नाम पर आपस में लड़वाती रहती है।

आधी आबादी की मांग पर लागू हुई थी शराबबंदी : बिजेंद्र प्रसाद यादव

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में शराबबंदी कानून को आधी आबादी यानी महिलाओं की मांग पर ही तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लागू किया था और जीविका दीदियों का इसे पूरा समर्थन मिला। यह मुहिम आज सामाजिक बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल बनकर उभरी है। ये बाते उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को 'नशामुक्त बिहार अभियान' के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही।

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की तरफ से पुराना सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मद्य निषेध जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलने वाला यह विशेष अभियान एक स्वस्थ, सशक्त, जागरूक युवा पीढ़ी और विकसित बिहार के संकल्प के तौर पर है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नशे को नहीं, अपने सपनों को चुनें और बिहार को विकसित राज्य बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

9 माह में 90 लाख लीटर शराब जब्त : मद्य निषेध मंत्री : मद्य निषेध विभाग के मंत्री मदन सहनी ने कहा कि शराबबंदी कानून को लागू हुए 10 वर्ष पूरे हो गए हैं और आज समाज इसे हर तबके का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा दिया। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से 30 सितंबर तक शराब के मामले में कुल 1 लाख 61 हजार 592 अभियोग दर्ज किए हैं। 2 लाख 23 हजार लोगों की गिरफ्तारी हुई है, 90 लाख लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई और तस्करी में इस्तेमाल होने वाले 21 हजार वाहनों को भी जब्त किया गया।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के नशामुक्ति अभियान की शुरुआत

उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से की अपील- नशे को नहीं, सपनों को चुने

'नशामुक्त बिहार' जागरूकता के लिए एक महीने तक चलेगा व्यापक अभियान

9 माह में जब्त 90 लाख लीटर शराब की जब्ती : मंत्री मदन सहनी

मंत्री ने आगे कहा कि विभाग केवल शराब ही नहीं, बल्कि सूखे नशे के खिलाफ भी व्यापक अभियान चला रहा है। इसके तहत 1600 किलो से अधिक गांजा, 10 किलो हेरोइन और 14 हजार 572 लीटर कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछले 10 वर्षों में शराब माफियाओं पर कड़ी नकेल कसी गई है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अंत में कहा कि कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता भी जरूरी है, तभी इस अभियान को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया जा सकेगा।

युवाओं के हाथ में भविष्य की बागडोर : संजय सिंह टाइगर : उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि नशामुक्ति अभियान बिहार के उज्ज्वल भविष्य का शंखनाद है। इसके माध्यम से हमें विशेषकर युवाओं को जागरूक करना होगा, क्योंकि उन्हीं के हाथों में बिहार के विकास की बागडोर है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सबसे जरूरी है। अगर कोई नशे की लत से जूझ रहा है, तो उसकी मदद करें, उसे सही परामर्श और चिकित्सीय सहायता तक पहुंचाएं। नशे को ना कहेंगे, तभी हम जीवन को हां कह पाएंगे।

नवादा जिला प्रशासन पर अविलंब कठोर कार्रवाई किया जाए : संयुक्त किसान मोर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नवादा में कल हुए किसानों का उत्पीड़न, लाठीचार्ज और बेवजह गिरफ्तारी की न्यायिक जांच कर दोषी नवादा जिला प्रशासन पर अविलंब कठोर कार्रवाई किया जाए। मोतनाजे-मधुबन में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और विज्ञापन सामान्य रूप करने का ऐलान हुआ । फिर डीएम ने भारत सरकार के बिना किसी अधिसूचना के आपातकालीन भूमि अधिग्रहण का बयान कैसे जारी कर दिया। यह सिर्फ सामरिक दृष्टिकोण से संवेदनशील सीमा या विशेष परिस्थिति में संसद से पारित होने पर ही हो सकता है। कंपनी की दलाली में गैरकानूनी आदेश या ब्यान जारी करने के लिए डीएम नवादा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई हो। नवादा जिला प्रशासन की गलत बयानी और झूठा मुकदमा नगर थाना कांड संख्या 1149/26 से पूरे बिहार के किसान आक्रोशित हैं। संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार की ओर से किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह,प्रो आनंद किशोर,रामायण सिंह, आशीष रंजन,ब्रजेश राय,भोला यादव,डा विनय कुमार, शिव शंकर सिंह चितु,वशिष्ठ सिंह एवं चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त बयान जारी कर जिला प्रशासन द्वारा लोगों को गुमराह करने हेतु लगातार झूठा अफवाह फैला रही है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार इस तरह की हरकत की घोर निंदा करती है। विदित हो कि संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 23 अक्टूबर 2026 को लिखित सूचना नवादा के डीएम और एसडीओ को दिया था।सर्वोच्च न्यायालय का फैसला है,सूचित करने का। जिसका रिसीविंग मौजूद है।इस संबंध में 24अक्टूबर को संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने अनुमंडलाधिकारी नवादा से मोबाइल पर लगभग 10 मिनट तक वार्ता की। उन्हें सारी जानकारी दी गई।एसडीओ ने धरना देने पर रोक की कोई बात नहीं कही।मोबाइल में सब कुछ दर्ज है।इससे वे भाग नहीं सकते। 26 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों में भ्रम फैलाने के लिए गलत आरोप लगाया है कि बिना अनुमति का समाहरणालय का घेराव के लिए लोग बढ़ने लगे।जबकि सच्चाई यह है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित नवादा टाउन थाना के पास हमारा टेंट और माइक लगा हुआ था। कोई घेराव की बात नहीं थी। मगर बक्सर सांसद और किसान नेता दिनेश कुमार,अशोक प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जुलूस धरना स्थल पर जा ही रहा था। डीएम कार्यालय धरना स्थल से और आगे था।

संक्षिप्त खबरें

विकास कुमार सिंह सिकरहटा के नए थानाध्यक्ष बने

सुगंधा प्रियदर्शनी को धोबहां थाना की कमान

आरा/एनएसबी। भोजपुर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने जिले में अपराध पर नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु दो थानों में नए थाना अध्यक्ष की पोस्टिंग की है। एसपी ने मध निषेध में कार्यरत दारोगा विकास कुमार सिंह को सिकरहटा थाना का नया प्रभारी बनाया है। वही महिला दारोगा सुगंधा प्रियदर्शनी को धोबहा थाना का प्रभारी बनाया है। वह पहले पीरो में कनीय दारोगा थी। धोबहा में पहले से तैनात वर्षा रानी को पीरो में कनीय दारोगा के पद पर तैनात किया गया है। एसपी ने पुलिस पदाधिकारी को नव पदस्थापन स्थल पर 24 घंटे के भीतर योगदान देने का निर्देश दिया है।

ट्रैक्टर ने पैदल घर वापस लौट रहे बुजुर्ग को रौंदा, मौत

इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

आरा/एनएसबी। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव बाईपास के समीप मंगलवार की देर शाम ट्रैक्टर ने पैदल घर वापस लौट रहे बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव वार्ड नंबर -14 निवासी स्व. धोकर साव के 65 वर्षीय पुत्र मनोहर साव है। वह पेशे से पेंटर थे। इधर, मृतक के बेटे मनोज साव ने बताया कि मंगलवार को वह चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव पेंटिंग करने गए थे। मंगलवार की देर शाम जब पैदल वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर उन्होंने टक्कर मार दी। तब वह मौजूद सीमेंट दुकानदार द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आये। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी महेश्वरी देवी, तीन पुत्र मनोज साव, गिरजा साव, बैजू साव व दो पुत्री गीता देवी एवं बेदामो देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी महेश्वरी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर छात्रों ने उठाए सुविधाओं से जुड़े मुद्दे



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गौतम नगर, शाहपुर में मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. गुलाब फलाहारी ने की। शिविर में विद्यार्थियों ने नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार के सहयोग से विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर अपने सुझाव और शिकायतें दर्ज कराईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने और प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित सुझाव और शिकायतें दर्ज कीं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को सामने लाना और उनके सुझावों के माध्यम से महाविद्यालय की सुविधाओं में सुधार की दिशा में पहल करना रहा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा. शेर सिंह, डा. दिनेश कुमार, डा. छाया कुमारी, डा. मनीष कुमार, डा. राजेश कुमार, अजित कुमार राम, डा. संतोष तिवारी, डा. आफरीन बानो, डा. रणधीर कुमार सिंह, डा. बुद्धदेव राम और डा. प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में महाविद्यालय कर्मियों चंदन तिवारी, राजन तिवारी और गोपाल उपाध्याय सहित अन्य कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।

एसपी ने गजराजगंज ओपी का किया निरीक्षण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। एसपी अवधेश दीक्षित में सोमवार की रात गजराजगंज ओपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति एवं क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान थाने के अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मालखाना की स्थिति एवं गश्ती वाहनों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। एसपी श्री दीक्षित ने लंबित कांडों एवं अन्य कार्यों की अधतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक सुधार करने, सभी कार्यों का नियमानुसार समय एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने थाने पर आने वाले नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनकर उन पर त्वरित कार्रवाई करने व पुलिस जन सहयोग बढ़ाने का विशेष बल दिया। इसके अलावा उनके द्वारा अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी गश्ती को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। संवेदनशील व महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमित एवं रात्रि गश्ती के साथ पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर अंचल निरीक्षक, गजराजगंज ओपी इंचार्ज सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

शौच करने जा रहे बुजुर्ग को बेलगाम टेलर ने रौंदा, मौत

नारायणपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह घटी घटना

संदेश (दैनिक नवसंदेश)। सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम टेलर ने शौच करने जा रहे बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टेलर लेकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों द्वारा खदेड़ कर दबोच लिया गया। उधर, घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर नारायणपुर गांव के समीप रोड जाम कर दिया। इस दौरान तकरीबन 4 घंटे तक वाहनों का आवागमन ठप्प रहा। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग रही। सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं संदेश प्रखंड के बीडीओ घटनास्थल पर पहुंचे। उनके द्वारा लोगों को काफी समझाने-बुझाने एवं तत्काल मुआवजे का आश्वासन देने के बाद जाम को हटवाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस ने चालक गिरफ्तार कर ट्रेलर को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी स्व. चुटरी राम 70 वर्षीय वकील पासवान है। वह पेशे से मजदूर थे। इधर, मृतक के बेटे जितेंद्र पासवान ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह शौच करने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान नारायणपुर गांव के समीप बेलगाम टेलर ने उन्हें रौंद दिया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाइयों में छोटे थे। उनके परिवार में चार पुत्र बीरबल पासवान, भुटल पासवान, जितेंद्र पासवान एवं अपूंजेश कुमार व दो पुत्री मुन्नी देवी एवं आरती देवी है। मृतक की पत्नी रेशमा देवी की मौत 15 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी।

मादक पदार्थ एवं नगदी के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

71 ग्राम गांजा, 5,907 रुपए नगद एवं 1 मोबाइल बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत टाउन थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस दौरान टाउन थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्टेशनरी दुकान से मादक पदार्थ एवं नगदी के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके दुकान से 71 ग्राम गांजा, 5,907 रुपए नगदी एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। वह टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ला निवासी चंदेश्वर यादव का पुत्र अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी, उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस को सोमवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी के आरा-जमीरा मार्ग में स्थित स्टेशनरी दुकानदार अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू द्वारा दुकान के आड़ में मादक पदार्थ रखकर दुकान में बेचा जा रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत टाउन थाना पुलिस द्वारा दंडाधिकारी गुड्डू कुमार सिंह (मतस्य विकास पदाधिकारी) की प्रतिनियुक्ति में आरा-जमीरा रोड स्थित स्टेशनरी के दुकान में छापेमारी की गयी। इस दौरान दुकान से 71 ग्राम गांजा, 5,907 नगद एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। इसके पश्चात पुलिस ने अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू के विरुद्ध टाउन थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस उसके नेटवर्क के बारे में भी खंगाल रही है। वहीं पुलिस के अनुसार अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह पूर्व में टाउन थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट मामले में आरोपित रहा है और जेल भी जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने 'नशामुक्त बिहार अभियान' का किया शुभारंभ

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के सभागार से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा मंगलवार को पटना स्थित अधिवेशन भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ह्यनशामुक्त बिहार अभियान-2026ह्न का शुभारंभ किया गया। स्वस्थ समाज तथा सशक्त एवं समृद्ध बिहार के निर्माण के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस राज्यव्यापी अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा (भा.प्र.से.), कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रो० शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, उपाधीक्षक यातायात, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। रकार्यक्रम के दौरान नशामुक्त बिहार अभियान के उद्देश्यों, नशे के दुष्प्रभावों तथा समाज में नशामुक्ति के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में नशामुक्ति विषय पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसके माध्यम से नशीले एवं मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार तथा सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। लघु फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे की प्रवृत्ति न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि पारिवारिक सुख-शांति, सामाजिक समरसता तथा समाज के समग्र विकास में भी बाधक बनती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों एवं पदाधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही, नशा-मुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने, अपने परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों एवं संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा सरकार द्वारा नशीले पदार्थों से संबंधित बनाए गए सभी कानूनों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करने का संकल्प लिया गया। सभी ने जीवन में स्वस्थ एवं सकारात्मक मूल्यों को अपनाने, समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक नशा-मुक्त जीवन का संदेश पहुंचाने तथा जागरूक, सशक्त एवं नशा-मुक्त बिहार के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में नशामुक्ति विषय पर आधारित एक लघु फिल्म का किया गया प्रदर्शन

हेरोइन तस्करी में परिवार के साथ रिश्तेदार भी राजदार, मां-बेटे और बहनोई सहित चार गिरफ्तार

तस्कर के पास से एक किलोग्राम हेरोइन और 40 तोले की सोने की चेन बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो के पास से बबुरा गांव निवासी तस्कर बीर बहादुर सिंह उर्फ बहादुर पासवान की गिरफ्तारी से हेरोइन तस्कर के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। बीर बहादुर पासवान की तस्करी की सिंडिकेट में उसकी मां, पत्नी, दो भाई और बहनोई सहित दस लोग राजदार हैं। पत्नी हेरोइन की खेप लाने और मां पुलिस से बचाने में मदद करती है। दोनों भाई और बहनोई तस्करी के पैसे छुपाने का काम करते हैं। इस मामले में बीर बहादुर पासवान उर्फ बहादुर पासवान, उसकी मां फूदेना देवी और बहनोई कमलेश पासवान के अलावे नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी संदीप पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। कमलेश पासवान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घेंघटा गांव निवासी है। बीर बहादुर पासवान की निशानदेही पर उसकी मां, बहनोई और संदीप पासवान को गिरफ्तार किया गया है। बीर बहादुर पासवान के पास से एक किलो 35 हेरोइन के साथ 40.36 तोले की सोने की चेन और हेरोइन में मिलाने वाला एक लीटर रसायनिक पदार्थ बरामद किया गया है। कमलेश पासवान के घर से हेरोइन तस्करी से कमाये गये दो लाख 98 हजार रुपए भी जब्त किए गए हैं। बीर बहादुर पासवान के पास से बरामद सोने की चेन तस्करी के पैसे से खरीदी गयी है।पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी से यह जानकारी मिली है। नवादा थाने के दारोगा सचिन कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में बबुरा गांव निवासी बीर बहादुर पासवान, उसकी मां फुदेना देवी, पत्नी आशा देवी, भाई अजय पासवान उर्फ कलक्टर पासवान, पवन पासवान, बहनोई कमलेश पासवान के अलावे नगर थाने के गौसगंज निवासी संदीप पासवान, छठू पासवान और बादू पासवान को नामजद किया गया है। इनमें बादू पासवान और छठू पासवान सगे भाई हैं। दो अज्ञात मोबाइल धारक को भी आरोपित किया गया है। पुलिस बीर बहादुर पासवान की पत्नी और भाईयों सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर हर ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित को मिली सूचना के बाद नवादा थाना और डीआईयू की टीम द्वारा सोमवार को बहिरो सूर्य मंदिर के पास छापेमारी कर बबुरा गांव निवासी बीर बहादुर पासवान उर्फ बहादुर पासवान को एक किलो 35 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

घेघटा गांव निवासी बहनोई के घर से हेरोइन तस्करी से कमाये गये 2 लाख 98 हजार रुपए जब्त

सहयोग शिविर में अलग-अलग विभागों के पडे कुल 250 आवेदन



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को पीरो प्रखंड के छवरही जंगल महाल, जितौरा जंगल महाल व जमुआंव पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित इन शिविरों में काफी संख्या में लोग अपनी समस्या के निदान के लिए पहुंचे थे। इस दौरान इन शिविरों मेंअलग-अलग विभागों से संबंधित कुल 250 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। छवरही जंगल महाल पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मुखिया फूल कुमारी देवी की देखरेख में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों को अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया। यहां आयोजित सहयोग शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दाखिल खारिज, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र के अलावे कृषि, शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली सहित कई अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश मौर्य, प्रखंड परियोजना प्रबंधक दीपक प्रकाश राम दिहल सिंह यादव, कुमारी अर्पणा सिन्हा, महाप्रबंधक निखिल कश्यप, आमोद राय, जिला परिवहन पदाधिकारी अमित कुमार, नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी शंभू भारद्वाज सहित कई अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

टेम्पू से अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोईलवर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक टेंपो से 169.2 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया। शराब की खेप वाहन की सीट के नीचे बनाए गए गुप्त तहखाने में छिपाकर रखी गई थी। बरामदगी के बाद पुलिस शराब तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुट गई है। गिरफ्तार चालक की पहचान पटना जिले के पोस्टल पार्क सब्जी मंडी, वार्ड नंबर आठ निवासी विजय प्रसाद के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने टेंपो संख्या ठत01च07411 को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार, कोईलवर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक टेंपो में छिपाकर अवैध अंग्रेजी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध टेंपो को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर सीट के नीचे बने गुप्त तहखाने से शराब की बड़ी खेप बरामद हुई। तलाशी के दौरान 180 एमएल के 08 पीएम व्हिस्की



के 710 पीस और आफ्टर डार्क ब्लू व्हिस्की के 230 पीस मिले। इस तरह कुल 940 बोतलों में 169.2 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार सुमन कुमार का शराब से जुड़े मामले में पूर्व का रिकॉर्ड भी रहा है। वह वर्ष 2024 में उत्पाद अधिनियम के एक मामले में जेल जा चुका है।

पीएनबी द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गीधा इंडस्ट्रियल एरिया में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुँचाना था। इस आउटरिच कार्यक्रम में कुल 89 ऋण लीड प्राप्त हुईं, जिसकी अनुमानित राशि 47.19 करोड़ रही, जिनमें रु. 7.03 करोड़ की 21 लीड की स्वीकृति दे दी गई है। इस अवसर पर मंडल के उप मंडल प्रमुख श्री शक्ति कुमार एवं मंडल के विपणन अधिकारीगण, गीधा शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के पश्चात एमएसएमई क्षेत्र एक मजबूत स्तम्भ के रूप में कार्य करता है और हमारा बैंक कठनाई मुक्त ऋण सुविधा, कार्यशील पूंजी, डिजिटल बैंकिंग प्रदान कर एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बना रहा है। पीएनबी का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के जीवन में विश्वास, सुविधा और समृद्धि का सहभागी बनना है। कार्यक्रम के दौरान चयनित ग्राहकों को विभिन्न एमएसएमई ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना गया। पीएनबी, आरा मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

डीएम एवं एसपी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुगम यातायात के लिए दिए निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के अनुपालन तथा आमजन के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा परिवहन एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय से नियमित वाहन जाँच अभियान चलाने तथा तेज गति एवं गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन परिचालन, वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निदेश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा दुर्घटना संभावित स्थलों एवं चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार करने, संकेतक एवं परावर्तक लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों से उत्पन्न जोखिमों को दूर करने तथा प्रमुख चैक-चैराहों पर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं गलत ढंग से यू-टर्न लेने के कारण उत्पन्न जाम की समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभागों के समन्वय से कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया।जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा संबंधित पदाधिकारियों को पीड़ित परिवारों के मुआवजा संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने के निदेश दिए गए। साथ ही वाहन चालकों के प्रशिक्षण, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, नगर आयुक्त, नगर निगम आरा, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा (सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा) कि ली शपथ

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-26 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पीएनबी, मंडल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मंडल कार्यालय आरा में सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख उत्पल कुमार, उप मंडल प्रमुख शक्ति कुमार तथा मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान मंडल प्रमुख श्री कुमार के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ (सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा) ली। शपथ के माध्यम से सभी ने अपने कार्यों में ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त सोमवार को वॉकथॉन का आयोजन कर सतर्कता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत अगामी 29 अक्टूबर को सरकारी विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच उपहार वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीएनबी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता, नैतिक आचरण, पारदर्शी बैंकिंग व्यवस्था एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक का उद्देश्य कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के बीच सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करना है।

संक्षिप्त खबरें

आज से 5 नवंबर तक ओल्ड डीएमसीएच फीडर सहित कई फीडरों की बिजली रहेगी बाधित

दरभंगा (एनएसबी)। दिनांक 28 अक्टूबर,2026 से 05 नवंबर,2026 तक "गावर एजेंसी" के द्वारा लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिस कारण से 33 केवी ओल्ड डीएमसीएच फीडर की लाइन रात्रि 2 बजे से 6 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी, जिसके कारण 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर की लाइन बाधित रहेगी। ऑल्टरनेटिव सोर्स से 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर एवं 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, डीएमसीएच से निकलने वाली फीडर न० 2 एवं फीडर न० 6 को 30-30 मिनट के रोटेशन पर विद्युत बहाल किया जाएगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - मोगलपुरा, नाका नं - 5, भटियारीसराय, दोनार, मिश्रटोला, मदारपुर, साहसूपन, फैजुल्लाह खान, पुरानी मुन्सफी, नीम चौक, बाजिदपुर, किलाघाट, मुफ्ती मोहल्ला, भगवानदास जे पी चौक, बैंकर्स कॉलोनी रहमगंज, यूसुफगंज, मिल्लत कॉलेज, करम गंज, बीबी पाकर, नाका न०- 6, गायत्री मंदिर, महराजगंज, इमामबाड़ा, पुरानी मच्छहत्ता आदि है।

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए के जीत पर जाले विधायक जीवेश कुमार की भूमिका चर्चा में

जाले (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह की जीत पर जाले विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीवेश कुमार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस जीत को एनडीए की एकजुटता, कार्यकताओं की मेहनत और शिक्षकों के विश्वास से जोड़कर देखा जा रहा है।तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधायक जीवेश कुमार को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस जिम्मेदारी के तहत उन्होंने क्षेत्र में सैकड़ों बैठकों में भाग लेकर, कार्यकताओं के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया और चुनावी अभियान को गति देने के लिए दिन-रात मेहनत की। उनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर बैठकें कर जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया। चुनाव के दौरान विधायक श्री जीवेश कुमार की सक्रियता, कार्यकताओं के साथ संवाद और लगातार क्षेत्रीय संपर्क अभियान का हिस्सा रहे। विधायक जीवेश कुमार ने नरेंद्र सिंह को बधाई देते हुए सभी कार्यकताओं एवं समर्थकों के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से पूर्व मुखिया की बाइक चोरी

बेनीपुर (एनएसबी)। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से मंगलवार को अंटौर मोतीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया की बाइक चोर लेकर फरार हो गया। पीड़ित अंटौर मोतीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया अंटौर निवासी अनिल कुमार झा ने बताया कि वह अपनी पत्नी को डॉक्टर से इलाज कराने के लिए बाइक से अनुमंडलीय अस्पताल आए थे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल परिसर में लगाकर पत्नी को डॉक्टर से इलाज कराने गए। इलाज कराकर जब वापस आए तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने पर भी कहीं पता नहीं चला।घटना को लेकर पीड़ित पूर्व मुखिया अनिल कुमार झा ने बहेड़ा थाना में आवेदन दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने पूछने पर बताया कि आवेदन मिला है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राहकों के रुपये की हेराफेरी के आरोपी के घर चस्पा इश्तेहार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी गांव निवासी राजेश कुमार पासवान के घर सिमरी थाना की पुलिस ने इश्तेहार चस्पाया है। यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राहकों के खातों से कथित अवैध निकासी और राशि जमा किए बिना रसीद जारी करने के मामले में फरार है। इस मामले में सिमरी थाना मे 2025 मे एफआईआर दर्ज है। संबंधित राशि का कुल मूल्य 16 लाख 64 हजार रुपये बताया गया है। मामले में समवृद्धि इन्क्लूसिव ग्रोथ नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ टीम सुपरवाइजर अमर चौधरी ने सिमरी थाने में आवेदन देकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। शिकायत के अनुसार, आरोपित बिना पूर्व सूचना के ग्राहक सेवा केंद्र बंद कर फरार हो गया था। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार पूर्व मुखिया घायल

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर कंसी-शोभन के बीच मंगलवार की शाम कंटेनर की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार भरुली पंचायत के कोरा निवासी पूर्व मुखिया रामनाथ सहनी बताया गया है। उसे इलाज के लिए डीएमसीएच ले जाया गया। बताया गया है कि वह बाइक से दरभंगा स्थित अपने डेरा जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे 10 चक्का कंटेनर ने टक्कर मार दी। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि कंटेनर और चालक पुलिस अभिरक्षा में हैं। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

जमीनी विवाद में दो गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में

जाले (एनएसबी)। कमतौल थाना कांड संख्या 166/26 के दो प्राथमिक अभियुक्त क्षेत्र के बाजितपुर मंगरथु निवासी आदित्य कुमार एवं शिवम कुमार को कांड के अनुसंधानक अ नि सुभाष प्रसाद ने गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संदर्भ में पुलिस निरीक्षक सह कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि बीते 7 जून, 2026 को आपसी बटवारा विवाद को लेकर रामू साह,भोला साह,आदित्य कुमार,विजय शर्मा,शिवम कुमार सहित दस नामजदों ने बादनी पक्ष को रास्ते घेर कर पति नरेश साह,भैंसुर उमेश साह एवं देवर रमेश साह पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह जख्मी करते जेब से रकम एवं मोबाइल फोन छीन लेने की एक प्राथमिकी अगमकुआ थाना फर्द बयान द्वारा नरेश साह की पत्नी प्रमिला देवी कमतौल थाना में दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि बहुत शीघ्र सभी नामजदों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी कर ली जाएगी ।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शिक्षक और स्नातक निर्वाचन चुनाव की मतगणना जारी

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रथम वरीयता वोट में जनसुरज रहा आगे

दरभंगा (एनएसबी)। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन चुनाव को लेकर लहेरियासराय के खेल मैदान स्थित खेल भवन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य निर्धारित समय पर शुरू हुआ। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना के प्रथम राउंड द्वितीय एवं तृतीय राउंड में जनसुराज के उम्मीदवार सुरेश प्रसाद राय को सबसे अधिक 2574 मत प्राप्त हुए। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर मदन मोहन झा को 2187, रामदेव राय को 1498, जदयू प्रत्याशी घनश्याम राय को 812, कुमार राउत को 126, शंभू नाथ ठाकुर को 48, अरुण कुमार झा 60, निक्की झा को 2, भुवनेश्वर राम को 103, शमशाद अली को 21, शिवनारायण प्रसाद को 22, संतोष कुमार ईश्वर को 19, सुल्तान अहमद को 23 मत प्राप्त हुए।

कुल 7753 मतदाता के वोट गिरे थे। जिसमें 258 वोट इनवैलिड हो गए। इस तरह 7495 वोट की गिनती हुई। प्रथम वरीयता से चुनाव जीतने के लिए 3749 मतों की जरूरत पड़ी। लेकिन किसी प्रत्याशी ने यह जादुई आंकड़ा पार नहीं कर सके। फिर द्वितीय वरियता मतों की गिनती शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक मतों की गिनती जारी थी। मुख्य मुकाबला जनसूराज प्रत्याशी सुरेश प्रसाद राय और कांग्रेस प्रत्याशी निवर्तमान विधान पार्षद डॉ मदन मोहन झा के बीच होना तय हो गया था। जबकि जदयू सहित अन्य दलों के प्रत्याशी रेस से लगभग बाहर हो गए थे। इसके कारण कई प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान केंद्र से वापस जा चुके थे। इस दौरान जीत हार को लेकर जनसुराज और कांग्रेस के समर्थकों के बीच मतगणना केंद्र के बाहर बहस भी हुई। जिलाधिकारी कौशल कुमार एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारी मतगणना केंद्र पर मौजूद रहे। इधर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना संध्या 5:30 बजे के बाद शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक मतों की गिनती जारी थी। शिक्षक निर्वाचन के परिणाम तो मंगलवार की देर रात तक आने की उम्मीद थी जबकि स्नातक निर्वाचन का परिणाम बुधवार को आने की संभावना व्यक्त की गई।



मतगणना केंद्र पर जिलाधिकारी व अन्य।



मतगणना केंद्र पर मौजूद लोग।

शराब तस्कर व नशेड़ी के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थानाक्षेत्र के नगर पंचायत सिंहवाड़ा में शराबियों एवं शराब तस्करों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने नशेड़ियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत सिंहवाड़ा में आयोजित चौपाल में कई निर्णय के साथ ग्रामीणों ने धरना दिया। नशेड़ियों को पकड़ कर बौंड भरवाने एवं आर्थिक जुमार्ना करने पर भी ग्रामीणों ने सहमति जताई।

■ शराबियों व तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर दिया धरना

ग्रामीणों का कहना था कि नशेड़ियों से परेशान परिवार में पत्नी पति को, पिता पुत्र को, भाई भाई को नशे की हालत में जेल भिजवा रहा है। फिर भी नशेड़ियों के उत्पात में कमी नहीं हो रही है। जागरूक युवाओं और ग्रामीणों का कहना था कि शराबबंदी के बाबजूद गली-मोहल्लों में शराब की खरीद-बिक्री चल रही। शराब की होम डिलीवरी से नशेड़ियों की सुविधा और बढ़ गई है। नशे में गिरफ्तार नशेड़ी जेल से लौटने के बाद फिर वही हरकत कर रहे हैं। मोहल्ले में देर रात तक हंगामा होता है, जिससे आम लोगों की शांति और सुरक्षा प्रभावित होती है।प्रदर्शनकारियों ने शराब तस्करो पर सख्ती से रोक लगाने और हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुख्य पार्षद प्रेम भगत ने नशेड़ियों पर नकेल कसने की कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर उपमुख्य पार्षद दीपू सिन्हा, कटासा पंचायत के मुखिया रमेश भगत सहित कई पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।



सिंहवाड़ा नगर पंचायत में धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

अलीगढ़ के रामलीला मैदान में 29 नवंबर को होगा महाराजाधिराज सर कामेश्वर सिंह की जयंती समारोह

उत्तर प्रदेश मैथिल ब्राह्मण महासभा करेगा आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। मैथिल ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मिथिला नरेश, संविधान सभा के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद महाराजाधिराज सर डॉ. कामेश्वर सिंह की 119वी जयंती पर भव्य समारोह 29 नवंबर को रामलीला मैदान अलीगढ़ में आयोजित होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि राज दरभंगा कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रानी कविता सिंह होंगे।

मैथिल ब्राह्मण महासभा, उत्तर प्रदेश ने इस कार्यक्रम को लेकर उनसे आग्रह किया है कि वे अपनी उपस्थिति से समारोह को यादगार बनाएं। इधर राज दरभंगा कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह ने इस आमंत्रण परसमारोह में शामिल होंने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान, अचलताल, जी.टी. रोड, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में होना, मिथिला-बिहार वासियों के लिए हर्ष का विषय है। महाराजाधिराज सर कामेश्वर सिंह का जीवन दानशीलता, शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति एवं सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण का गौरवशाली प्रतीक रहा है। दरभंगा राज परिवार द्वारा भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक विरासत तथा अनेक शैक्षिक एवं सामाजिक संस्थाओं के संरक्षण में दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। इस महान विरासत को नमन करने तथा समाज में सेवा, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से यह जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इसके आयोजक मैथिल ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री विजय प्रकाश वत्स एवं पूरी महासभा टीम को कार्यक्रम के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी है।



जानकारी देते कुमार कपिलेश्वर सिंह।

बेनीपुर डिग्री कॉलेज में 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन

बेनीपुर (एनएसबी)। सब डिविजनल गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, बेनीपुर के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा मंगलवार को "गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना तथा मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना रहा।

इस अवसर पर प्रथम सेमेस्टर के नवागत विद्यार्थियों का स्वागत तृतीय सेमेस्टर एवं अन्य वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगोली, भक्ति गीत, वाद-विवाद एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो संजय कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम के समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना, उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।मंच संचालन एवं सचिव की भूमिका का निर्वहन डॉ. राजन कुमार गुप्त ने किया। विद्यार्थियों की ओर से मंच संचालन स्नेहा तथा नंदिनी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक डॉ. पल्लवी राज द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

वैश्विक मंच पर बिहार का मान बढ़ाने के लिए संजय झा को बधाई : सुशील चौधरी

बेनीपुर (एनएसबी)। जद (यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा द्वारा वैश्विक मंच पर बिहार का प्रतिनिधित्व किए जाने पर जद (यू) विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सुशील कुमार चौधरी ने हार्दिक बधाई दी है।श्री चौधरी ने कहा कि यह पूरे बिहार और मिथिला के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। श्री संजय झा जी ने वैश्विक मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन, न्याय के साथ विकास मॉडल और मिथिला-मैथिली की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जिस प्रभावशाली ढंग से रखा है, उससे विश्व पटल पर बिहार की सकारात्मक छवि और मजबूत हुई है।उन्होंने कहा कि संजय झा जी ने मिथिला क्षेत्र की दो सबसे बड़ी मांगों - दरभंगा में एम्स की स्थापना और कोसी-मिथिला क्षेत्र को बाढ़ की त्रासदी से स्थायी निजात दिलाने के लिए भारत-नेपाल वार्ता - के लिए जो प्रयास किए हैं, वह ऐतिहासिक है।

ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक



बच्चों को जानकारी देते शिक्षकगण।

दरभंगा (एनएसबी)। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 27 अक्टूबर, 2026 को ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल, रुहेलागंज, कादिराबाद, दरभंगा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा बाल शोषण और बाल अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, पॉक्सो अधिनियम, 2012, बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 तथा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी और अन्य प्रकार के शोषण से बचने तथा ऐसी परिस्थितियों में उचित सहायता प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी असुरक्षित परिस्थिति में चुप न रहने तथा विश्वसनीय व जिम्मेदार व्यक्तियों से सहायता लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान जागरूकता से संबंधित आई ई सी सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में दरभंगा की पैनल अधिवक्ता मांडवी कुमारी ने बच्चों को आवश्यक कानूनी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि हर बच्चे को सुरक्षित बचपन, शिक्षा, सम्मान और भयमुक्त वातावरण मिलना चाहिए।

एल एंड टी में डीसीई के दो छात्रों का चयन, 6.57 लाख का होगा पैकेज

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय (डीसीई), दरभंगा के दो छात्रों का चयन बहुराष्ट्रीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो में हुआ है। चयनित होकर दोनों ने अपने संस्थान और मिथिलांचल का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के अग्नि प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा विभाग के सत्र 2023झ27 के छात्र बालराज रत्ना एवं हेमंत कुमार का चयन कंपनी में 6.57 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर हुआ है।विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी में छात्रों का चयन संस्थान की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दशार्ता है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) चंदन कुमार ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और तकनीकी दक्षता के बल पर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी पहचान बना रहे हैं। संस्थान का लक्ष्य प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करना है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी विवेकानंद झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों का एल एंड टी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में चयन संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

दरभंगा में 5 नवंबर को ऐतिहासिक होगी भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा : डा. गोपाल जी ठाकुर

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पद यात्रा में दरभंगा में 5 नवंबर को 10 हजार भाजपा कार्यकर्ताओं की होगी विशाल भागीदारी

दरभंगा (एनएसबी)। 5 नवंबर को दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रस्तावित ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्ल पदयात्रा की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक बलभद्रपुर लहेरियासराय स्थित संसदीय कार्यालय में स्थानीय जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना तथा महामंत्री सुजीत मल्लिक के संचालन में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में पदयात्रा के आयोजन, रूट चार्ट की रूपरेखा, जनसंपर्क तथा कार्यकताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पदयात्रा को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों तक पदयात्रा का उद्देश्य पहुंचाने तथा संगठनात्मक स्तर पर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।बैठक में सांसद डा ठाकुर ने कार्यकताओं उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जनसंवाद आवश्यक है। ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्ल पदयात्रा के माध्यम से पार्टी अपनी विचारधारा और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। पद यात्रा की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि पदयात्रा की तैयारियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के द्वारा समाज में अराजकता का वातावरण बनाने की साजिश रची जा रही है जिससे लोकतंत्र की साख को खतरा उत्पन्न होने लगा है जिससे रोकने के भाजपा पदयात्रा के माध्यम से समाज के बीच अपना संदेश स्थापित करेगी।

बैठक में विधान पार्षद तथा पूर्व मंत्री हरि सहनी जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा स्थानीय जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना,पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह संतोष पोद्दार , ज्योतिष्कृष्ण झा लवली राहुल पासवान राहुल कर्ण संतोष सिंह मीरा देवी रमाकांत मुन्ना प्रमोद चौधरी संगीत साह मौजूद रहे।



सांसद का स्वागत करते लोग।

संक्षिप्त खबरें

कोकिला चौक पर टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर, दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।

बिस्फी (एनएसबी)। जीरो माइल से बैंगरा कोठी जाने वाली मुख्य सड़क पर सोमवार को कोकिला चौक के समीप टेंपो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, औंसी जीरो माइल की ओर से जा रहे एक टेंपो को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही बिस्फी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अविनाश कुमार को मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद थाना के अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना की जानकारी लेते हुए मामले की छानबीन की। अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल दुर्घटना को लेकर किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

26 नवंबर तक चलेगा नशा मुक्ति का विशेष अभियान बीईओ बसंत कुमार सिंह



शपथ लेते शिक्षक एवं छात्र-छात्रा।

बिस्फी (एनएसबी)। नशा मुक्ति अभियान को गति प्रदान करने और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों मे मंगलवार को विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को शपथ दिलाया गया.बीईओ बसंत कुमार सिंह ने कहा कि कहा कि नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अभियान में जनभागीदारी आवश्यक है. इसके लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है. ताकि आम नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके. यह अभियान 26 नवंबर तक चलाया जाएगा. छात्र-छात्राओं ने नशा हटाओ, जीवन बचाओ और स्वस्थ समाज अपनाएंगे, शराब को दूर भगाएंगे जैसे गगनभेदी नारे भी लगाये वही प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा, शत्रुघ्न राय, हरिशंकर प्रसाद दास, अशोक साफी, जयंत चौधरी, कमोद साफी, डॉ विनोद कुमार झा, राजेश रंजन, हेमंत कुमार मिश्रा, मीनाक्षी कुमारी, ललिता देवी, विभा कुमारी, डॉ कौशलेंद्र कुमार सिंह, महेश प्रसाद शाह ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य का नाश करता है. बल्कि पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है. एक स्वस्थ और शिक्षित समाज के निर्माण के लिए मद्य निषेध अत्यंत आवश्यक है.

संदिग्ध कफ सिरप एवं कपड़े जब्त, दो नेपाली नागरिक पकड़े गए

जयनगर (एनएसबी)। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों एवं तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को अग्रगामी अड़तालीस वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर की ह्यउह्ल समवाय, पिपरौन के जवानों ने विशिष्ट आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संदिग्ध कफ सिरप, कपड़े एवं मोबाइल फोन जब्त किए तथा दो नेपाली नागरिकों को पकड़ा।

कार्रवाई के दौरान पुलिस वाहन पर पथराव,

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 26 अक्टूबर की संध्या बासोपट्टी थाना के गस्ती टीम को ग्राम बुंदेलखंड में एक दुकानदार द्वारा देशी शराब की बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकान पर विधिवत छापेमारी की गई, जहाँ से शराब बरामद कर 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस गश्ती वाहन में ले जाने के दौरान लगभग 25-30 व्यक्ति मौके पर एकत्रित हो गए एवं पुलिस टीम के साथ हाथापाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को छुड़ा ले गए तथा पुलिस वाहन पर पत्थरबाजी करने लगें जिससे पुलिस गश्ती वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना प्राप्त होते हीं थानाध्यक्ष, बासोपट्टी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जानकारी ली गई। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर घटना में संलिप्त कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 11 पुरुष एवं 01 महिला शामिल हैं। इस संबंध में बासोपट्टी थाना कांड संख्या-361/26, दिनांक-26.10.2026 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। विधि-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

बोहरर हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने दबोचा

हरलाखी के दुर्गापट्टी वार्ड नंबर-14 का रहने वाला है आरोपी तेज नारायण महतो, प्रेम प्रसंग में हत्या की बात स्वीकारने का दावा

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने खिरहर थाना परिसर में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि खिरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोहरर गांव में 7 जुलाई 2025 को हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी तेज नारायण महतो उर्फ तेज, पिता महेश महतो, को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापट्टी गांव के वार्ड नंबर-14 का निवासी बताया गया है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की।



गिरफ्तारी की जानकारी देते डीएसपी अमित कुमार।

डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि घटना में पिंकी देवी की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतका के पति उदय साह की पत्नी पिंकी देवी के साथ कथित अवैध संबंधों को लेकर विवाद की बात सामने आई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मृतका के पति समेत अन्य संदिग्धों से पूछताछ की। उन्होंने बताया है कि

जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी पिंकी देवी के मोबाइल नंबर का सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) प्राप्त किया गया। इसके विश्लेषण में एक संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आया, जो तेज नारायण महतो के नाम से जुड़ा पाया गया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन की जांच की तो 7 जुलाई को घटना के समय संबंधित मोबाइल की लोकेशन सेमहली क्षेत्र में मिली। इसके बाद 8 जुलाई को रात करीब 12 बजे से 1:30 बजे के बीच बोहरर और जिरौल क्षेत्र में मोबाइल की लोकेशन मिलने तथा दोनों नंबरों के बीच बातचीत के साक्ष्य के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने पिंकी देवी के साथ करीब चार वर्षों से प्रेम प्रसंग होने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि इसी संबंध को लेकर पिंकी देवी के ससुराल आने-जाने पर रोक-टोक होती थी। डीएसपी के अनुसार, घटना वाली रात पिंकी देवी को मायके से बोहरर स्थित घर लाया गया था। आरोप है कि बाद में उसे घर के दूसरे कमरे में ले जाकर उसके पुत्र कृष्ण कन्हैया से अलग कर दिया गया और तेज नारायण महतो के साथ मिलकर उसकी गला काटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी के वहां से चले जाने की बात भी सामने आई है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हत्याकांड में अन्य लोगों की संलिप्तता और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

ट्रक की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



घटनास्थल पर भीड़।

जयनगर (एनएसबी)। मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वाटरवेज चौक के समीप एक सड़क हादसे में करीब 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत ट्रक की टक्कर लगने से हुई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, घटना के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल बना हुआ है।बताया जा रहा है कि एक ट्रक की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, घटना किस परिस्थिति में हुई और ट्रक किस दिशा से आ रहा था, इस संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। मृतक की पहचान को लेकर भी फिलहाल स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। पुलिस की ओर से घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के माध्यम से आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। मृतक की पहचान और दुर्घटना के अन्य पहलुओं के बारे में आधिकारिक पुष्टि होने के बाद ही घटना की पूरी जानकारी स्पष्ट हो सकेगी।

छापेमारी कर चोरी की एक पल्सर बाइक बरामद की



जानकारी डिटेक्शन।

फुलपरास (एनएसबी)। मधुबनी के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गंभीर कांडों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलपरास थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की एक पल्सर बाइक बरामद की है।

इस मामले में दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया, जबकि चोरी की घटना में संलिप्तता और फर्जी नंबर प्लेट लगाने के आरोप में दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 अक्टूबर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलपरास के नेतृत्व में फुलपरास थाना कांड संख्या 373/26 में चोरी गई पल्सर बाइक की बरामदगी के लिए बहुअरवा गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की और मामले में दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया। पूछताछ के क्रम में चोरी की घटना में संलिप्तता और बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाने के आरोप में दो अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया।

27 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलेगा नशा मुक्त बिहार अभियान, गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचेगा जागरूकता का संदेश



शपथ दिलाते एडीएम मुकेश रंजन।

मधुबनी (एनएसबी)। नशा मुक्त बिहार के निर्माण तथा आम लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक माह तक चलने वाले विशेष नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा पटना से किया गया। राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया। इस अवसर पर मधुबनी जिले में स्थानीय महिला कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के साथ अपर समाहर्ता (राजस्व), अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, उत्पाद अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग शामिल हुए।

27 अक्टूबर से 26 नवंबर 2026 तक चलेगा अभियान

नशा मुक्त बिहार अभियान 27 अक्टूबर से 26 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशा मुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई। शपथ में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने, दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, नशीले पदार्थों से संबंधित कानूनों एवं नियमों का पालन करने तथा जागरूक, सशक्त और नशा मुक्त बिहार के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प शामिल रहा।

गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचेगा नशा मुक्ति का संदेश

अभियान के तहत नशा मुक्ति के संदेश को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। जनभागीदारी के माध्यम से इसे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके लिए सभी नगर निकायों, आईसीडीएस, जीविका, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग सहित संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं फ्लैक्स लगाए जाएंगे। जीविका दीदियों तथा आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के माध्यम से घर-घर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। विद्यालयों एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं, महिलाओं तथा समुदाय के अन्य सदस्यों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने डे-वाइज वर्क प्लान तैयार करने का दिया निर्देश

जिलाधिकारी ने अभियान के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक कार्यक्रम एवं गतिविधि का दिवसवार कार्ययोजना (डे-वाइज वर्क प्लान) तैयार करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य सभी कार्यक्रमों के आयोजन में एकरूपता बनाए रखने के साथ उन्हें सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं प्रभावशाली स्वरूप प्रदान करना है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अभियान के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करें। कार्यक्रमों के आयोजन, विभागीय समन्वय, जनभागीदारी तथा जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य, परिवार एवं समाज पर पड़ता है नशे का प्रतिकूल प्रभाव

नशे का सेवन व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने के साथ सामाजिक संबंधों एवं सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा नशे से दूर रहने के लिए लोगों को प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से आम लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देने, विशेषकर युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा परिवार एवं समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा।

नशे से संबंधित सूचना के लिए हेल्पलाइन /टाल फ्री नंबर जारी

जिले में नशीले पदार्थों से संबंधित सूचना देने के लिए एंटी नारकोटिक हेल्पलाइन नंबर 90316 26043 जारी किया गया है। इस नंबर पर मैसेज के माध्यम से सूचना दी जा सकती है, जिसके आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टोल-फ्री नंबर 15545 एवं 18003456268 भी उपलब्ध हैं।

स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की पहल, जिलेभर में नदी-तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई



सफाई करते लोग।

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, मधुबनी के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में आम नागरिकों, युवाओं एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के स्वच्छता कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। जनसहभागिता, सामूहिक प्रयास और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता ने अभियान को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

अभियान के तहत नदियों, तालाबों, अन्य जलस्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की गई। स्वच्छता के इस सामूहिक प्रयास में युवाओं की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से देखने को मिली। लोगों ने न केवल स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया, बल्कि अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा जलस्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। आम नागरिकों और स्वच्छता कर्मियों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता की दिशा में जनभागीदारी ही स्थायी बदलाव का आधार है। जिला गंगा समिति नमामि गंगे, मधुबनी द्वारा संचालित यह विशेष अभियान नदियों की निर्मलता, जलस्रोतों के संरक्षण और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। अभियान के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इससे जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि स्वच्छ नदियां, स्वच्छ जलस्रोत और स्वच्छ सार्वजनिक स्थल स्वस्थ समाज एवं सुरक्षित पर्यावरण की आधारशिला हैं। इनका संरक्षण केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि युवाओं, आम नागरिकों और स्वच्छता कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को नई ऊर्जा मिल रही है। जनसहभागिता के माध्यम से ही स्वच्छता के प्रयासों को स्थायी और प्रभावी बनाया जा सकता है।

बेनीपट्टी में 13 से 15 फरवरी 2027 तक होगा अंतरराष्ट्रीय कृषि, शिक्षा व स्वास्थ्य महोत्सव

35 से अधिक देशों के कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ होंगे शामिल, कई राज्यपाल, मंत्री और कुलपति भी करेंगे शिरकत

बेनीपट्टी (मधुबनी) (एनएसबी)। बेनीपट्टी क्षेत्र के चानपुरा बसैठ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में 13, 14 और 15 फरवरी 2027 को अंतरराष्ट्रीय कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य महोत्सव सह मेगा एग्री एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कृषि वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों सहित 35 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन एसके चौधरी शिक्षा न्यास की ओर से किया जा रहा है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा एमएसएमई मंत्रालय का भी इसमें सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम में कई राज्यपाल, केंद्रीय एवं राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, कुलपति, प्रतिकुलपति, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे।



जानकारी देते डॉक्टर एस के चौधरी।

कृषि विज्ञान केंद्र चानपुरा बसैठ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने बताया कि इस महोत्सव में बेलारूस, नीदरलैंड, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, लिथुआनिया, नेपाल, मास्को, रूस, तातारस्तान और सेंट पीटर्सबर्ग सहित तीन दर्जन से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनके अलावा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ और अधिकारी भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में राजेंद्र केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय तथा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य शिक्षाविदों की भागीदारी भी प्रस्तावित है। मधुबनी के जिलाधिकारी, एसएसपी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। महोत्सव के दौरान कृषि की आधुनिक तकनीकों, कृषि प्रदर्शनी, कृषि गोष्ठी, स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इससे किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, नई तकनीकों और वैज्ञानिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। वहीं, स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र चिकित्सा संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

डॉ. चौधरी ने बताया कि संस्थान की स्थापना वर्ष 1994 में हुई थी और वर्ष 1997 में इसे जगतगुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इसके बाद से कृषि एवं कल्याण मंत्रालय का सहयोग मिलता रहा है। पिछले तीन दशकों से संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 से अंतरराष्ट्रीय कृषि गोष्ठी, किसान सम्मेलन, नेत्र परीक्षण एवं नेत्र चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी महोत्सव का उद्देश्य कृषि, शिक्षा और

तिरहुत शिक्षक सीट पर भाजपा के नरेंद्र प्रसाद सिंह ने मारी बाजी

निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय भूषण झा को 594 मतों से किया पराजित, तीसरे नंबर पर रहे सिटिंग विधान पार्षद संजय कुमार सिंह

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। तिरहुत शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन की मंगलवार की सुबह से शुरू हुई मतगणना शाम लगभग 6 बजे संपन्न हो गया। इसके साथ हीं तिरहुत शिक्षक विधान परिषद सीट पर भाजपा के नरेंद्र प्रसाद सिंह ने जीत हासिल की। उन्होंने निर्दलीय भूषण झा को 594 मतों से पराजित किया।

एलिमिनेशन राउंड की मतगणना के बाद तिरहुत शिक्षक विधान परिषद की सीट पर भाजपा के एनडीए समर्थित प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह को कुल 2,945 वोट मिले, जबकि निर्दलीय भूषण झा ने 2,351 वोट प्राप्त किया। नरेंद्र प्रसाद सिंह 594 वोटों के अंतर से



विजयी प्रत्याशी नरेंद्र प्र सिंह को प्रमाण पत्र देते प्रमंडलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।



मतगणना केंद्र पर बुके देकर नरेंद्र प्र सिंह को जीत की बधाई देने पहुँचे पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा व अन्य नेतागण।

आगे रहे। वही सीपीआई के महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार एवं सिटिंग विधान पार्षद संजय कुमार सिंह कुल 1967 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। यहां बताते चलें कि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना के दौरान कई राउंड तक उम्मीदवारों के बीच मुकाबला जारी रहा। अंतिम गणना में नरेंद्र प्रताप सिंह ने निर्दलीय भूषण झा को पीछे छोड़ दिया। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों के बीच तिरहुत शिक्षक सीट का परिणाम सामने आया है, जिसमें भाजपा के नरेंद्र प्रसाद सिंह 594 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी निर्दलीय भूषण झा को पराजित कर निर्वाचित हुए। शाम 7 बजे इसकी आधिकारिक घोषणा की गई तथा तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया।

उधर, भाजपा के एनडीए समर्थित प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत की खबर फैलते ही भाजपा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई। एमआईटी स्थित मतगणना केंद्र पर परिणाम आने के इंतजार में रुके भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओ मे तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की अंतिम चक्र की मतगणना में नरेंद्र प्रसाद की जीत की खबर मिलते हीं खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी के हर्षित नेताओं और कार्यकताओं ने अपने विजयी प्रत्याशी को गोद में उठा लिया और जिंदाबाद का नारा लगाते हुए अपनी खुशी का इजहार करने लगे। वही सैंकड़ो नेता, कार्यकर्ता और हित शुभचिंतको ने नव निर्वाचित नरेंद्र प्रसाद सिंह को फूलो की माला से लाद दिया। मौके पर पहुँचे पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने उन्हें बुके देकर जीत की बधाई दी। इस दौरान भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, प्रदेश भाजपा नेता राजेश वर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद, प्रदेश मिडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सहित दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर केंद्रीय कारा की जमीन पर खुलेगा इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप, 50 बंदियों को मिलेगा रोजगार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा की जमीन पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) का पेट्रोल पंप खोला जाएगा। इसके लिए पुरानी बाजार नाका और बाद में मिठनपुरा थाना के रूप में इस्तेमाल किए गए परिसर को चिह्नित किया गया है। अगले तीन से चार महीनों में यहां निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। पेट्रोल पंप के निर्माण पर तीन से पांच करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना से जेल प्रशासन की आमदनी बढ़ने के साथ बंदियों को रोजगार मिलने की भी उम्मीद है। जमीन चिह्नित होने के बाद केंद्रीय कारा के अधीक्षक यूसुफ रिजवान ने मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार को पत्र लिखकर पुराने थाना परिसर में रखे जब्त वाहनों और अन्य सामान को जल्द हटाने का निर्देश दिया है, ताकि निर्माण कार्य शुरू करने में कोई बाधा नहीं आए। परिसर खाली होने के बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की इंजीनियरिंग और प्रबंधन से जुड़ी तकनीकी टीम स्थल का निरीक्षण करेगी। राज्य सरकार के निर्देश पर मुजफ्फरपुर समेत प्रदेश की चार केंद्रीय काराओं की जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने की योजना है। इसके तहत मुजफ्फरपुर और पूर्णिया में इंडियन ऑयल की ओर से पेट्रोल पंप खोले जाने हैं। प्रत्येक पेट्रोल पंप के लिए लगभग 1,225 वर्ग फुट जमीन की आवश्यकता निर्धारित की गई है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। इस परियोजना की खास बात यह है कि पेट्रोल पंप के संचालन में बंदियों को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। कारा पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट संचालन नियमावली के तहत चार पारियों में न्यूनतम 50 कर्मियों की आवश्यकता होगी। जेल प्रशासन के अनुसार, पेट्रोल पंप पर उन्हीं बंदियों को काम करने का अवसर दिया जाएगा, जिनका आचरण और व्यवहार अच्छा रहा हो तथा जिनकी सजा की अवधि लगभग पूरी होने वाली हो। इससे बंदियों को पारिश्रमिक मिलने के साथ समाज की मुख्यधारा में लौटने में मदद मिलने की उम्मीद है। पेट्रोल और डीजल की बिक्री से होने वाली आय पर जेल प्रशासन को कमीशन मिलेगा, जो सीधे संबंधित जेल प्रशासन के खाते में जमा होगा। जेल अधिकारियों के अनुसार, औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अगले तीन से चार महीनों में पेट्रोल पंप चालू करने का लक्ष्य है। भविष्य में परिसर में सीएनजी पंप स्थापित करने की योजना भी है, जिससे लोगों को पेट्रोल, डीजल के साथ सीएनजी की सुविधा मिल सकेगी।

प्रो नरेंद्र प्रसाद सिंह की ऐतिहासिक जीत पीएम और सीएम के विकासवादी नेतृत्व पर मुहर : सुरेश शर्मा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार प्रो नरेंद्र प्रसाद सिंह की शानदार जीत पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि यह जीत शिक्षक समुदाय के विश्वास, एनडीए कार्यकताओं की अथक मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विकासवादी नेतृत्व पर मुहर है। साथ हीं प्रो नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत शिक्षकों के हक, सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जीत है। श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं और शिक्षकों ने एनडीए पर जो भरोसा जताया है, हम सभी मिलकर उस पर खरा उतरेंगे। इस जीत से तिरहुत में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। इस जीत के लिए सुरेश कुमार शर्मा ने एनडीए के सभी कर्मठ कार्यकताओं, शिक्षक बंधुओं, अभिभावकों और समर्थकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर प्रो नरेंद्र प्रसाद सिंह उसका निदान कराएंगे, शिक्षकों के सुख दुख में साथ खडे होंगे, यह मेरा विश्वास है। जिस तरह से तिरहुत क्षेत्र के शिक्षकों ने हम पर पूर्ण भरोसा कर अपना मत दिया है, इस पूर्ण समर्थन के लिए तिरहुत क्षेत्र के सभी शिक्षक बन्धुओ को हम हृदय की गहराईयो से साधुवाद देते है। मौके पर बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, हरि मोहन चौधरी, राजेश वर्मा, डॉ मोनालिसा, सहकारिता के शंभू प्रसाद सिंह, मनोज तिवारी, मुकेश शर्मा, सुरेश कुमार, रविशंकर कुशवाहा आदि शामिल है।



जीत की बधाई देते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा।

उत्तर बिहार में 29 से 31 अक्टूबर तक बारिश और वज्रपात की संभावना, सतर्क रहने की सलाह

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। उत्तर बिहार में 29 से 31 अक्टूबर के दौरान मौसम में बदलाव के साथ कई स्थानों पर गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ जिलों में 30 और 31 अक्टूबर को मध्यम से भारी बारिश भी हो सकती है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान में किसानों को सतर्क रहने और फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गई है।

मौसम बुलेटिन संख्या 82 के अनुसार, 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र तथा चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से उत्तर बिहार के मौसम में बदलाव की संभावना है। इस दौरान आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रह सकते हैं। समस्तीपुर, सिवान, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, वैशाली, गोपालगंज तथा पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिलों के कई स्थानों पर 30 और 31 अक्टूबर को मध्यम से भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 29 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 65 प्रतिशत रह सकती है। हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। मौसम के प्रतिकूल रहने की आशंका को देखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि कटाई किए गए धान और खरीफ मक्का को सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी उपज को तिरपाल से ढकें और भंडारण से पहले अनाज को अच्छी तरह सुखा लें। धान की कटाई फिलहाल स्थगित रखने और खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करने को कहा गया है। खरीफ मक्का की कटाई के बाद उपज को तुरंत खेत से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखें। वहीं, रबी मक्का, सरसों और आलू जैसी फसलों की बुवाई मौसम अनुकूल होने तक टालने की सलाह दी गई है।

विजय जुलुस के शक्ल मे बदली विजयी प्रत्याशी की मंदिर यात्रा

कहा : यह जीत मेरी नहीं बल्कि पार्टी के कार्यकर्ताओ, मुझपर भरोसा करने वाले शिक्षकों, मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री की जीत

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह ने एमएलसी चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद प्रेस मिडिया से बात करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि मुझपर भरोसा करने वाले हजारों शिक्षकों, पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ के साथ साथ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की जीत है। इसके बाद डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह बाबा गरीबनाथ धाम में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनकी मंदिर यात्रा विजय जुलूस में तब्दील हो गई।

खुले जीप में निकले विजय जुलूस में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, प्रदेश कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. राजेश वर्मा, भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति महिला मोर्चा की सदस्य डॉ. ममता रानी,



मंदिर यात्रा के दौरान जीत का जश्न मनाते भाजपा के लोग।



बाबा गरीबनाथ की पूजा अर्चना करते विजयी प्रत्याशी एवं भाजपा के नेतागण।

भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, जिला मंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा एवं आशीष पिंटू सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर पहुंचने पर मंदिर के पुजारी वैद्यनाथ पाठक ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपनी जीत का प्रमाण पत्र बाबा गरीबनाथ को अर्पित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने इस जीत को शिक्षकों के विश्वास और एनडीए की एकजुटता का प्रतीक बताया। डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपनी जीत का श्रेय मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर के शिक्षकों तथा एनडीए के सभी कार्यकताओं को देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों की सफलता बताया। मौके पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने डॉ सिँह को जीत की बधाई दी और विश्वास जताया कि डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शिक्षक समुदाय की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा और उनके हितों के लिए प्रभावी पहल की जाएगी

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन



प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताते कांग्रेस के लोग।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान से छत्तीसगढ़ के विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जुलूस निकाला। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सरैयागंज टावर चौक पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर पार्टी के लोगों ने विरोध जताया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग दिल्ली में बैठे-बैठे ऐप के माध्यम से बीएलओ की सहमति के बिना मतदाताओं के वोट डिलीट कर प्रजातंत्र को हाईजैक कर रहा है। कांग्रेस मुजफ्फरपुर पूर्वी के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि प्रजातंत्र में जनता का वोट ही सरकार को जनता के हित में काम करने के लिए मजबूर करता है। यदि मतदाताओं के मताधिकार पर हमला होगा, तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होगी। वहीं मुजफ्फरपुर पश्चिमी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस लड़ाई को सड़क पर तब तक जारी रखेगा, जब तक कथित वोट चोरी के लिए जिम्मेदार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते। वही नेताओं ने कहा कि नेता राहुल गांधी के आह्वान पर मुजफ्फरपुर के दोनों जिला क्षेत्रों से लगभग 1,200 कांग्रेस कार्यकर्ता एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब गांवों की ओर रुख करेगी और हर घर तक पहुंचकर जनता के बीच वोट चोरी के मुद्दे पर चर्चा करेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, सकरा के पूर्व प्रत्याशी उमेश कुमार राम, प्रदेश पर्यवेक्षक दीनानाथ गुप्ता, सह-पर्यवेक्षक मुकेश मिश्रा, राजीव कुमार, महिला जिलाध्यक्ष जुही प्रीतम, सुरेश शर्मा नीरज सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसआईआर के जरिए वोट चोरी कर लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक जारी रहेगी लड़ाई : राघवेन्द्र



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सह छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। एसआईआर को वोट चोरी का हथियार बनाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। कांग्रेस जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पद से इस्तीफा देने की मांग पूरी नहीं होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। कांग्रेस कानूनी तरीके से और सड़क से संसद तक इस लड़ाई को लड़ेगी।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ के विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राघवेन्द्र सिंह ने कांग्रेस कार्यालय, तिलक मैदान में मुजफ्फरपुर पूर्वी एवं मुजफ्फरपुर पश्चिमी के जिलाध्यक्ष क्रमशः अरविंद कुमार मुकुल एवं कृपाशंकर शाही की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। इस दौरान राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने महादेवपुरा मॉडल के जरिए वोट चोरी का खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के दो सह-आयुक्तों ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त पर आरोप लगाकर इस मामले को गंभीर बना दिया है। उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर बाहरी लोगों की शिकायतों पर बिना बीएलओ की सहमति के मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिहार और बंगाल में मतदाता सूची से जितने नाम काटे गए, उससे कम मतों के अंतर से जीत हासिल कर दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनी है। कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाएगी। पार्टी इस मुद्दे पर कानूनी लड़ाई लड़ रही है और इसे सड़क से सदन तक जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

बाढ़ प्रभावित खेतों और मत्स्य प्रक्षेत्रों से बालू-गाद हटाने के लिए मांगी जाएगी राशि

मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग ने 22 जिलों के डीएम को लिखा पत्र

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार में वर्ष 2026 के दौरान गंगा, सोन, गंडक, कोसी सहित अन्य नदियों में आई बाढ़ से प्रभावित कृषि योग्य भूमि और मत्स्य प्रक्षेत्रों में जमा बालू, रेत एवं गाद को हटाने के लिए सहायता राशि की मांग की जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में राज्य के 22 जिलों के जिला पदाधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश दिया है। विभाग की ओर से पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा, अरवल, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सुपौल और सहरसा के जिलाधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। निर्देश के अनुसार संबंधित जिलों में बाढ़ प्रभावित कृषि योग्य भूमि और मत्स्य प्रक्षेत्रों का स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद वहां जमा बालू, रेत एवं गाद की मात्रा का आकलन किया जाएगा।

मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिला कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती और आंदोलन की बनी रणनीति

वोटर लिस्ट से कटे नामों की सूची तैयार करेगी कांग्रेस पार्टी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिलक मैदान स्थित पूर्वी जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पश्चिमी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृपा शंकर शाही की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह ने प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने का आव्हान किया।

इस दौरान मुजफ्फरपुर पश्चिमी कांग्रेस कार्यकर्ताओ को एक महीने तक कार्यान्वित कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसके तहत मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम काटे गए हैं, उनकी सूची तैयार करने, गांव गांव जाकर चौपाल लगाने तथा आम लोगों से संवाद स्थापित करने की रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही धरना-प्रदर्शन के माध्यम से संबंधित मुद्दों को उठाने पर भी



बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह।

चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र सिंह ने आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन में मुजफ्फरपुर जिले से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वोट चोरी कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सभी लोगों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा। उन्होंने कार्यकताओं से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों को आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में संगठन विस्तार, प्रखंड एवं मंडल स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को पार्टी के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल करने पर बल दिया गया। नेताओं ने कार्यकताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लोगों के बीच पहुंचने और उनकी

गांव-गांव लगेगी चौपाल, कार्यकर्ताओं को एक महीने का दिया गया टास्क, लोगों के घर घर जाकर उन्हें पार्टी से जोड़ने पर दिया जोर

समस्याओं को समझने की अपील की। जिला प्रभारी डॉ. कपिलदेव प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड और मंडल स्तर पर कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद करें और मतदाता सूची से नाम कटने से संबंधित मामलों की जानकारी जुटाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से निर्धारित एक महीने के कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क, चौपाल और आंदोलन की तैयारियों को गति दी जाएगी। साथ ही 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकताओं को जुटने की जरूरत है।

पश्चिमी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अगले एक महीने तक कार्यकताओं को निर्धारित जिम्मेदारियों के तहत क्षेत्र में सक्रिय रहना होगा। मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनकी जानकारी जुटाकर सूची तैयार की जाएगी, ताकि इस मुद्दे को उचित मंच पर उठाया जा सके। बैठक में सुरेश शर्मा नीरज, सुनील गुप्ता, विधु कांत मिश्रा, राम किशोर सिंह, आलोक शर्मा, सुशील शाही, मोहन पासवान, जिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुमताज अंसारी, जिला ओबीसी अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल, मो इलियास, नीरज कुमार, शशिकांत गुप्ता, मो अब्दुल्ला, रामनरेश सिंह, सुनील साहनी, रितेश झा, शिवम कुमार, अजीत कुमार, विनय, सुरेंद्र सिंह, महात्मा अनिल रफीक अंसारी, नवल किशोर शर्मा मिथलेश ठाकुर सहित पश्चिमी जिला कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

केसीसीधारी 4 हजार किसानों का 40 करोड़ का ऋण माफ

किसानों के हर तरह के ऋण पाने का रास्ता खुला

बैंक अधिकारी तथा किसानों की रीगा किसान भवन में संयुक्त सभा

बैंक आफ इंडिया के बोर्ड आफ डायरेक्टर ने किया राईट ऑफ : जोनल मैनेजर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। चौदह वर्षों से 40 करोड के फर्जी ऋणजाल में फंसे रीगा चीनी मिल से जुडे 4 हजार गन्ना किसानों को संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के संघर्ष तथा पहल से बैंक आफ इंडिया के केसीसी ऋण से मुक्ति मिली तथा बैंक से सभी प्रकार के ऋण पाने का रास्ता खुला। रीगा किसान भवन में केसीसीधारी किसानों तथा बैंक आफ इंडिया के जोनल अधिकारियों की संयुक्त सभा की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा नेता डा. आनंद किशोर ने ऋण जाल के पूरे घटनाक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि ऋण राईट औफ होने के साथ किसानों के खाते का सिविल स्कोर ठीक कराने सहित फ्रेश केसीसी तथा अन्य ऋण देने की घोषणा के साथ किसानों को नो ड्यूज दिया जाए। मोर्चा के पहल पर बैंक के सभी अधिकारी रीगा पंहुचे थे।

बैंक आफ इंडिया के जोनल मैनेजर शैलेन्द्र प्रसाद ने रीगा किसान भवन में केसीसीधारी किसानों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की मांगों पर दो वर्षों के प्रयास से 4 हजार किसानों के 40 करोड ऋणों को बैंक के बोर्ड आफ डायरेक्टर ने राईट औफ कर दिया है। सभी शाखाओं में राइटऔफ की प्रक्रिया शुरू है। सिविल पर बैंकआफ इंडिया का सीधा नियंत्रण नही है परन्तु बैंक आफ इंडिया की पहल पर सिविल शीघ्र ठीक हो जायगा जैसे जैसे आवेदन आता जायगा सिविल विभागको भेजते जायेंगे। बैंक शाखा सौ-सौ लोगों को बुलाकर उनका आधार तथा मोबाईल देखकर सारी प्रक्रिया पूरी करेगा।



सभा में मंचासीन किसान प्रतिनिधि, बैंक आफ इंडिया के अधिकारी व अन्य।

बैंक के उप जोनल मैनेजर लक्ष्मेश्वर ठाकुर ने कहा अब किसानों का ऋण समाप्त हो गया। बैंक आधार कार्ड लेकर तुरंत फाइनेंस करेगा। रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश के आलोक में जमीन के रसीद पर 50 हजार, एलपीसी पर दो लाख तथा मौरगेज कर 2 लाख से अधिक का ऋण, केसीसी, हाउसिंग सहित सभी तरह का ऋण देगा। शीघ्र सिविल ठीक कराया जायगा फिर सभी बैंको का रास्ता खुल जायेगा। वैसे बैंक आफ इंडिया द्वारा ऋण प्रक्रिया शुरू होने का लाभ अन्य बैंको में भी मिलेगा।

किसानों की सभा में बैंक के क्षेत्रीय मुख्य प्रबंधक नरेन्द्र कुमार, पूर्व बैंक प्रबंधक विक्रांत कुमार, रीगा बैंक प्रबंधक मनोज रवि ने भी किसानों को हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया।

रीगा चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न भागों से आये किसानों की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी जयेन्द्र प्रसाद सिंह, मोर्चा के जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, जिला सचिव अश्विनी मिश्र, राजेश कुमार सिंह, सत्यम सिंह, शशिधर शर्मा, प्रेमचन्द्र सिंह, रामजनम गिरी, कौशल किशोर सिंह, हरिकिशोर सिंह, राम पुकार साह, धनंजय सिंह, मधुसूदन सिंह, भूपेंद्र महतो, महेन्द्र महतो, रणधीर यादव, संजीब कुमार चौधरी, चंचल कुमार सिंह, नरेन्द्र यादव, चन्देश्वर महतो, मनोज कुमार सिंह, अंजनी कुमार सिंह, नीतिन सिंह, कौशल किशोर राय, बिलट महतो, परशुराम महतो सहित दर्जनों किसानों ने अपना सवाल बैंक अधिकारी के समक्ष रखा जिसका जोनल अधिकारियों ने जबाब दिया। किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार सिंह बागी ने किया।

शिक्षक साथियों के समर्थन पर भूषण कुमार झा ने जताया आभार

सातवें वेतनमान की उम्मीद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रत्याशी भूषण कुमार झा ने शिक्षक साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्थन और विश्वास को अपने लिए महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में शिक्षकों का निर्णय उनके लिए शिरोधार्य है। शिक्षक समुदाय के साथियों के सहयोग और विश्वास के लिए वह सदैव आभारी रहेंगे।



भूषण कुमार झा ने अपने संदेश में कहा कि चुनाव में साथ देने वाले सभी कार्यकर्ता साथियों और शिक्षकों के प्रति वह कृतज्ञ हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सुख-दुख की हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ खड़े रहने का प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षकों के हितों और अधिकारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

अपने संदेश में उन्होंने शिक्षा मंत्री द्वारा किए गए वादे का उल्लेख करते हुए उम्मीद जताई कि सभी श्रेणी के शिक्षकों को जल्द ही सातवें वेतनमान का लाभ मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल होगी और उनके हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूषण कुमार झा ने शिक्षक समुदाय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शिक्षकों का विश्वास और सहयोग उनके लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

संक्षिप्त खबरें

तेजस्वी यादव आज आएंगे सीतामढ़ी, मरहूम हाजी मो. शफीक खां को करेंगे खिराज-ए-अकीदत

मेहसौल कब्रिस्तान में देंगे श्रद्धांजलि, फिर आवास पर पहुंचेंगे

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव बुधवार को सीतामढ़ी आएंगे। अपने दौरे के दौरान वह मरहूम हाजी मो. शफीक खां को खिराज-ए-अकीदत पेश करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मरहूम हाजी मो. शफीक खां के पुत्र एवं राजद के जिला प्रधान महासचिव मो. जलालुद्दीन खां ने बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव के बुधवार को दिन के करीब 12 बजे सीतामढ़ी पहुंचने का कार्यक्रम है। सबसे पहले वह मेहसौल कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूम हाजी मो. शफीक खां की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मेहसौल चौक स्थित उनके आवास पर पहुंचेंगे। तेजस्वी प्रसाद यादव के सीतामढ़ी आगमन को लेकर राजद कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के बीच कार्यक्रम की चर्चा है।

मदरसा भवन निर्माण और शिक्षकों की बहाली को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले मदरसा बोर्ड अध्यक्ष

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष सलीम परवेज ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बिहार के मदरसों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, विशेषकर मदरसों में भवन निर्माण और शिक्षकों की बहाली को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुलाकात में मदरसा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, शैक्षणिक आधारभूत संरचना के विकास तथा शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। मुलाकात के बाद सलीम परवेज ने उम्मीद जताई कि नवंबर माह में महत्वपूर्ण विषयों के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल हो सकती है। यदि इन विषयों पर सकारात्मक निर्णय होता है, तो इससे मदरसों में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और शिक्षकों की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।



शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते मदरसा बोर्ड अध्यक्ष।

वैष्णो देवी मंदिर में 80 जरूरतमंदों को कराया भोजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार, 27 अक्टूबर को माह के अंतिम मंगलवार के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। मंदिर सदस्यों, उपस्थित श्रद्धालुओं और लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों ने जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर माता रानी को पूरी, आलू-गोभी की रसेदार सब्जी और खीर का भोग लगाया गया। लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल की ओर से अपने रिलीविंग हंगर प्रोजेक्ट के तहत मंदिर अतिथि गृह में दो पालियों में 80 जरूरतमंदों को पंगत में बैठाकर श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। सेवा कार्यक्रम में लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्य एवं मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, लायन राजीव रंजन, भाजपा नेता एवं सेवा मंडल के महासचिव राजीव कुमार राजा, सेवा मंडल के सचिव अमित कुमार रवि, सदस्य एवं दवावाला बीजवाला के प्रोपराइटर सुजय कुमार पप्पू तथा समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।



नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत पर भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एनडीए पिछली बार की तुलना में अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने जा रहा है। वहीं, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए ने बैलेट के जरिए भी जीत हासिल की है। इधर, पूर्व लोक अभियोजक एवं भाजपा नेता विमल शुक्ला ने श्री सिंह के निर्वाचित होने पर सीतामढ़ी की धरती से बधाई दी। भाजपा नेताओं ने इस जीत को शिक्षकों के विश्वास और समर्थन का परिणाम बताते हुए शिक्षक मतदाताओं एवं एनडीए कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

मुजफ्फरपुर में 27 से 31 तक ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

दरभंगा मोड़ से संगम घाट तक सुरक्षा के विशेष इंतजाम

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दरभंगा मोड़ से संगम घाट तक एनएचएआई के कार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया है। 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक इस मार्ग पर बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की जाएगी। प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग के साथ सड़क किनारे अनधिकृत रूप से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ चालान काटने की कार्रवाई भी होगी। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार, सुधा डेयरी से एसकेएमसीएच मोड़ तक आठ मीडियन कट को आवश्यकता के अनुसार खोला या बंद किया जाएगा। यहां डिवाइडर कोन और रस्सी लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रहे। एनएचएआई के परियोजना निदेशक को शनि मंदिर और दरभंगा मोड़ के पास हाईवे लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शनि मंदिर चौक के दोनों ओर बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट लगाए जाएंगे। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी और जिला परिवहन पदाधिकारी के समन्वय से आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया है।

कांग्रेस पर्यवेक्षक जयसिंह अग्रवाल पहुंचे सीतामढ़ी, वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान का हुआ शुभारम्भ

महारैली सीतामढ़ी से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

1 नवंबर को दिल्ली चलने का आह्वान

सीतामढ़ी (एनएसबी)। कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को सीतामढ़ी जिला के गांवों, पंचायतों एवं खेत खलिहानों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे।

अभियान के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के मताधिकार की रक्षा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने मतदाता सूची में पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा को लेकर बूथ स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में जनता के मताधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। पार्टी के सभी वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से अभियान को प्राथमिकता देने की अपील की।

बैठक में जिला प्रभारी डॉ. गौरव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. अफाक खां , सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, आफताब अंजुम बिहारी, मनोज कुमार सिंह, रामू मिश्रा, ताराकांत झा, संपूणानंद झा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार, ऋतु ठाकुर सहित प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में जनसंपर्क अभियान तेज करने और दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली में जिला से अधिकाधिक कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मौके पर प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, विपिन झा, मोहम्मद नौशाद, शैलेन्द्र खिरहर, डॉ. धीरज मिश्रा, धीरज सिंह, दिलीप पांडे, हरिदास, सिकंदर हयात खान, जैनेन्द्र कुमार राम, सुभाष यादव, सोहन प्रसाद, सोहन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, राम प्रवेश राय, राजेश राय, जिवेंद्र झा, बदरे आलम, मनोज झा, सुंदरम पाठक, अरुण कुमार, सत्येंद्र सिंह, दिलीप चौधरी, सुशील कुमार, एनएसयूआई नेता सक्षम कुमार, इरशाद खान कैप्टन, अजय कुमार मिश्र, अख्तर रजा खान, वीरेंद्र कुशवाहा, सुप्रिया कुमारी, श्याम दास, देवेंद्र साह, उमेश प्रसाद सिंह, वेदांशु सिंह, मोबस्सिर खान, सद्दाम हुसैन, नसीरुल हसन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस पर्यवेक्षक का स्वागत करते कांग्रेस जन।



बैठक को सम्बोधित करते कांग्रेस पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व अन्य।

सुदर्शन चक्रधारी मंदिर का शिलान्यास

मेजरगंज/ सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत बसबिट्टा के शिव मंदिर प्रांगण में भव्य सुदर्शन चक्रधारी मंदिर का शिलान्यास किया गया ' इस अवसर पर सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। नेपाल बॉर्डर के सटे होने के कारण नेपाल शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए साथ खड़े रहने का दिया भरोसा काफी दर्शनार्थियों के बीच खुशी की लहर फैल गई। इस क्षेत्र में पहली बार भगवान विष्णु के चक्रधारी स्वरूप में मंदिर की स्थापना हो रही है। इस परिसर में 11वीं शताब्दी में जगतगुरु शंकराचार्य ने शुकेश्वर स्थान की स्थापना की थी तब से लाखों श्रद्धालु यहां नियमित आते रहे हैं।



शिलान्यास कार्यक्रम में पुजारी व अन्य।

इस अवसर पर जय सुदर्शन आश्रम के प्रभारी रुद्रेश कुमार सिंह ने कहा कि पूरे बिहार में 11 स्थानों पर सुदर्शन चक्रधारी मंदिर की स्थापना का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को शुकेश्वर स्थान बसबिट्टा में मंदिर का शिलान्यास किया गया है। बसबिट्टा मंदिर के महंथ राजेश गिरी ने कहा कि यहां के भक्तों के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण किया जाएगा। प्रयास यह किया जाएगा कि यह मंदिर सीतामढ़ी जिला का एक दर्शनीय मंदिर बने। यह सौभाग्य की बात है कि एक ही परिसर में भगवान शुकेश्वर नाथ और चक्रधारी भगवान, विष्णु जी ,हनुमान जी एवं माता पार्वती का मंदिर बन रहा है ' यह मंदिर के शिलान्यास से उत्तर बिहार एवं नेपाल के लोगों में काफी उल्लास देखा गया है। मौके पर इस क्षेत्र के बैद्यनाथ सिंह, त्रिभुवन मिश्रा, मनी भूषण, अरुण सिंह, रौशन कुमार सहित सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने पटना से किया नशा मुक्त बिहार अभियान का औपचारिक शुभारंभ

सीतामढ़ी जिला ऑनलाइन माध्यम से हुआ शामिल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मंगलवार को अधिवेशन भवन, पटना से मद्यनिषेध के अंतर्गत ह्यनशा मुक्त बिहार अभियानह्ल का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम से बिहार के सभी जिले ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इसी क्रम में सीतामढ़ी जिला भी उक्त कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुआ। सीतामढ़ी जिले में यह कार्यक्रम एमपी हाई स्कूल में आयोजित हुआ जिसमें पुलिस अधीक्षक अमित रंजन एवं उप विकास आयुक्त श्वेता भारती की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सभी जिलों के प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शपथ के माध्यम से सभी ने किसी भी प्रकार के नशीले अथवा मादक पदार्थ का किसी भी रूप में और किसी भी उद्देश्य से सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान नशीले पदार्थों से संबंधित सरकार द्वारा निर्धारित सभी कानूनों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा जीवन में सदैव स्वस्थ एवं सकारात्मक मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती ने कहा कि नशा मुक्त बिहार अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार की खुशहाली और समाज के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि एक स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त बिहार का निर्माण किया जा सके।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कहा कि नशामुक्त बिहार के निर्माण में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा इससे जुड़े कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहयोग और जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की जानकारी पुलिस प्रशासन को दें। मौके पर उत्पाद अधीक्षक, शिक्षा विभाग सहित अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

सीतामढ़ी में प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग सपोर्ट (पीएमएस) योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

एमएसएमई के विपणन एवं बाजार पहुँच को बढ़ावा देने पर बल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा 27 अक्टूबर 2026 मंगलवार को नगर के डुमरा रोड स्थित एक होटल में प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग सपोर्ट (पीएमएस) योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ सीतामढ़ी के जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक प्रिया भारती, भीमसेन, अन्वेषक, एमएसएमई विकास कार्यालय, मुजफ्फरपुर, भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को विपणन, गुणवत्ता मानकों, निर्यात संवर्धन तथा नए बाजारों से जुड़ने के संबंध में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान पीएमएस योजना के उद्देश्यों, लाभों तथा उद्यमियों के लिए उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उद्यमियों को अपने उत्पादों की बाजार पहुँच बढ़ाने, विपणन गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ करते अतिथि व विभागीय पदाधिकारी।

कार्यशाला के दौरान महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, सीतामढ़ी द्वारा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने, अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं विपणन क्षमता को सुदृढ़ करने तथा निर्यात संवर्धन (एक्सपोर्ट प्रमोशन) की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से छोटी एवं सूक्ष्म इकाइयों को निर्यात के अवसरों का लाभ उठाने, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने तथा उपलब्ध सरकारी सहायता एवं प्रोत्साहन योजनाओं का उपयोग कर अपने व्यवसाय का विस्तार करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही, उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों, लाभों एवं उनके माध्यम से उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सत्यम कुमार, जेम पटना द्वारा सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर ऑनबोर्डिंग एवं पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उद्यमियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण करने, अपने उत्पादों एवं सेवाओं को सूचीबद्ध करने तथा सरकारी खरीद प्रक्रिया में भाग लेकर नए बाजार अवसरों का लाभ उठाने के बारे में बताया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अधिकारियों ने उत्पादों की गुणवत्ता, मानकीकरण तथा गुणवत्ता मानकों के महत्व के संबंध में जानकारी दी। वहीं, एपीडा के अधिकारियों ने निर्यात संवर्धन तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात से संबंधित संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों ने उद्यमियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स तथा निर्यात के अवसरों का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को सरकारी सहायता, पीएमएस योजना एवं सभी योजनाओं एवं आधुनिक विपणन तकनीकों तथा बाजार के नए अवसरों से अवगत कराकर उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करना था।

सम्पादकीय

बाहुबली संस्कृति का अंत जरूरी

लोकतंत्र की असली ताकत जनता का विश्वास, कानून का शासन और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही है। राजनीति का उद्देश्य समाज को भयमुक्त बनाना, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना और विकास की राह को मजबूत करना है। लेकिन जब चुनावी जीत के लिए बाहुबल, दबदबे और अपराध की पृष्ठभूमि से जुड़े चेहरों को प्राथमिकता दी जाने लगती है, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल खड़े होते हैं। ऐसे में यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि क्या चुनाव जीतना ही राजनीतिक दलों की सर्वोच्च प्राथमिकता है, या फिर स्वच्छ छवि, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए।

बिहार की राजनीति में बाहुबली संस्कृति को लेकर समय-समय पर बहस होती रही है। मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से निष्कासित किए जाने और उनकी पत्नी नीलम देवी की पार्टी सदस्यता समाप्त किए जाने के घटनाक्रम ने इस बहस को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। विधान परिषद चुनाव के दौरान पार्टी लाइन के विपरीत गतिविधियों के आरोपों के बाद पार्टी ने यह कार्रवाई की। साथ ही, अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, किसी विधायक की सदस्यता पर अंतिम निर्णय संबंधित संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार ही होता है।

जदयू का यह कदम पार्टी अनुशासन के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। लेकिन इस घटनाक्रम को केवल एक पार्टी की आंतरिक कार्रवाई तक सीमित करके देखना पर्याप्त नहीं होगा। व्यापक प्रश्न यह है कि क्या बिहार सहित देश की राजनीति में ऐसे सभी कारणों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, जो बाहुबल और आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को चुनावी राजनीति में अवसर प्रदान करते हैं

किसी राजनीतिक दल द्वारा अपने नेता या जनप्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई करना संगठनात्मक अनुशासन का हिस्सा हो सकता है। लेकिन राजनीति में स्वच्छता स्थापित करने का प्रश्न इससे कहीं बड़ा है। यदि कोई दल किसी प्रभावशाली नेता को अनुशासनहीनता के आरोप में बाहर करता है और दूसरा दल उसे अपने राजनीतिक लाभ के लिए स्वीकार कर लेता है, तो मूल समस्या जस की तस बनी रहती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति और पार्टी बदल सकते हैं, लेकिन राजनीति की कार्यशैली में अपेक्षित बदलाव नहीं आ पाता। चुनावी गणित के नाम पर प्रभावशाली चेहरों को महत्व दिया जाता है, उनके स्थानीय दबदबे को जीत की संभावना से जोड़कर देखा जाता है और फिर राजनीतिक परिस्थितियां बदलने पर उनसे दूरी बना ली जाती है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाए बिना स्वच्छ राजनीति का लक्ष्य अधूरा रहेगा। राजनीतिक दलों को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी जिम्मेदारी केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। वे लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। यदि चुनावी लाभ के लिए नैतिक मानकों से समझौता किया जाएगा, तो उसका प्रभाव केवल किसी एक दल पर नहीं, बल्कि पूरी राजनीतिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा।

स्वच्छ राजनीति की मांग करते समय एक महत्वपूर्ण बात का ध्यान रखना आवश्यक है। किसी व्यक्ति पर आरोप लगना और न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया जाना दो अलग-अलग स्थितियां हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन में किसी भी व्यक्ति को केवल आरोपों के आधार पर अपराधी घोषित नहीं किया जा सकता। प्रत्येक मामले में तथ्यों, साक्ष्यों और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान होना चाहिए। इसके साथ ही, राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी कम नहीं हो जाती। उम्मीदवारों के चयन के समय उनके विरुद्ध दर्ज गंभीर आपराधिक मामलों, आरोपों की प्रति, उपलब्ध तथ्यों और कानूनी स्थिति की गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही के मानकों को केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक जीवन में लागू किया जाना चाहिए। जहां गंभीर आपराधिक मामलों का प्रश्न हो, वहां दलों को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए कि किसी उम्मीदवार को चुनने का आधार क्या है। केवल चुनाव जीतने की संभावना किसी विवादित चयन को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती। राजनीति में नैतिक जिम्मेदारी का अर्थ यही है कि कानूनी अधिकारों का सम्मान करते हुए जनहित और सार्वजनिक विश्वास को प्राथमिकता दी जाए।

लोकतंत्र में किसी उम्मीदवार की वास्तविक शक्ति उसके समर्थकों की संख्या, जनसेवा के प्रति समर्पण, जनसमस्याओं की समझ और जनता के बीच उसकी विश्वसनीयता से निर्धारित होनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति का प्रभाव भय, दबाव या शक्ति प्रदर्शन से जुड़ा माना जाता है, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंता का विषय है। चुनाव में उम्मीदवार का चयन करते समय राजनीतिक दलों को यह देखना चाहिए कि वह क्षेत्र की समस्याओं को समझता है या नहीं, जनता के बीच उसकी स्वीकार्यता कैसी है और वह कानून तथा संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति कितना प्रतिबद्ध है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर काम करने वाले जनप्रतिनिधि ही लोकतंत्र को सार्थक बनाते हैं।

राहुल गांधी : संघर्ष, आलोचना और बदलती पहचान



राजेन्द्र रमण

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि सरकार जनता के प्रति जवाबदेह रहे और विपक्ष उसकी नीतियों, निर्णयों तथा कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता रहे। भारतीय राजनीति में राहुल गांधी एक ऐसे नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में विपक्ष की भूमिका को अपनी राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख आधार बनाया है। संसद से लेकर सड़क तक, जनसभाओं से लेकर पदयात्राओं तक, राहुल गांधी ने बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं जैसे विषयों को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाने का प्रयास किया है।

राहुल गांधी का राजनीतिक जीवन आसान नहीं रहा है। एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से आने के कारण उन्हें जहां प्रारंभिक पहचान मिली, वहीं परिवारवाद के आरोपों और राजनीतिक आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। कई चुनावी असफलताओं और नेतृत्व संबंधी सवालों के बीच उन्होंने अपनी राजनीतिक शैली में बदलाव किया। विशेष रूप से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने जनता से सीधे संवाद करने की रणनीति अपनाई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी भूमिका ने उन्हें संसदीय राजनीति में एक नई जिम्मेदारी प्रदान की।

राहुल गांधी की राजनीति को समझने के लिए केवल उनके भाषणों या चुनावी परिणामों को देखना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए उनके राजनीतिक संघर्ष, जनसंपर्क अभियानों, वैचारिक प्राथमिकताओं, संसदीय गतिविधियों और उनके सामने मौजूद चुनौतियों का विश्लेषण करना आवश्यक है।

राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को एक ऐसे परिवार में हुआ जिसका भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी भारत के प्रधानमंत्री रहे। वर्ष 2004 में राहुल गांधी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर सक्रिय संसदीय राजनीति में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और वर्ष 2017 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

उनके राजनीतिक जीवन का शुरुआती दौर अनेक चुनौतियों से भरा रहा। कांग्रेस को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 में राहुल गांधी स्वयं अमेठी से चुनाव हार गए, हालांकि उन्होंने केरल के वायनाड से जीत हासिल की। इन परिणामों के बाद उनकी नेतृत्व क्षमता और कांग्रेस की राजनीतिक रणनीति को लेकर व्यापक बहस हुई। राहुल गांधी ने 2019 की चुनावी पराजय की जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

इन घटनाओं ने उनके राजनीतिक जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ पैदा किया। उन्होंने संगठनात्मक पद के बजाय जनसंपर्क और सार्वजनिक मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना शुरू किया। बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, आर्थिक असमानता, महंगाई और सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दे उनके राजनीतिक भाषणों में लगातार प्रमुखता से सामने आने लगे।

राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में आए इस परिवर्तन को अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखा गया। उनके समर्थकों ने इसे जनता से जुड़ने और राजनीतिक संघर्ष को नई दिशा देने का प्रयास माना, जबकि आलोचकों ने सवाल उठाया कि क्या जनसंपर्क अभियानों से कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरियां दूर हो सकती हैं। यह बहस आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता केवल राष्ट्रीय नेतृत्व पर नहीं, बल्कि उसके स्थानीय संगठन, कार्यकर्ताओं और नीतिगत कार्यक्रमों पर भी निर्भर करती है।

राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा में भारत जोड़ो यात्रा एक महत्वपूर्ण पड़ाव रही। सितंबर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा जनवरी 2023 में श्रीनगर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य देश में सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और नागरिकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना था।

यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता तथा सामाजिक तनाव जैसे विषयों को सार्वजनिक चर्चाओं में उठाया।

भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की राजनीति में प्रत्यक्ष जनसंपर्क को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया। लंबे समय तक उनकी राजनीतिक छवि मुख्यतः चुनावी भाषणों और संसदीय गतिविधियों से जुड़ी रही थी, लेकिन इस यात्रा के माध्यम से उन्होंने गांवों, कस्बों और शहरों में आम नागरिकों से संवाद किया।

इसके बाद जनवरी 2024 में उन्होंने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारंभ की, जो मार्च 2024 में मुंबई में समाप्त हुई। इस यात्रा में आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक न्याय जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया।

हालांकि इन यात्राओं के राजनीतिक प्रभाव को लेकर मतभेद रहे हैं। कांग्रेस ने इन्हें जनता के साथ संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया, जबकि राजनीतिक विरोधियों ने इनके चुनावी और संगठनात्मक परिणामों पर सवाल उठाए। फिर भी इन अभियानों ने भारतीय राजनीति में पदयात्रा और प्रत्यक्ष जनसंपर्क की परंपरा को नए संदर्भ में सामने रखा।

वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी के राजनीतिक जीवन में एक महत्वपूर्ण घटना साबित हुआ। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 240 लोकसभा सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 99 सीटें प्राप्त हुईं। भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने केंद्र में सरकार बनाई। कांग्रेस की सीटों में 2019 के मुकाबले वृद्धि हुई और विपक्ष की संसदीय उपस्थिति भी बढ़ी।

इस चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान, बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों को अपने प्रचार अभियान में प्रमुखता दी। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ विभिन्न राज्यों में चुनावी सभाएं कीं। चुनाव परिणामों के बाद जून 2024 में उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली।

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में संविधान, सामाजिक न्याय, सरकारी नीतियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं से संबंधित विषयों को संसद में उठाया है। उनके भाषणों को लेकर कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी हुई है। संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक असहमति स्वाभाविक है, लेकिन इस असहमति का उद्देश्य जनता के हितों और नीतिगत निर्णयों पर सार्थक चर्चा होना चाहिए।

एक नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के सामने दोहरी जिम्मेदारी है। पहली, सरकार की नीतियों और निर्णयों की तथ्यपूर्ण समीक्षा करना, दूसरी, विपक्ष की ओर से देश के सामने व्यावहारिक और रचनात्मक विकल्प प्रस्तुत करना। यही वह आधार है जिस पर उनकी संसदीय भूमिका का मूल्यांकन किया जा सकता है।

राहुल गांधी की राजनीति में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की चर्चा विशेष महत्व रखती है। उन्होंने अपने भाषणों में संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक जवाबदेही से संबंधित प्रश्न उठाए हैं।

उनका राजनीतिक तर्क रहा है कि लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना और संस्थाओं की निष्पक्षता बनाए रखना भी है। दूसरी ओर, भाजपा नेतृत्व ने कई अवसरों पर कांग्रेस के इन आरोपों को खारिज किया है और अपनी सरकार की नीतियों तथा जनादेश का बचाव किया है। इन परस्पर विरोधी राजनीतिक दावों का मूल्यांकन तथ्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर किया जाना चाहिए।

सामाजिक न्याय राहुल गांधी की राजनीतिक प्राथमिकताओं में एक अन्य महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने जातिगत जनगणना, सामाजिक प्रतिनिधित्व और आर्थिक अवसरों की असमानता पर लगातार चर्चा की है। उनका मानना है कि विभिन्न सामाजिक समूहों की वास्तविक स्थिति से संबंधित आंकड़े उपलब्ध होने पर नीतियों का निर्माण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

जातिगत जनगणना के विषय पर देश में अलग-अलग विचार हैं। इसके समर्थक इसे सामाजिक असमानताओं को समझने का माध्यम मानते हैं, जबकि आलोचक जातिगत पहचान के आधार पर राजनीति बढ़ने की आशंका व्यक्त करते हैं। इस विषय पर संतुलित नीति निर्माण के लिए सामाजिक आंकड़ों, आर्थिक परिस्थितियों और राष्ट्रीय एकता जैसे पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है।

राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई को भी अपनी राजनीति के केंद्र में रखा है। भारत जैसे युवा आबादी वाले देश में रोजगार के अवसरों का विस्तार एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, सरकारी पदों पर भर्ती, कौशल विकास और युवाओं के भविष्य से जुड़े प्रश्नों को उन्होंने अनेक सार्वजनिक मंचों पर उठाया है।

इसके अतिरिक्त किसानों की आय, छोटे व्यापारियों की समस्याओं, आर्थिक असमानता और संपत्ति के संकेंद्रण जैसे मुद्दे भी उनके राजनीतिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। दूसरी ओर, केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था, उद्यमिता, विनिर्माण और कल्याणकारी योजनाओं को अपनी आर्थिक नीतियों की उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत करती है।

इन विभिन्न राजनीतिक दृष्टिकोणों के बीच महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक किस सीमा तक पहुंच रहा है। विपक्ष के लिए आवश्यक है कि वह समस्याओं को सामने लाने के साथ उनके समाधान के लिए स्पष्ट और व्यवहारिक नीतिगत प्रस्ताव भी प्रस्तुत करे।

राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र में संघर्ष, आलोचना, जनसंपर्क और संसदीय जिम्मेदारी के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है। वर्ष 2004 में संसदीय राजनीति में प्रवेश करने से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष बनने, चुनावी असफलताओं का सामना करने, भारत जोड़ो यात्राओं का नेतृत्व करने और वर्ष 2024 में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने तक उनकी राजनीतिक भूमिका में कई परिवर्तन आए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्कैम करने वालों की अब खैर नहीं : ट्रूकॉलर लाइट भारत में लेकर आया है सिर्फ 10 एमबी में दमदार कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकिंग फीचर्स

फेस्टिव सीजन के व्यस्त माहौल से पहले लॉन्च किया गया ट्रूकॉलर लाइट ऐसे एंड्रइड फोन के लिए बना है, जिनमें स्टोरेज और मेमोरी कम होती है। लेकिन इसमें भी वही स्कैम इंटेलिजेंस तकनीक मौजूद है, जिसने 2025 में 68 बिलियन से ज्यादा स्पैम और फ्रॉड कॉल्स की पहचान की थी

पटना (दैनिक नवसंदेश) । ट्रूकॉलर ने भारत में अपने नए ऐप, ट्रूकॉलर लाइट के लॉन्च की घोषणा की, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रइड फोन पर भी लोगों को कॉल करने वाले की पहचान जानने और अनचाहे कॉल्स को ब्लॉक करने की वही सुरक्षा देता है, जिस पर वे सबसे ज़्यादा भरोसा करते हैं। लगभग 10 एमनी का यह ऐप कुछ ही पलों में इंस्टल हो जाता है, तुरंत खुलता है और 4 जीबी तक आरएएम वाले फोन में भी बड़े आराम से चलता है।

यह लॉन्च ऐसे वक्त पर हुआ है जब भारत में लोग त्योहारों की खरीदारी में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते है, और इसी दौरान फर्जी डिलीवरी वाले कॉल्स, बेहद लुभावने ऑफर्स और केवाईसी फ्रॉड जैसे स्कैम कॉल्स अचानक बढ़ जाते हैं। लाखों लोगों के लिए उनका फोन ही पेमेंट करने, डिलीवरी लेने और अपनों से जुड़े रहने का जरिया है, लेकिन अक्सर इन फोन में स्टोरेज की कमी होती है और फिर त्योहारों के दौरान फोटो एवं वीडियो लेने और फॉरवर्ड किए गए मैसेज जमा होने के बाद फोन में स्टोरेज काफी कम रह जाती है। बहुत से यूजर्स ने ट्रूकॉलर के लाइट वर्जन वाले ऐप की माँग की थी, जिसे ध्यान में रखते हुए ट्रूकॉलर लाइट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि फोन में स्टोरेज कम होने के बावजूद आपकी सुरक्षा हमेशा बनी रहे।



ट्रूकॉलर लाइट किसी भी लिहाज से अपने मुख्य ऐप का कोई छोटा वर्जन नहीं है। यह कम मेमोरी और कम प्रोसेसिंग पावर वाले फोन के लिए नए सिरे से तैयार किया गया एक अलग, नेटिव एंड्रइड ऐप है। यह ऐप भी ट्रूकालर के उसी डेटाबेस और डिटेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल करता है और गोपनीयता के उन्हीं सख्त नियमों का पालन करता है। इसका मतलब यह है कि ट्रूकालर लाइट से मिलने वाली स्पैम और फ्रॉड कल्स से सुरक्षा बिल्कुल इसके मुख्य ऐप जितनी ही दमदार है।

ट्रूकलर लाइट में यूजर्स इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं- कॉल उठाने से पहले कॉलर आईडी की मदद से जानें कि कौन कॉल कर रहा है।

ट्रूकॉलर की ग्लोबल कम्युनिटी से मिलने वाले सिगल्स की मदद से स्पैम और फ्रॉड कॉल्स को ब्लॉक करें।

इसे अपने फोन के डायलर की तरह इस्तेमाल करें, जिसमें कॉल हिस्ट्री, कन्टैक्ट्स और नंबर सर्च की सुविधा एक ही जगह पर मिलती है।

आने वाली और जाने वाली, दोनों तरह की कॉल्स के लिए आफ्टर-कॉल स्क्रीन पर तुरंत देखें कि आपकी अभी किससे बात हुई है।

ट्रूकॉलर लाइट सिर्फ काम के फीचर्स पर ध्यान देने की वजह से बड़े आराम से चलता है। यह बहुत कम स्टोरेज लेता है, कम मेमोरी और डेटा का इस्तेमाल करता है, और फोन में स्पेस कम होने पर भी बहुत अच्छे से काम करता रहता है। ट्रूकलर लाइट में मैसेजिंग, वाइसमेल, फैमिली प्रोटेक्शन और एआई असिस्टेंट जैसे फीचर्स नहीं हैं, जिसकी वजह से यह ऐप छोटा और तेज बना रहता है।

इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, स्कैम करने वाले यह देखकर कॉल नहीं करते कि आपके पास कौन-सा फोन है, और सुरक्षा भी इस बात पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। मैंने बहुत से लोगों को पुराने या बेसिक एंड्रइड फोन में ज्यादा बड़े ऐप्स इस्तेमाल करते वक्त परेशान होते देखा है। इसके अलावा, भारत में बहुत से लोगों ने हमें बताया कि वे ट्रूकॉलर का इस्तेमाल करना चाहते हैं, लेकिन या तो उनके फोन में इसके लिए स्टोरेज की कमी थी या ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा था।

ट्रूकलर लाइट को खास तौर पर ऐसे ही फोन्स के लिए बनाया गया है : यह स्पैम और फ्रॉड कॉल्स से वैसी ही सुरक्षा देता है, लेकिन एक ऐसे छोटे ऐप के रूप में जो आसानी से फोन में आ जाता है और इतना तेज है कि आपके फोन पर कोई बोझ नहीं डालता।

उपलब्धता : ट्रूकॉलर लाइट भारत में गूगल प्ले स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। यह ऐप 4 जीबी तक आरएएम वाले एंड्रयड फोन पर भी काम करेगा। इस ऐप को अलग-अलग चरणों में जारी किया जा रहा है और आने वाले हफ्तों में यह सभी उपयुक्त डिवाइस तक पहुँच जाएगा। ट्रूकॉलर लाइट केवल एंड्रयड फोन के लिए उपलब्ध है।

ट्रूकॉलर का परिचय : ट्रूकॉलर आज दुनिया भर में 500 मिलियन से अधिक एक्टिव यूजर्स के लिए रोजमर्रा के संचार का सबसे अहम हिस्सा बन चुका है, जिसे लान्च के बाद से अब तक एक बिलियन से ज़्यादा डाउनलोड किया जा चुका है। ट्रूकलर ने केवल साल 2025 में ही 68 बिलियन स्पैम और धोखाधड़ी वाले कल्स की पहचान की। कंपनी का मुख्यालय स्टकहोम में है और यह जीएसएमए का सदस्य है तथा अक्टूबर, 2021 से नैस्डैक स्टकहोम पर सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध है।

रिटायरमेंट के बाद भी मिलेगी नियमित आमदनी

पटना (दैनिक नवसंदेश) । रिटायरमेंट के बाद हर महीने के खर्चों के लिए नियमित आमदनी जरूरी होती है। बढ़ती महँगाई के बीच ऐसी योजना भी चाहिए, जिससे तय आमदनी मिलती रहे और पैसे बढ़ने का मौका भी हो। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने नया पेंशन प्लान लान्च किया है।

आईसीआईसीआई लाइफ गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन प्लान में गारंटीशुदा एन्युटी और वेरिएबल एन्युटी, दोनों का लाभ मिलता है। गारंटीशुदा एन्युटी से नियमित आमदनी मिलती है, जबकि वेरिएबल एन्युटी निफ्टी 50 टोटल रिटर्न इंडेक्स से जुड़ी है। इससे बाजार के प्रदर्शन के आधार पर पेंशन बढ़ने की संभावना रहती है। ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक हिस्सा गारंटीशुदा आमदनी के लिए चुन सकते हैं।

आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा कि लोगों की उम्र बढ़ने के साथ रिटायरमेंट के बाद का समय भी लंबा हो रहा है। ऐसे में, बढ़ते खर्चों को देखते हुए ऐसी योजनाओं की जरूरत है, जिनसे नियमित आमदनी मिले और कमाई बढ़ने का मौका भी हो।

इस प्लान में एक व्यक्ति या दो लोगों के लिए पेंशन लेने का विकल्प है। खरीद मूल्य वापस पाने का विकल्प चुनने पर पॉलिसीधारक या अंतिम जीवित व्यक्ति की मृत्यु के बाद नमिनी को कुल चुकाए गए प्रीमियम के बराबर राशि मिलेगी।

अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर -रु39य एन्युटी एडवांस-रु39य फीचर के तहत ग्राहक अगले पाँच साल तक मिलने वाली गारंटीशुदा पेंशन का 99 प्रतिशत तक हिस्सा एकमुश्त पहले ही ले सकते हैं। पेंशन हर महीने, तीन महीने, छह महीने या साल में एक बार लेने का विकल्प भी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और सेहत से जुड़ी सेवाएँ भी मिलेंगी।

यह प्लान ग्राहकों को रिटायरमेंट के खर्चों की बेहतर तैयारी करने और भविष्य को लेकर अधिक निश्चिंत रहने में मदद करेगा। यह कंपनी के वादे -रु39य हर कल आसान-रु39य के अनुरूप है।

वाराणसी में होगा अधिवक्ता कल्याण समिति का सम्मेलन, 21-22 नवंबर को वाराणसी में जुटेंगे अधिवक्ता

पटना (दैनिक नवसंदेश) । अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव की अध्यक्षता में पटना में बैठक किया गया । इस बैठक में समिति के आयोजन की रूपरेखा सहित आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया ।

समिति के दसवें वार्षिक महासम्मेलन को भव्य रूप देने एवं सफल बनाने के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा हुई । सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समिति का द्विवार्षिक अधिवेशन 21 - 22 नवंबर को वाराणसी स्थित द बनारस बार एसोसिएशन सभागार में किया जाएगा ।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव ने कहा कि समिति की दसवीं वर्षगांठ संगठन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। महासम्मेलन को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर अधिवक्ताओं के कल्याण, न्याय व्यवस्था से जुड़े विषयों और सामाजिक सरोकारों पर सार्थक चर्चा का मंच बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने देश भर से जुड़े समिति के सदस्यों ,पदाधिकारियों से महासम्मेलन को सफल बनाने का आवाहन किया । मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा कि समिति के सभी महत्वपूर्ण कोषांग अधिवक्ता कोषांग ,न्यायाधीश कोषांग एवं न्यायार्थी कोषांग सक्रिय रूप से तैयारी हेतु जुट जाए । बैठक में समिति के केंद्रीय एवं प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

इस बैठक में समिति के पदाधिकारी इंद्रदेव प्रसाद, अरुण कुशवाहा, डा. मधुसूदन राय, ब्रजेश कुमार सिंह, नीरज कुमार, जय प्रकाश, रतन कुमार सिंह, अनिष चंद्रा, राम संदेश राय, जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, प्रेम कुमार, मंटू कुमार तथा गव्यसिद्ध डा. अश्विनी कुमार सहित लोग मौजूद रहे ।

जीकेसी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 1 नवम्बर को पटना में

पटना (दैनिक नवसंदेश) । विश्वस्तरीय कायस्थ संगठन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) की बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की आगामी बैठक की तैयारियों को लेकर पटना स्थित केंद्रीय कार्यालय रॉयल गार्डन में तैयारी बैठक आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और कायस्थ समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन की गतिविधियों की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने संगठनात्मक विस्तार के साथ शिक्षा, सामाजिक सेवा, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रभावी भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं और महिलाओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने के लिए सभी सदस्यों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

दीपक कुमार अभिषेक ने कहा कि बिहार में संगठन का विस्तार, जिला इकाइयों को सक्रिय करना और सदस्यता अभियान को गति देना प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। इसके लिए प्रदेश से लेकर जिला और स्थानीय स्तर तक बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आगामी एक नवंबर को होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की निर्मम हत्या पर गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से हत्याकांड की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

निंदा प्रस्ताव में कहा गया कि अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या जघन्य, कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है, जिसकी संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है। जीकेसी ने पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने, प्रदेश में कायस्थ समाज सहित सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की।

संगठन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जीकेसी सड़क से सदन तक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि एक नवंबर को पटना के किदवईपु

नशामुक्त बिहार के लिए एक माह चलेगा अभियान, युवाओं पर रहेगा विशेष फोकस



शपथ समारोह में मौजूद अधिकारी।

मोतिहारी (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना के अधिवेशन भवन से 'नशा मुक्त बिहार अभियान' का शुभारंभ किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम से पूर्वी चंपारण जिला भी अनलाइन जुड़ा। इस अवसर पर राजकीय पलिटेक्निक कलेज, मोतिहारी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। लोगों ने नशीले एवं मादक पदार्थो का सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में यह अभियान एक माह तक प्रभावी तरीके से चलाया जाएगा। अभियान में समाज के सभी वर्गो को जोड़ा जाएगा। नगर क्षेत्र के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और महादलित टोलों में भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं पर विशेष रूप से फोकस रहेगा। जीविका दीदियां घर-घर जाकर नशामुक्ति का संदेश देंगी और जागरूकता सामग्री का वितरण करेंगी। स्कूल-कलेजों में निबंध, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद एवं नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। छठ घाटों, पंचायतों, कोचिंग संस्थानों और प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक तथा अडियो-विजुअल माध्यमों से भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की दी गई जानकारी



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और शिक्षक।

रक्सौल (एनएसबी)। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत रक्सौल स्थित कस्तूरबा बालिका 2 उच्च विद्यालय में सोमवार को छात्राओं को बाल सुरक्षा एवं लैंगिक अपराधों से संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। 27 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के दूसरे दिन छात्राओं को च्व्ब्व् एक्ट-2012 के प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण एवं एसएसबी 47वीं वाहिनी रक्सौल के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इंस्पेक्टर नंदकिशोर तिवारी और जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने छात्राओं को बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।आरती कुमारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, व्यक्तिगत सुरक्षा और शोषण से बचाव के बारे में बताया। छात्राओं को अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर समझाते हुए असहज स्थिति उत्पन्न होने पर माता-पिता या शिक्षक को तत्काल जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, प्रयास हेल्पलाइन 9289692023 तथा जस्ट राइट्स हेल्पलाइन 18001027222 की जानकारी भी दी गई। इंस्पेक्टर नंदकिशोर तिवारी ने सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और अनजान लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अजय कुमार सहित शिक्षक एवं सैकड़ों छात्राएं मौजूद थीं।

संक्षिप्त खबरें

आपदा मित्रों का दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण संपन्न

पिपराकोठी (एनएसबी)। आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, पिपराकोठी में आपदा मित्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव, अगि सुरक्षा, सुरक्षित निकासी सहित आपात परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।सेल्सफोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन जागरूकता, पूर्व तैयारी और समय पर उचित कदम उठाकर उनसे होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अफरोज आलम ने कहा कि विद्यालय आपदा जागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। बच्चों को सरल तरीके से सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सकता है।प्रशिक्षण के दौरान आपदा मित्रों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, खोज एवं बचाव, अगि सुरक्षा, सुरक्षित निकासी, आश्रय प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया का अभ्यास कराया गया। जिला सहायक अगिशमन पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए मक ड्रिल कराई।एसडीआरएफ टीम लीडर ष्णा कुमार के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने भूकंप, बाढ़ और सर्पदंश जैसी आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले जीवन रक्षक उपायों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव तकनीक का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश ने किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा मित्रों को आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा अपने क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्षम बनाना था।

सदर अस्पताल में 58 स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया टीम बिल्डिंग का प्रशिक्षण



कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सक।

मोतिहारी(एनएसबी)। मिशन लिटी कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल मोतिहारी के चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए मंगलवार को 'पर्सनल ट्रांसफर्मेशन एवं टीम बिल्डिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम डीएचएस मीटिंग हल स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में हुआ।कार्यशाला की संयुक्त अध्यक्षता सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ड़ शरत चंद्र शर्मा एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर ठाकुर विश्वमोहन प्रसाद ने की। पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में संस्था के प्रतिनिधि नवीदुर्रहमान, मुकेश कुमार सहित टीम के सदस्यों ने भाग लिया।कार्यशाला में कुल 58 चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का केंद्रीय विषय 'सेल्फ चेंज टू सिस्टम चेंज' रहा। इसके तहत प्रतिभागियों को आत्म-परिवर्तन, स्व-प्रबंधन, टीम निर्माण और प्रभावी प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण को व्यावहारिक एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रतिभागियों को मेडिटेशन और टावर बिल्डिंग जैसी गतिविधियों में भी शामिल कराया गया। आयोजकों के अनुसार कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों में बेहतर समन्वय, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करना था।

सदर अस्पताल में छह माह में 5216 संस्थागत प्रसव, पिछले साल से 427 अधिक



सदर अस्पताल मोतिहारी।

मोतिहारी (एनएसबी)। सदर अस्पताल मोतिहारी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। अस्पताल के वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच कुल 5216 संस्थागत प्रसव कराए गए। यह संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि में हुए 4789 प्रसव की तुलना में 427 अधिक है।अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार संस्थागत प्रसव में करीब 892 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त 2026 में सबसे अधिक 1234 संस्थागत प्रसव हुए। इसके अलावा जुलाई में 977 और सितंबर में 963 प्रसव दर्ज किए गए।सिजेरियन प्रसव की संख्या में भी वृद्धि हुई है। अप्रैल से सितंबर 2025 के दौरान 755 सिजेरियन प्रसव हुए थे, जबकि इसी अवधि में 2026 में यह संख्या बढ़कर 793 हो गई। अगस्त 2026 में सर्वाधिक 182 सिजेरियन प्रसव कराए गए।अस्पताल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत भी सेवाएं दी जा रही हैं। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान 433 अंतराल नसबंदी तथा 149 प्रसवोत्तर नसबंदी की गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ सुरक्षित प्रसव और परिवार नियोजन सेवाओं को प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

तुरकौलिया में 4.95 लाख के जाली नोट बरामद, एक गिरफ्तार

तुरकौलिया (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सेमरा स्टेशन के समीप पुलिस ने छापेमारी कर करीब 495 लाख रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने जाली नोटों से भरा झोला लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि बाइक सवार एक अन्य संदिग्ध मौके से फरार हो गया।पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरा स्टेशन के आसपास जाली नोटों का कारोबार करने वाले लोग सक्रिय हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक व्यक्ति के पास मौजूद झोले की तलाशी लेने पर उसमें करीब 495 लाख रुपये के जाली नोट बरामद हुए। पुलिस ने मौके से झोला लेकर जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के जनेरवा गांव निवासी ऐनुल के रूप में हुई है। वहीं, बाइक सवार दूसरा संदिग्ध पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर जाली नोटों के स्रोत और इस कारोबार में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही फरार संदिग्ध की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद जाली नोट कहां से लाए गए थे और इन्हें कहां खपाने की योजना थी। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

लखना नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद पहचान में जुटी पुलिस

पीपराकोठी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पंडितपुर स्थित लखना नदी से मंगलवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। शव आंशिक रूप से गल चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने मंगलवार को लखना नदी में महिला का शव देखा। इसकी सूचना पीपराकोठी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकलवाकर कब्जे में लिया।शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस महिला की मौत कुछ दिन पूर्व होने की आशंका जता रही है। स्थानीय स्तर पर महिला की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने शव बरामद होने की पुष्टि की है। पुलिस महिला की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

केसरिया में वार्ड पार्षद व मुख्य पार्षद के पांच ठिकानों पर छापेमारी 3.56 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का प्रथमष्टया साक्ष्य ज्ञात आय से 124.81 प्रतिशत अधिक संपत्ति का आरोप

मोतिहारी (एनएसबी)। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (म्ब्) ने सोमवार को केसरिया नगर पंचायत के वार्ड पार्षद रजनीश कुमार पाठक उर्फ रिंकू पाठक और उनकी पत्नी व मुख्य पार्षद किरण देवी के पांच ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की। यह कार्रवाई आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या 29ध्26, दिनांक 26 अक्टूबर 2026 के तहत की जा रही है। म्ब् की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर रजनीश कुमार पाठक और उनकी पत्नी किरण देवी के विरुद्ध भ्रष्ट तरीके से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी)ध्12 के तहत कार्रवाई की गई है। विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से तलाशी अधिपत्र प्राप्त करने के बाद 27 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षकध्पुलिस उपाधीक्षक स्तर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स के सहयोग से पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी चौनपुर स्थित पैतृक आवास, केसरिया बाजार में पेट्रोल पंप के समीप निजी आवास, युवराज गैस एजेंसी के कार्यालय एवं गोदाम, नगर पंचायत के सरकारी भवन स्थित मुख्य पार्षद कार्यालय तथा पटना के दानापुर स्थित पार्क वेस्ट अपार्टमेंट के फ्लैट में चल रही है। म्ब् के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दोनों के ज्ञात आय के वैध स्रोतों से 3 करोड़ 56 लाख 65 हजार 118 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का प्रथमष्टया साक्ष्य मिला है। यह राशि उनकी ज्ञात आय से करीब 12481 प्रतिशत अधिक बताई गई है। म्ब् ने कहा है कि तलाशी की कार्रवाई पूरी होने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

छतौनी स्कूल में बच्चों को बाल संरक्षण और कानून की दी जानकारी

मोतिहारी (एनएसबी)। चाइल्ड हेल्पलाइन, पूर्वी चंपारण की ओर से मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय, छतौनी में बाल संरक्षण एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (च्व्ब्व्), 2012 को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकार, सुरक्षा और सम्मान से संबंधित जानकारी दी गई। अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को च्व्ब्व् अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की अपील की। बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, भय या दबाव में नहीं आने तथा किसी अप्रिय स्थिति की जानकारी अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को देने के संबंध में समझाया गया।विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की जानकारी मिलने पर उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर संबंधित व्यक्ति या प्राधिकार को सूचना देना जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता और कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। अभियान का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा सुरक्षित वातावरण के निर्माण को बढ़ावा देना था।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

संक्षिप्त खबरें

बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर निकली महिला से हुई छिनतई, युवक फरार, मुख्य बाजार के बस स्टैंड के समीप दिनदहाड़े वारदात


पीड़ित महिला।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड के समीप मंगलवार को एक महिला से 40 हजार रुपये छिनतई का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला शाहपुर पंचायत के हरिपुर गांव निवासी मीणा देवी हैं। घटना के बाद महिला का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, मीणा देवी मुख्य बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से 40 हजार रुपये निकालने गई थीं। बैंक में निकासी पर्ची भरने के लिए उन्होंने एक अज्ञात युवक की मदद ली। रुपये निकालने के बाद युवक महिला के साथ बस स्टैंड की ओर जाने लगा। इसी दौरान वह महिला से रुपये छीनकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने आसपास के लोगों से मदद मांगी। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की ओर से आवेदन दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

राजकीय पॉलिटेक्निक में विद्यार्थी सहयोग शिविर एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन



सहरसा शहर (एनएसबी)। राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के समाधान एवं उनके सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनना, उनके प्रभावी समाधान की दिशा में पहल करना तथा शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से अपनी शैक्षणिक समस्याओं एवं सुझावों को दर्ज कराने के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, सहरसा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि समय पर कक्षाओं का संचालन, परीक्षा एवं परीक्षाफल से संबंधित समस्याएँ, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं एवं सुधार संबंधी सुझावों को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाया जा सकता है। इसी क्रम में बिहार सरकार के नशामुक्त बिहार अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशीले एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों को नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई। नशामुक्ति अभियान के तहत आयोजित पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आपदा प्रबंधन अपर समाहर्ता मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के समाधान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। संस्थान के प्राचार्य प्रो. मिथुन कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान तथा उनके सुझावों के आधार पर शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रो ज्योतिमणि, प्रो शुभम, प्रो धर्मेंद्र, प्रो सिद्धांत, प्रो घनश्याम, प्रो लक्ष्मी, प्रो आरती, प्रो मिथिलेश, प्रो कुलशेखर, प्रो श्वेता, प्रो सौरभ, प्रो संजय, प्रो अंजू सहित अन्य व्याख्याताओं एवं संस्थान के कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में प्रशासनिक दायित्वों का विस्तार, डॉ. संग्राम सिंह को मूल शैक्षणिक के साथ विकास पदाधिकारी का दायित्व


डॉ. संग्राम सिंह।

सहरसा शहर (एनएसबी)। डॉ. संग्राम सिंह को मूल शैक्षणिक दायित्व के साथ विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन एवं विकासात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, वनस्पतिशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह को उनके मूल शैक्षणिक दायित्व के साथ विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश में उल्लेख किया गया है कि डॉ. संग्राम सिंह अपने मूल शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विकास पदाधिकारी के अतिरिक्त दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय से शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की अपेक्षा की जा रही है। इस अवसर पर उनके पैतृक महाविद्यालय सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच हर्ष का माहौल है।

72 हजार रुपए के साथ आवास सहायक को निगरानी विभाग ने किया गिरफ्तार

सहरसा शहर (एनएसबी)। सौरबाजार नगर पंचायत में निगरानी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में आवास सहायक मुकुल कुमार को घूस की रकम 72 हजार रुपए लेते हुए रंगेहाथ धर दबोचा। वही इस कांड को दर्ज कर जेल भेजने की कारवाई की जा रही है।

पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम द्वारा छापेमारी की गई। उन्होने बताया कि सौर बाजार नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो के पार्षद हरेकृष्ण कुमार साह नें 30 सितंबर को निगरानी विभाग में परिवाद दायर कर आवास सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को द्वितीय किस्त जारी करने के एवज में आठ हजार प्रति आवेदक से घूस की मांग का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की गुहार लगाई। वही निगरानी विभाग द्वारा 10 अक्टूबर को मामले का सत्यापन कराया गया। जिसके अन्तर्गत आरोप का मामला सही पाया गया। तत्पश्चात आज मंगलवार को निगरानी विभाग द्वारा छापामारी की गई। साथ ही नौ लाभुकों के बदले बहत्तर हजार रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।


निगरानी विभाग हत्थे आवास सहायक।

जिसे अग्रेतर कार्रवाई को लेकर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। वहीं वार्ड पार्षद हरे कृष्ण कुमार ने बताया कि आवास सहायक के द्वारा प्रति लाभुक 8000 कमीशन देने की का दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन मैं किसी प्रकार का घूस देने के लिए तैयार नहीं था इसलिए मैंने पटना जाकर विभाग को शिकायत की। तत्पश्चात निगरानी विभाग द्वारा मामले को सत्य पाकर छापेमारी की कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि शिकायत मिलने के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और निर्धारित कार्रवाई के दौरान कर्मी को रिश्वत की राशि लेते पकड़ लिया। इस कार्रवाई की खबर फैलते ही नगर पंचायत कार्यालय सहित प्रखंड कार्यालय और आसपास के अन्य सरकारी कार्यालयों में भी हलचल मच गई. घटना के बाद सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार को लेकर चचाएं तेज हो गई।

पूर्व मुखिया पति हत्याकांड में 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की चर्चा, वारदात में इस्तेमाल बाइक की पहचान का दावा, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी


सीसीटीवी फुटेज और वारदात।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। हरेवा पंचायत की पूर्व मुखिया के पति जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू हत्याकांड में घटना के करीब 36 घंटे बाद भी पुलिस को आरोपितों की गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिली है। इससे मृतक के परिजनों में दहशत का माहौल है। इधर, पुलिस की जांच और कार्रवाई को लेकर स्थानीय स्तर पर कई सवाल उठने लगे हैं।

पुलिस लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही है।स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, हत्याकांड के सिलसिले में पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है। वहीं, घटना में इस्तेमाल की गई बाइक की पहचान होने की भी चर्चा है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि, बाइक की पहचान और संदिग्धों से जुड़ी जानकारी की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है । हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी फुटेज और वारदात में इस्तेमाल बाइक अहम कड़ी मानी जा रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस का पूरा ध्यान आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने पर है। गौरतलब है कि सोमवार को सरबेला-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर शादी समारोह से घर लौट रहे हरेवा पंचायत की पूर्व मुखिया के पति जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल गुड्डू को इलाज के लिए सहरसा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी विक्रम सिहाग और सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ निशिकांत भारती घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शुरूआती जांच में पुरानी रंजिश के कारण हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। एसपी ने एक संदिग्ध का नाम सामने आने और उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। घटना के करीब 36 घंटे बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन भय और चिंता में हैं। वहीं, स्थानीय लोगों की निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। अब देखना होगा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज, बाइक की पहचान और घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर कब तक हत्याकांड का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर पाती है।

अमृता गांव में वृद्ध के हत्या के मामले का सोनवर्षा राज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया

डीएसपी निशिकांत भारती ने सोनवर्षा राज थाना में प्रेस वार्ता कर दिया जानकारी

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपती की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमृता वार्ड 01 निवासी नीतू कुमारी और उनके पति विपिन यादव के रूप में हुई है।

पुलिस ने सोनवर्षा राज थाना और जिला डीआईयू टीम के सहयोग से यह कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सहरसा से 27 अक्टूबर 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 26 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे सोनवर्षा राज थाना को सूचना मिली कि अमृता वार्ड नंबर-01 निवासी करीब 62 वर्षीय विपिन यादव के पिता और उनकी माता को घर के बगल में ले जाकर लाठी-डंडे आदि से मारपीट की गई, जिससे उनकी हत्या हो गई। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद सोनवर्षा राज थाना की पुलिस ने छापेमारी टीम गठित कर घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। जिला डीआईयू की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाने के लिए घटनास्थल की फोटोग्राफी कराई। मृतक के पुत्र शशि कुमार यादव के लिखित आवेदन के आधार पर सोनवर्षाराज थाना कांड संख्या 217/26, दिनांक 27 अक्टूबर 2026 दर्ज किया गया। इस मामले को लेकर डीएसपी निशिकांत भारती ने सोनवर्षा राज थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित नीतू कुमारी और उनके पति विपिन यादव को गिरफ्तार कर लिया। अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य पहलुओं पर भी जांच जारी है। वहीं इस छापेमारी दल में सोनवर्षाराज थाना की पुलिस टीम और जिला डीआईयू टीम शामिल थी।


प्रेसवार्ता में डीएसपी निशिकांत।


मृतक।

ईटहरी में वासंतिक रवि महाअभियान का आयोजन, आधुनिक खेती की तकनीकों की दी गई जानकारी

कृषि वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर, किसानों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी प्रखंड स्थित मनरेगा भवन ईटहरी में मंगलवार को वासंतिक रवि महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही फसलों की पैदावार बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से इनका लाभ उठाने की अपील की गई। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। इस दौरान प्राकृतिक और जैविक खेती के महत्व पर भी चर्चा की गई तथा किसानों को इन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

किसानों को नई तकनीकों के उपयोग, फसलों की बेहतर देखभाल और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर किसान खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिजीत कुमार, प्रखंड प्रमुख माला देवी, कृषि विज्ञान केंद्र अगवानपुर के डॉ. अरसद अनवर और डॉ. शुभाशीष, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह प्रखंड उद्यान पदाधिकारी शौकत अली तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक फारूक महसूद मौजूद रहे। इसके अलावा कृषि समन्वयक संजीव कुमार, मो. मुस्तफा और विवेकानंद कुमार तथा किसान सलाहकार रविन्द्र कुमार रवि, ब्रह्मदेव शर्मा, सुशील कुमार, भरत कुमार, राणा नरेंद्र भूषण, संजय कुमार, मनीष कुमार, हरिशंकर सिंह, अमरेंद्र कुमार और मिथिलेश कुमार समेत अन्य विभागीय कर्मी, जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित थे।


वासंतिक रवि महाअभियान जानकारी देते वैज्ञानिक।

भाजपा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के वीर कुंवर सिंह चैक में भाजपा द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान के विरोध में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मुकेश झा एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव तथा सह-जिला प्रभारी, संदीप यादव के नेतृत्व में मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश का इजहार किया और राजनीतिक मयार्दा का पालन करने की मांग की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष मुकेश झा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे देश के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। उनका अपमान करना केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है। भाजपा को अपनी भाषा और राजनीतिक आचरण में मयार्दा बनाए रखनी चाहिए। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी नेता का अपमान स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं सह-जिला प्रभारी, सहरसा संदीप यादव ने कहा कि भाजपा की राजनीति में विरोधियों के प्रति सम्मान और लोकतांत्रिक शिष्टाचार का लगातार ह्रास चिंताजनक है। पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने भाजपा के रवैये के प्रति विरोध दर्ज कराया तथा राजनीतिक संवाद में सम्मान, शालीनता और लोकतांत्रिक मयार्दा बनाए रखने की मांग की।इस मौके पर उपाध्यक्ष नईमुद्दीन, कुमोद कुमार सिंह, जवाहर झा, शोभा कांत झा, सत्यनारायण चैपाल, रामशरण यादव, रामकुमार पासवान ,मनजीत सिंह, बैद्यनाथ झा, मृत्युंजय सिंह, सुदीप कुमार सुमन, अविनाश यादव उर्फ भोलू, बंटी झा, रंजू देवी,वीरेंद्र पासवान, संजीव सुमन, ख्वाजा, शोएब अख्तर, शिव कुमार शाह, संदीप यादव, सोनू कुमार यादव, नीतीश कुमार, महेंद्र झा, मंगल झा सहित अन्य मौजूद रहें।


बैठक में पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा व सभा में भाग लेगे केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री

सहरसा शहर (एनएसबी)। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री भैरवानंद झा के संचालन में भाजपा नेता पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन के आवास पर जिला बैठक हुई। जिसमें अगामी दिनों आयोजित होने वाले लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा एवं सभा होगी। जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए विधान सभा स्तरीय एवं मंडल स्तरीय बैठक कर पदयात्रा को सफल बनाना है।

बैठक में पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला कर केन्द्र सरकार को बदनाम कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की आलोचन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिताजी के उपर दिये गये बयान की तीव्र भत्र्सना की। प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह बैठक को संबोधित करते हुए की विपक्ष देश के माहौल को बिगाड़ना चाहता है जो भारत कि विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है उसे दिशा हीन विपक्ष खराब कर रहा है। जिसे भाजपा के देश भक्त कार्यकत्ता सफल नही होने देगा। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद चैधरी, जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, अनमोल भगत, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, बी एन सहनी, मनीष कुमार, रिंकी देवी, रंजना कुमारी, संजू देवी, राम प्रभा देवी, ममता देवी, पार्वती देवी, जिला मंत्री पंकज पाठक, अरविंद भगत, सिद्धार्थ सिंह सिदधु, अभिषेक पांडेय, कुमार गौरव, बिपीन कुशवाहा, अभिनंदन कुशवाहा, अभिलाष कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरजीत सिंह कुशवाहा, सुबोध साह,दिनेश प्रसाद यादव, नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह, आशिष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज साह, महेश झा, सुमीत कुमार बिट्टू, सोनू गुप्ता, मनोरंजन चोधरी, अजय कुमार चैधरी, श्री कृष्ण झा, रमेश कुमार सिंह, वीर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य मंडल अध्यक्ष मंच मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उपस्थित थे।


बैठक में पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

सर्पदंश से दो वर्षीय मासूम की मौत

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड के माली पंचायत स्थित रुकमणिया गांव में सोमवार देर शाम सर्पदंश से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 4 निवासी सूरज कुमार चौधरी के पुत्र आरुष आनंद उर्फ भोलू के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, आरुष सोमवार देर शाम अपने पड़ोसी घूरन सिंह के घर में खेल रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसके पैर में डंस लिया। सर्पदंश की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बेलदौर के राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। मंगलवार को खगड़िया सदर अस्पताल में बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि आरुष दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत से मां कंचन कुमारी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के माता-पिता माली पंचायत के वार्ड नंबर 3 स्थित बिशनपुर में सीएसपी संचालक के रूप में कार्य करते हैं। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। माली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कौशल कुमार सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह और मत्स्य सहयोग समिति के मंत्री राजेश चौधरी ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

रंगदारी नही देने पर मारपीट करने का किया शिकायत

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पीरनगरा पंचायत के वार्ड नंबर एक शिशवा गांव निवासी बिजल चौधरी के पुत्र अशोक चौधरी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही वार्ड के ग्यारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पुत्र के साथ मारपीट करने की शिकायत की है। घटना शिशवा मिडिल स्कूल बजरंगबली चौक के निकट की बताई जा रही है। आवेदक के मुताबिक उसका बाइस वर्षीय पुत्र पाल कुमार पड़ोसी गांव रूकमिणियां गांव से अपने रिश्तेदार के यहां से मिलकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में घटना स्थल पर नामजदों ने उसे घेरकर रंगदारी के रूप में दो लाख रुपये की मांग की एवं नहीं देने पर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। आवेदक के मुताबिक नामजदों ने चार दिन पहले भी दो लाख रुपये रंगदारी में देने का दबाव बनाया था। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बड़ी मालिया में बिजली मिस्त्री की संदिग्ध मौत

गोगरी (एनएसबी)। गोगरी नगर परिषद के वार्ड नं-26 में एक बिजली मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज पंडित, पिता स्व़ रामवतार पंडित के रूप में हुई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिवाकर चौरसिया ने बताया कि मनोज पंडित अविवाहित था और यहीं पर बिजली की दुकान चलाता था। मंगलवार की सुबह उसके चाचा जब उठे तो देखा कि रोज की तरह दुकान में झाड़ू नहीं लगा है। खिड़की से झांककर देखा तो मनोज मृत पड़ा हुआ था। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों को बुलाया गया और शव को बेंच से नीचे उतारा गया। दिवाकर चौरसिया के अनुसार मौत के पीछे जमीनी विवाद की बात सामने आ रही है। मृतक का अपनी माँ के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।बताया जा रहा है कि माँ ने जमीन बेच दी है। मृतक के दो भाई हैं।मृतक बड़ा बेटा था। मृतक का कहना था कि उसमें उसकी भी साढ़े पांच कट्ठा जमीन है, तो क्यों बेच दिया। इसी को लेकर तीन साल से विवाद चल रहा था। परसों ही इस मामले में कोर्ट में बहस हुई थी। सूचना मिलते ही डीएसपी चन्दन कुमार ठाकुर,थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार सहित पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

पॉक्सो और बाल अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशखूंट एवं जनता इंटर विद्यालय, मानसी में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विशेष न्यायाधीश उत्पाद-द्वितीय, खगड़िया प्रभाकर झा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, खगड़िया विजय कुमार ने भाग लेकर बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में जीवन जीने, शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने अधिकारों के संरक्षण का अधिकार है। बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें। शिविरों में बच्चों को पक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करता है। बच्चों को किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार, यौन शोषण अथवा असुरक्षित परिस्थिति का सामना करने पर चुप नहीं रहने तथा अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर संबंधित सक्षम प्राधिकार से सहायता प्राप्त करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल अधिकारों, बाल शोषण की रोकथाम तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण को रोकने के लिए जागरूकता, समय पर सूचना और उचित संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान डिजिटल युग में बच्चों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए वक्ताओं ने अनलाइन ठगी, साइबर उत्पीड़न, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अनजान व्यक्तियों के साथ निजी जानकारी, पासवर्ड एवं तस्वीरें साझा करने से जुड़े खतरों के प्रति सचेत किया। बच्चों को इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध अनलाइन गतिविधि की जानकारी अपने अभिभावकों अथवा संबंधित सक्षम प्राधिकार को देने की सलाह दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी समस्या को बिना भय के साझा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचपन अभियान का उद्देश्य केवल कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें अपने संरक्षण के लिए जागरूक एवं सक्षम बनाना भी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समन्वित प्रयासों से संचालित इस अभियान के माध्यम से जिले के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। अभियान में शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, ताकि जागरूकता का संदेश अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सके।



कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी।

आग लगने से धर में रखे सारा समान जलकर राख

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र की कंजरी पंचायत के वार्ड नंबर-18 बिंद टोली गांव में बीते रविवार की रात्रि अचानक आग लगने से एक गरीब परिवार का आशियाना और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार के समक्ष भुखमरी और खुले आसमान के नीचे रहने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिंद टोली गांव निवासी कन्हैया सिंह के पुत्र विकास कुमार के घर में आग लग गयी। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते और आग पर काबू पाने का प्रयास करते, तब तक घर के अंदर रखा खाने-पीने का अनाज, कीमती कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू आवश्यक सामग्रियां पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थीं। इस अगलगी की घटना में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। बेलदौर के राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा तुरंत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार की सुधि लेते हुए सरकारी प्रावधान के तहत फौरी राहत सामग्री का वितरण किया, ताकि इस संकट की घड़ी में परिवार को कुछ सहायता मिल सके। इस अचानक हुई दुर्घटना से पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।



पीड़ित परिवार को पोलीथिन देते राजस्व अधिकारी।

चौकीदार पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से घायल

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बंदेहरा बाजार में मंगलवार की दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां असामाजिक तत्वों ने ड्यूटी पर तैनात एक चौकीदार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में चौकीदार नौसाद आलम उर्फ मंटू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए गोगरी अस्पताल पहुंचाया गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल चौकीदार नौसाद आलम ने बताया कि वह बंदेहरा से पसराहा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गोपाल दास के पुत्र कुंदन कुमार ने जान से मारने की नीयत से उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोपी ने उनके गले के पास चाकू से वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से उनके शरीर से अत्यधिक खून बहने लगा। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर इकट्ठा हो गए और मानवता दिखाते हुए पुलिस की सहयोग से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। घायल चौकीदार की ओर से थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के अन्य चौकीदारों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। सभी चौकीदारों ने एकजुट होकर थानाध्यक्ष से मुलाकात की और आरोपी कुंदन कुमार को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।



घायल चोकीदार।

प्रखंड स्तरीय रबी महोत्सव सह खेत बचाओ अभियान आयोजित

पसराहा (एनएसबी)। गोगरी अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रायशन भवन में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बासंतिक रबी महोत्सव कार्यशाला सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रखंड के किसान भाइयों को रबी सीजन में उन्नत खेती करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान षि विशेषज्ञों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व, जैविक खेती, प्रातिक खेती, मौसम अनुकूल खेती और उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। किसानों को समझाया गया कि मिट्टी की जांच करवाकर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने से न केवल षि उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि लागत भी कम होती है। इसके अलावा, जैविक और प्रातिक खेती के तरीकों को अपनाकर खेतों की उर्वरता को लंबे समय तक कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है, इस पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सलाहकार समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार ने की। इस अवसर पर महेश कुमार, प्रखंड षि पदाधिकारी (मिट्टी जांच) सुप्रिया कुमारी, षि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक जितेंद्र और प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार सिंह सहित सभी षि समन्वयक, किसान सलाहकार और बड़ी संख्या में सम्मानित षक उपस्थित रहे।



उद्घाटन करते अधिकारी व अन्य।

कवि नंदकिशोर शर्मा के निधन पर शोक संवेदना

खगड़िया (एनएसबी)। जानेमाने कवि नंदकिशोर शर्मा ने कलकत्ता अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस लिये। जिसका पार्थिव शरीर मानसी के राजाजान गाँव लाया गया, जहाँ लोगों ने नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया। बताते चले की कवि नंदकिशोर शर्मा माल बाबू के नाम से प्रचलित थे। जिले एवं जिले के बाहर विभिन्न साहित्यक मंचो पर अपनी कविता से लोगों को हंसाते एवं गुदाते थे। रेलवे में माल बाबू से सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्होंने अपने पैतृक गांव राजाजान में अपने परिवार के साथ रहते थे। अंगिका भाषा में उनकी एक कविता काफी प्रचलित था कि चलगे की दुलकी छम कल चल, न मिलतो ते दमकल चल, जैसे कई अंगिका भाषा में कविता प्रसिद्ध हुआ। नंदकिशोर शर्मा गजल भी अपने कलम से ओर मंच से गा चुके हैं। कई मंचों से सम्मानित भी किये जा चुके हैं। उनका गजल भी प्रकाशित हुआ है। कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, जहाँ परिवार के लोगों ने कलकत्ता के निजी अस्पताल में भर्ती किया, जहाँ उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में रविवार को अंतिम सांस लिये।निधन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर आजाद वक्त, भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता डा सलील कुमार, पश्चिमी ठाठा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ओमजी यादव, शिक्षक विजय कुमार सिंह, पंकज कुमार, सन्नी कुमार, नवनीत कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसी रमेश चन्द्रसुर्या, वंशी शर्मा, उमाकांत शर्मा, दयाकांत शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रुपेश कुमार सिंह, मानसी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रभा देवी, नगर पंचायत मानसी के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि आयुष कुमार उर्फ गोलू सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजाराम सिंह, अमनी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार सिंह,मानसी प्रखंड जद यू अध्यक्ष राजनीति सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

युवाओं की सहभागिता से जनजागरूकता को व्यापक बनाने पर जोर

खगड़िया (एनएसबी)। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार द्वारा नशामुक्त बिहार अभियान 2026 के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ आज पटना स्थित अधिवेशन भवन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण खगड़िया स्थित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में भी किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर, पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, मद्यनिषेध अधीक्षक मोहम्मद एम़ सत्तार अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने महिला महाविद्यालय आईटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रधानाध्यापक सहित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी नशामुक्ति की शपथ लेकर स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि परिवार की खुशहाली, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। विकसित भारत एवं समृद्ध बिहार के लक्ष्य को साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। नशामुक्त बिहार अभियान का संचालन '27 अक्टूबर से 26 नवंबर 2026 तक' किया जाएगा। इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें तथा नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।



शपथ लेते डीएम,एसपी व छात्र।

संक्षिप्त खबरें

फैट संचालक के ठिकाने से अंग्रेजी शराब बरामद

750 एमएल की रयल स्टैग की चार बोतलें बरामद

चौथम (एनएसबी)। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला चौथम थाना क्षेत्र के नवादा गांव का है, जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक फैट संचालक के ठिकाने पर छापेमारी कर जमीन के नीचे छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही कथित फैट संचालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौथम थाना पुलिस को नवादा गांव में एक फैट संचालक के परिसर में अवैध रूप से शराब छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित परिसर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को जमीन के नीचे छिपाकर रखी गई 750 एमएल की रयल स्टैग ब्रांड की अंग्रेजी शराब की चार बोतलें मिलीं। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने जमीन खोदकर शराब की बोतलों को बाहर निकाला और उन्हें जब्त कर लिया। छापेमारी के दौरान कथित फैट संचालक अमृत यादव के पुत्र नयन यादव के पुलिस को देखते ही मौके से फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस ने परिसर की तलाशी लेकर शराब बरामद की। वहीं, फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में चौथम थाना के एसआई संतोष कुमार, एसआई अभिमन्यु कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए जमीन में छिपाकर रखी गई शराब को बरामद किया। बताया जाता है कि अमृत यादव पूर्व में भी शराब से जुड़े मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। इसके बावजूद शराब के अवैध कारोबार से जुड़े होने की बात सामने आने के बाद एक बार फिर यह मामला चर्चा में है। हालांकि, वर्तमान मामले में आरोपी की संलिप्तता और अन्य तथ्यों की पुष्टि पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि एक ओर फैट में दूध और घी जैसे उत्पादों के कारोबार के जरिए लोगों की सेहत बनाने का काम किया जाता है, वहीं दूसरी ओर उसी परिसर में जमीन के नीचे शराब छिपाकर रखे जाने की बात सामने आना गंभीर मामला है। यदि जांच में अवैध शराब के कारोबार की पुष्टि होती है, तो यह शराबबंदी कानून के उल्लंघन का मामला बन सकता है। इस संबंध में चौथम थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले में संबंधित संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

सभी लाभार्थियों के नामों का सत्यापन कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें : बीडीओ

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड कार्यालय स्थित आईटी भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव ने स्वच्छता कर्मियों, विकास मित्रों, कार्यपालक सहायकों और ग्रामीण आवास सहायकों के साथ एक आवश्यक बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र के सभी पेंशनधारियों के सत्यापन कार्य को समय पर पूरा करना था। मिली जानकारी के अनुसार, बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के कुल 3,300 लाभार्थी पंजीत हैं। बीडीओ ने सभी पंचायतों के संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे आगामी शुक्रवार तक सभी लाभार्थियों के नामों का सत्यापन कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। साथ ही, सत्यापन के दौरान मृत पाए गए लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने के लिए चिति करने को कहा, ताकि पेंशन सूची को पूरी तरह अद्यतन किया जा सके।बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए बीडीओ ने उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।बताते चले कि अनुपस्थित कार्यपालक सहायक राजीव कुमार सिंह, कन्हैया कुमार और कुंदन कुमार एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक राजेश कुमार, शाहबाज रहमानी, मिथिलेश कुमार भारती और अशोक कुमार बैठक में शामिल नहीं हुए। बीडीओ प्रेम कुमार यादव ने उपस्थित सभी कर्मियों को चेतावनी दी कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना कार्य पूरा करें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके अलावा विकास मित्र अशोक कुमार, पूनम देवी, हरि किशोर सदा, हीरा कुमारी, कैलाश सादा, चंदेश्वरी राम, अकाली सदा, प्रियंका कुमारी एवं सुनील कुमार सदाय स्वच्छता पर्यवेक्षक हरिनंदन कुमार, बीरन कुमार, अर्चना कुमारी, पिंकी देवी, गौतम कुमार, पप्पू कुमार एवं प्रवीण प्रभाकरय आवास पर्यवेक्षक गणित कुमारय आवास सहायक विकास कुमार, ललन कुमार निराला, अशोक कुमार मरांडी एवं ललन कुमार तथा लेखापाल अजय कुमार और बिपिन यादव भी बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

30 अक्टूबर को मनाया जाएगा पीएम-किसान उत्सव दिवस

खगड़िया (एनएसबी)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी राजस्व ग्रामों में 30 अक्टूबर को पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से योजना की 24वीं किस्त की राशि लाभुक किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इसके तहत पात्र किसानों को 2,000 रुपये की किस्त प्राप्त होगी। वर्तमान में खगड़िया जिले में 1 लाख 12 हजार 231 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा। सभी ग्राम नोडल पदाधिकारियों को इस प्रसारण में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा अधिक से अधिक किसानों को कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर भी वेबकास्ट के माध्यम से किसानों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। जिला षि पदाधिकारी अजीत कुमार पासवान ने बताया कि षि विभाग के निदेशक के निर्देशानुसार पीएम-किसान उत्सव दिवस के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। सभी प्रखंड षि पदाधिकारियों को आयोजन से संबंधित तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही किसानों को योजना की पात्रता एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा। जिला षि पदाधिकारी ने किसानों से अपील की कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करें तथा योजना से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करें।

आवेदनों को त्वरित निश्पादन का दिया गया निर्देश

खगड़िया (एनएसबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से प्राप्त कुल 14 आवेदनों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जन समाधान दिवस के दौरान प्राप्त आवेदन विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों से संबंधित थे। इनमें कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़ियाय कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, खगड़ियाय अंचल अधिकारी, खगड़िया, अलौली, बेलदौर एवं परबत्ताय जिला मत्स्य पदाधिकारीय भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़ियाय प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, खगड़ियाय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, परबत्ताय जिला शिक्षा पदाधिकारीय वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), खगड़िया तथा अधीक्षक, मंडल कारा, खगड़िया से संबंधित मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतने तथा मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब से बचने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जन शिकायतों के निष्पादन में जवाबदेही सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

मुंगेर चैंबर ऑफ कामर्स को बिहार सरकार से मिला निबंधन, व्यापारियों में खुशी

जमालपुर में मिलन समारोह में व्यापारिक एकजुटता पर जोर ऑनलाइन शॉपिंग से स्थानीय बाजार को हो रहे नुकसान पर जताई चिंता

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मुंगेर चौंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बिहार सरकार से विधिवत निबंधित होने पर व्यापारियों में खुशी की लहर है। इसे संगठन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सदस्यों ने व्यापारिक हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जमालपुर के एक सभागार में चौंबर की जमालपुर शाखा की ओर से आयोजित मिलन समारोह में व्यापारियों ने स्थानीय कारोबार की चुनौतियों और संगठन की भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।शाखा अध्यक्ष मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुंगेर चौंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की प्रधान शाखा के अध्यक्ष दिलीप सर्राफ, सचिव दीपक कुमार और कोषाध्यक्ष उमेश राजगढ़िया सहित मुंगेर के कई प्रमुख चौंबर सदस्य शामिल हुए। प्रधान शाखा अध्यक्ष दिलीप सर्राफ ने संगठन के सरकारी निबंधन की जानकारी देते हुए इसे चौंबर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्ययोजनाओं पर भी प्रकाश डाला।सचिव दीपक कुमार ने कहा कि व्यापार जगत की चुनौतियों का सामना एकजुट होकर ही किया जा सकता है। व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए आपसी समन्वय और संगठन की मजबूती जरूरी है। उन्होंने सदस्यों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।समारोह की शुरुआत चौंबर सदस्य ओम प्रकाश आर्या द्वारा उपस्थित अतिथियों और सदस्यों के स्वागत से हुई। इसके बाद शाखा अध्यक्ष मनीष कुमार ने जमालपुर शाखा की भावी गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की जानकारी प्रधान शाखा के पदाधिकारियों को दी।बैठक में अनलाइन शपिंग के बढ़ते चलन से स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठा। सदस्यों ने चिंता जताई कि अनलाइन खरीदारी की बढ़ती प्रवृत्ति से स्थानीय बाजार का कारोबार प्रभावित हो रहा है। इस पर शाखा अध्यक्ष मनीष कुमार ने सहमति जताते हुए ग्राहकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने स्थानीय बाजार और व्यापारियों के हितों को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। चर्चा के दौरान वरिष्ठ शाखा सदस्य संजीव अग्रवाल ने जमालपुर रेल कारखाना और रेलवे स्टेशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। समारोह के अंत में शाखा सचिव अरविन्द जालान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



मिलन समारोह में स्वागत करते चेंबर के पदाधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस के साथ अपराध की साजिश रचते दो गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अपराध की योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चालीसकुरवा निवासी रोहित और गुलशन के रूप में हुई है। इस संबंध में एसडीपीओ रामष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

हथौड़े से आभूषण दुकानदार पर हमला करने वाला विकास गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। चोंदी में आभूषण दुकानदार पर हथौड़े से हमला करने के मामले में बाढ़ थाना पुलिस ने आरोपित विकास को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। दुकानदार पर हथौड़े से हमला किए जाने की घटना से इलाके में चर्चा का माहौल है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

खड़गे के बयान पर भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने जताई नाराजगी, माफी की मांग

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वीकार्य हैं, लेकिन वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। राजनीति में बढ़ती कटुता तथा नेताओं के माता-पिता को विवाद में घसीटना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने खड़गे से अपने बयान के लिए देश से माफी मांगने की मांग की।

अर्केस्ट्रा में गाना बजाने को लेकर भिड़े दो पक्ष, जमकर मारपीट

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बेलछी प्रखंड के मनकौरा गांव में सोमवार की रात अर्केस्ट्रा देखने और गाना बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी की गाड़ी में तोड़फोड़ किए जाने की भी सूचना है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनकौरा में आयोजित अर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान गाना बजाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। धीरे-धीरे विवाद बढ़ता गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी।

काली पहाड़ी नहर को जिले का सबसे सुंदर छठ घाट बनाने की तैयारी

जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मुख्य पार्षद पार्वती देवी के दिशा-निर्देश पर नगर परिषद प्रशासन घाटों पर बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने में जुटा है। प्रमुख छठ घाटों में काली पहाड़ी नहर, सूर्य मंदिर बीएमपी और केशोपुर स्थित मसोमात तालाब शामिल हैं। इन घाटों को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के लिए पिछले डेढ़ महीने से सफाई मजदूर लगातार काम कर रहे हैं। नगर परिषद का विशेष जोर काली पहाड़ी नहर छठ घाट पर है। यहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाट की साफ-सफाई, पहुंच मार्ग और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की दिशा में अभी से पहल की जा रही है। नगर परिषद का प्रयास है कि इस बार काली पहाड़ी नहर छठ घाट को जिले के सबसे सुंदर और व्यवस्थित घाटों में शामिल किया जाए। सफाई निरीक्षक सत्यनारायण मंडल ने बताया कि मुख्य पार्षद पार्वती देवी और कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों की सफाई कार्ययोजना की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रत्येक दिन 30 से अधिक सफाई मजदूर विभिन्न घाटों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली तक छठ घाटों की सफाई और तैयारियों का अधिकांश कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने कहा कि छठवतियों और श्रद्धालुओं को घाटों पर किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन महापर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में जुटा है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल में छठ पूजा कर सकें।



काली पहाड़ी नहर का साफ सफाई करते मजदूर।

आनंद विहार ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पटरी पर गिरी बुजुर्ग महिला, आरपीएफ ने बचाई जान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर मंगलवार को आनंद विहार ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक बुजुर्ग महिला यात्री का पैर फिसल गया, जिससे वह सीधे रेलवे पटरी पर जा गिरी। हादसे के बाद प्लेटफार्म पर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। अचानक हुई इस घटना से वहां मौजूद यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। हालांकि, यात्रियों के शोर मचाने के बाद ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के जवान तुरंत हरकत में आए और तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित पटरी से ऊपर प्लेटफार्म पर ले आए।इसके बाद आरपीएफ की टीम ने बिना देर किए एंबुलेंस बुलवाई और घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। घटना के दौरान आरपीएफ जवानों की सक्रियता और तत्परता से महिला को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिली।बताया गया कि हादसे में घायल महिला की पहचान जमालपुर की रामपुर बस्ती निवासी 76 वर्षीय संयुक्ता देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी आरपीएफ की ओर से महिला के स्वजनों को भी दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन उनकी स्थिति और इलाज को लेकर चिंतित हो गए।रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान पर हुई इस घटना ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सतर्कता की जरूरत को उजागर किया है। ट्रेन में चढ़ते और उतरते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। खासकर बुजुर्ग यात्रियों को चलती या खड़ी ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी अन्य यात्री की मदद लेनी चाहिए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



घायल महिला को अस्पताल पहुंचने आरपीएफ।

बोनस सीलिंग बढ़ाने और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग



सीडब्ल्यूएम सौपने पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। उत्पादकता आधारित बोनस की सीलिंग नहीं बढ़ाने और आठवें वेतन आयोग के क्रियान्वयन में विलंब के विरोध में पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ, जमालपुर की ओर से विरोध सप्ताह मनाया जा रहा है। भारतीय रेलवे मजदूर संघ के आह्वान पर 22 से 28 अक्टूबर तक आयोजित विरोध सप्ताह के तहत मंगलवार को जमालपुर रेल कारखाने के गेट संख्या छह पर द्वार सभा हुई।सभा की अध्यक्षता विद्याभूषण यादव ने की। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष विजय मंडल, विशिष्ट अतिथि रामानंद सिंह और सम्मानित अतिथि भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष भानु पाठक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विष्णुकांत शर्मा ने कर्मचारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाया।सभा में वर्ष 2026-27 में बोनस सीलिंग बढ़ाने, 30 प्रतिशत अंतरिम महंगाई भत्ता देने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा कारखाने की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से पहल करने की मांग उठाई गई।सभा के बाद मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के माध्यम से प्रधानमंत्री और रेलवे बोर्ड को संबोधित ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया गया। मौके पर विद्यासागर, धीरज सिन्हा, अंगराज मोहन, अनिल सिंह, पप्पू, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, अनिमेष पांडे, राजेश कुमार सहित कई रेलकर्मी मौजूद थे।

आवास योजना की दूसरी-तीसरी किस्त अटकी कर्ज चुकाने को प्रदेश पलायन कर रहे लाभुक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की सरकारी पहल पर भुगतान में देरी से सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के कई लाभुकों को मकान निर्माण के बावजूद दूसरी और तीसरी किस्त की राशि अब तक नहीं मिली है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लाभुकों ने कर्ज लेकर किसी तरह अपना आशियाना तो बना लिया, लेकिन सरकारी सहायता नहीं मिलने से अब वे कर्ज के बोझ तले दबे हैं।लाभुकों का कहना है कि बकाया राशि के भुगतान के लिए वे कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। कर्ज चुकाने की मजबूरी में कई लाभुकों को रोजगार की तलाश में प्रदेश पलायन करना पड़ा है।लाभुकों ने आवास सहायक,पंचायत के जनप्रतिनिधियों और बिचौलियों पर कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि कथित कमीशन की राशि नहीं देने के कारण दूसरी और तीसरी किस्त का भुगतान अटका हुआ है। इस मामले की जानकारी पूर्व और वर्तमान बीडीओ को भी देने की बात लाभुकों ने कही है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।इंद्ररुख पूर्वी, इंद्ररुख पश्चिमी, रामपुर कला तथा पाटम पूर्वी और पश्चिमी पंचायतों में ऐसी शिकायतें अधिक सामने आने की बात कही जा रही है। लाभुक उर्मिला देवी, उमेश कुमार, मुकेश कुमार और आशीष कुमार ने व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिना चढ़ावा दिए योजना का लाभ मिलना मुश्किल हो गया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।इस संबंध में बीडीओ श्वेता कुमारी ने कहा कि जल्द ही लंबित राशि का भुगतान कराया जाएगा। यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती है, तो जांच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



आवास योजना के तहत लाभुक का मकान बनाकर तैयार।

संक्षिप्त खबरें

तिरहुत शिक्षक एमएलसी सीट पर एनडीए का कब्जा, नरेंद्र प्रसाद सिंह विजयी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने जीत दर्ज की है। उनकी जीत के साथ ही शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए ने अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने का संदेश दिया है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी भूषण झा दूसरे स्थान पर रहे। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद नरेंद्र प्रसाद सिंह के समर्थकों और एनडीए खेमे में उत्साह का माहौल है। इस चुनाव में शिक्षकों के समर्थन और उनकी अपेक्षाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जीत को लेकर एनडीए समर्थकों में खुशी देखी जा रही है। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का यह चुनाव शिक्षकों के प्रतिनिधित्व, उनकी समस्याओं और शैक्षणिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित विधान परिषद सदस्य से शिक्षकों को अपनी मांगों और समस्याओं को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने की अपेक्षा रहती है।

डिस्लेक्सिया जागरूकता दिवस मनाया गया

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय राणा विगहा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा में डिस्लेक्सिया जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों में सीखने से जुड़ी कठिनाइयों को समझने, उनकी क्षमताओं को पहचानने तथा उन्हें उचित शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में मध्य विद्यालय राणा विगहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक आमोद कुमार तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम उपस्थित रहीं। इस दौरान डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील ष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। डिस्लेक्सिया सीखने से जुड़ी एक विशिष्ट कठिनाई है, जिसका प्रभाव मुख्य रूप से पढ़ने, शब्दों को पहचानने तथा वर्तनी समझने की क्षमता पर पड़ सकता है। यह किसी बच्चे की बुद्धिमत्ता या प्रतिभा की कमी का संकेत नहीं है। उचित मार्गदर्शन, अनुकूल शिक्षण पद्धति और निरंतर प्रोत्साहन से ऐसे बच्चे भी अपनी क्षमताओं का बेहतर विकास कर सकते हैं। शिक्षकों के लिए आवश्यक है कि वे प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की गति और जरूरतों को समझें। बच्चों की कठिनाइयों को कमजोरी मानकर उनकी आलोचना करने के बजाय उन्हें सहयोग, प्रोत्साहन और सीखने के अनुकूल अवसर उपलब्ध कराए जाएं। विद्यालयों में ऐसा वातावरण विकसित किया जाना चाहिए, जहां प्रत्येक बच्चा बिना किसी भेदभाव के अपनी प्रतिभा को निखार सके। कार्यक्रम का उद्देश्य डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के प्रति शिक्षकों और समाज को संवेदनशील बनाना रहा।

सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान लगातार जारी

सोनपुर (एनएसबी) सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। दिनांक 26 अक्टूबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले '1909' यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ₹ '16,50,900' ₹- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।



टीटीई टिकट जांच करते हुए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 26102026 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर, सारन, में संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित। प्रभारी प्राचार्य से मिली जानकारी अनुसार दिनांक 26102026 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर (सारन) में संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयकों (बीआरसीसी) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। बीआरसीसी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वो शिक्षकों और विद्यालयों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करते हैं। सीआरसीसी के आयोजित प्रशिक्षण मुख्य उद्देश्य उनकी शैक्षणिक दक्षताओं नेतृत्व क्षमता और मार्गदर्शन कौशल को क्लाश रुम ओवजरवेशन टूल (सीओटी) सहयोगात्मक, पर्यवेक्षण (सपोर्टिव सुपरवीजन) के माध्यम से विकसित करना है। ताकि निपुण विहार मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रभावी योगदान कर सके।



प्रशिक्षण देती प्रभारी प्राचार्य।

रेल कॉलोनी में चोरी का 48 घंटे में खुलासा, चार शातिर चोर गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के रेल कलोनी रामपुर में सीलबंद टर्र का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने जमालपुर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। इस कार्रवाई से रेल कलोनी में रहने वाले रेलकर्मियों और उनके परिवारों ने राहत की सांस ली है। सर्किल इंस्पेक्टर शिव अमित प्रकाश कौशिक ने बताया कि रेलकर्मी साजन यादव की प्राथमिकी के आधार पर 24 अक्टूबर को अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार और एसआई सुजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बड़ी दरियापुर निवासी मोनू कुमार और छोटू कुमार, रामपुर कलोनी निवासी ऋषभ कुमार तथा सदर बाजार की टिप टप गली निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के घरों से इनवर्टर, बैटरी, साइकिल, म्यूजिक सिस्टम और 55 इंच का एलसीडी बरामद किया है।रेलवे टर्र में चोरी की घटना से स्थानीय रेलकर्मियों में चिंता थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सामान की बरामदगी से कलोनीवासियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। वहीं, पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के बीच भी सख्ती का संदेश गया है।



चोरी के मामले का खुलासा करते पुलिस।

संक्षिप्त खबरें

बुलेट में झोले में रखा रह गया जेवरात, दो गोलियां मारकर राजेश की हत्या; हत्यारे कब पकड़े जाएंगे?

सात माह के बेटे के सिर से उठा पिता का साया, गिरफ्तारी की मांग पर तीन घंटे जाम रहा सरदारगंज चौक। करवाचौथ से पहले उजड़ा उपासना के सिर का सिंदूर। ग्रामीण एसपी बोले- बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी।

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के पगड़ा गांव स्थित काली स्थान के पास सोमवार की देर रात स्वर्ण व्यवसायी राजेश पोद्दार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह दुकान बंद कर बुलेट बाइक से घर लौट रहे थे। उनके पास एक झोले में जेवरात भी थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें दो गोलियां मार दीं। घटना में उनकी मौत हो गई। परिजनों को आशंका है कि जेवरात लूटने के प्रयास में उनकी हत्या की गई। लेकिन जेवरात गाड़ी में ही झोले में लटका रह गया हालांकि, पुलिस ने अब तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं किया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर राजेश के हत्यारे कब तक पुलिस की गिरफ्त में आएंगे?

गिरफ्तारी की मांग पर तीन घंटे सड़क जाम

व्यवसायी की हत्या से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार सुबह करीब 9 बजे एनएच-28 के सरदारगंज चौक पर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। लोग हत्याकांड का जल्द खुलासा करने और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। करीब तीन घंटे तक जाम रहने से आवागमन प्रभावित हुआ। स्थानीय समाजसेवी एवं पगड़ा निवासी जदयू नेता सुबोध सिंह और डीएसपी विवेक कुमार के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। वही बीडीओ राजीव कुमार ने मृतक के बहन को चेक देकर आगे की कार्रवाई की बात कही।

रात में ही पहुंचे ग्रामीण एसपी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस।

घटना की सूचना पर ग्रामीण एसपी मुकुल कुमार रंजन सोमवार रात ही घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने जांच की जानकारी लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। घटनास्थल से पुलिस ने एक जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए हैं। वारदात के उद्भेदन के लिए तकनीकी अनुसंधान, फॉरेंसिक टीम और जिला सूचना इकाई (डीआईयू) की मदद ली जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। ग्रामीण एसपी ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फिलहाल लूटपाट की आशंका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वही झोले में कुछ जेवरात मिले है।

छह साल से चला रहे थे ज्वेलरी दुकान।

परिजनों के अनुसार, राजेश पिछले करीब छह वर्षों से काली चौक पर आरोही ज्वेलर्स एवं बर्तन की दुकान चला रहे थे। इसी कारोबार से परिवार का भरण-पोषण होता था। रोज की तरह दुकान से घर लौटने के दौरान हुई इस वारदात ने परिवार को उजाड़ दिया। राजेश अपने पीछे पत्नी उपासना, दो बेटियों आरोही और आकृति तथा सात माह के बेटे को छोड़ गए हैं। पति की मौत के बाद पत्नी पर तीनों बच्चों की परवरिश और भविष्य की जिम्मेदारी आ गई है। वही पत्नी बार बार करवा चौथ अब केकरा ला करेंगे कह के बेहोश हो रही थी। वही मासूम बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। मां, पत्नी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजेश के छोटे भाई दीपक कुमार नेपाल में रहते हैं, जबकि उनकी दो शादीशुदा बहनें रानी और गुड़िया हैं।

झोले में रखे जेवरात को लेकर जांच।

राजेश के पास जेवरात से भरा झोला होने की बात सामने आई है। परिजनों को आशंका है कि बदमाशों ने जेवरात लूटने के लिए वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, जेवरात लूटे गए या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। वही बुलेट में लटके झोले में कुछ जेवरात थे। पुलिस लूटपाट समेत अन्य संभावित सभी कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वही व्यवसायी की हत्या से इलाके के कारोबारियों और ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। परिवार को न्याय दिलाने के लिए हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और वारदात का खुलासा जरूरी है।

रेलवे आरक्षण काउंटरों पर भी मिलेगा यात्रा बीमा, 45 पैसे में 10 लाख रुपये तक का कवर

27 अक्टूबर से लागू सुविधा स्वैच्छिक, प्रीमियम का भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में 27 अक्टूबर 2026 से आरक्षण काउंटरों पर भी वैकल्पिक यात्रा बीमा (ओटीआईएस) की सुविधा शुरू हो गई है। जिसमें पात्र यात्री 45 पैसे प्रति यात्री (सभी कर सहित) का प्रीमियम देकर 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर ले सकते हैं। पहले यह सुविधा केवल ऑनलाइन टिकट बुकिंग के दौरान उपलब्ध थी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक बीमा लेना पूरी तरह स्वैच्छिक है। यात्री बीमा के बिना भी सामान्य रूप से टिकट आरक्षित करा सकते हैं।

आरक्षण फॉर्म में देना होगा विकल्प

बीमा लेने के लिए यात्री को आरक्षण फॉर्म में संबंधित कॉलम पर टिक कर सहमति देनी होगी और सही मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। पॉलिसी की जानकारी एसएमएस से भेजी जाएगी। प्रीमियम का भुगतान टिकट किराये के साथ केवल डिजिटल माध्यम से होगा; नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एसएमएस में मिले लिंक के जरिए यात्री को नॉमिनी का विवरण भी भरना होगा।

मृत्यु और दिव्यांगता पर 10 लाख रुपये तक का लाभ

योजना के तहत बीमित यात्री की मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता पर 10 लाख रुपये तक का कवर मिलेगा। स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर अधिकतम 7.50 लाख रुपये, चोट के इलाज के लिए दो लाख रुपये और पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए 10 हजार रुपये तक का प्रावधान है। भुगतान संबंधित बीमा कंपनी पॉलिसी की शर्तों और पात्रता के आधार पर करेगी।

कन्फर्म, और आरएसी टिकट धारक होंगे पात्र

विज्ञप्ति के अनुसार कन्फर्म, आरएसी और आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र यात्री बीमा ले सकते हैं। एक ही पीएनआर पर आरक्षण कराने वाले सभी पात्र यात्रियों को कवर किया जा सकता है। पांच से 11 वर्ष तक के बच्चे पात्र होंगे, जबकि बिना बर्थ या सीट यात्रा करने वाले पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे योजना में शामिल नहीं होंगे। यह सुविधा भारतीय नागरिकों के लिए है।

कुछ मामलों में नहीं मिलेगा कवर

रेलवे ट्रैक पार करते समय हुई घटनाओं, नशे की हालत में हुई दुर्घटनाओं और जानबूझकर स्वयं को चोट पहुंचाने के मामलों में बीमा लाभ नहीं मिलेगा। पॉलिसी में दिए गए अन्य अपवाद और शर्तें भी लागू होंगी। कवर की गई घटना पर यात्री या नॉमिनी को संबंधित बीमा कंपनी के पास दावा करना होगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दावा घटना के चार महीने के भीतर करना होगा। यात्रियों को समय-सीमा और अन्य शर्तों की पुष्टि पॉलिसी दस्तावेज से करने की सलाह दी गई है। समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने यात्रियों से आरक्षण के समय योजना की जानकारी लेने और आवश्यकता के अनुसार इसका लाभ उठाने की अपील की है।

सरकार की नीतियों से नाराज रोसड़ा पैक्स अध्यक्ष 1 नवंबर से नहीं करेंगे धान खरीद

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। सरकार की नीतियों से नाराज रोसड़ा के पैक्स अध्यक्षों ने एक नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीद प्रक्रिया में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है. रविवार को व्यापार मंडल परिसर में सुनील कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बैठक में पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण समितियों को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि पिछले वर्ष धान अधिप्राप्ति के दौरान समितियों को मिलने वाले कमीशन की तुलना में चार से पांच गुना तक ब्याज का बोझ उठाना पड़ा। इसके बावजूद सरकार की ओर से समितियों को पर्याप्त राहत नहीं दी गयी। पैक्स अध्यक्षों ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीद का लक्ष्य कुल उत्पादन का मात्र 10 प्रतिशत निर्धारित कर रही है। वहीं, समितियों को रखरखाव और अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी पर्याप्त राशि नहीं दी जा रही है। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में धान खरीद प्रक्रिया में शामिल होना समितियों के लिए आर्थिक रूप से नुकसानदेह साबित हो रहा है। बैठक में उपस्थित पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि जब तक समितियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता और उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक धान खरीद में भाग लेना मुश्किल है। इसी के मद्देनजर सभी पैक्स अध्यक्षों ने एक नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीद प्रक्रिया में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया। बैठक में जिला सहकारिता अध्यक्ष विनोद कुमार राय, जिला सहकारिता उपाध्यक्ष सुनील कुशवाहा, संजय सिंह, प्रभाकर राय, रामबाबू यादव, सुरेश यादव, अनिल कुमार, बबलू महतो, रतन सिंह, दीपक सहनी, प्रभा देवी और विजय कुमार सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका पीएम का पुतला

कहा वाल्मिकी जयंती पर भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन कर किया दलित नेता का अपमान



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर (शहरी) के तत्वावधान में मंगलवार को काशीपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय से विरोध प्रदर्शन किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्ष में आवाज उठाई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की जिलाध्यक्ष अनिता राम ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के बयान को अलग नजरिए से प्रस्तुत कर उसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है। किसी भी बयान को उसके पूरे संदर्भ में समझना चाहिए, न कि उसे तोड़-मरोड़कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करना चाहिए। वही प्रवक्ता एखलाकुर रहमान सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को कांग्रेस की विधवा, जर्सी गाय, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा था। इस तरह का बयान देकर कही न कही मोदी जी ने महिलाओं का अपमान किया' इसके लिए सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के महिलाओं से माफी मांगे। कांग्रेस पार्टी कभी भी ऐसे भाषा का प्रयोग करती जिससे किसी भी वर्ग/समुदाय का आहट न हो, ये कही न कही महर्षि वाल्मिकी के जन्म दिवस के शुभअवसर दलित नेता मल्लिका अर्जुन खड़गे का पुतला दहन कर के भाजपा सरकार ने दलितों का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और आपसी सम्मान में विश्वास करती है। किसी बयान को गलत संदर्भ में पेश कर विरोध की राजनीति करना उचित नहीं है। हम ऐसी राजनीति का विरोध करते हैं और जनता के मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ के नारे लगाए तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता एखलाकूर रहमान सिद्दीकी, शिवराम ठाकुर, मोहम्मद सरफराज आलम, विकास कुमार, आशुतोष कुमार, राजन वर्मा, कन्हैया कुमार, आदि सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंजान लिंक खोलने, और ओटीपी सहित निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें : अमरजीत

समस्तीपुर कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित, विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह 2026 के तहत मंगलवार को समस्तीपुर कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। समस्तीपुर कॉलेज और द उम्मीद के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और डिजिटल गोपनीयता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार ह्यशशिह्व ने की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि इंटरनेट सुविधाओं के साथ सावधानी और जिम्मेदारी भी जरूरी है। जिला साइबर थाना के एसआई सूरज कुमार ने डिजिटल उपकरणों के सुरक्षित इस्तेमाल और निजी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। एसआई राहुल कुमार ने कहा कि लालच और भय के कारण लोग साइबर ठगी का शिकार होते हैं। उन्होंने अपराध होने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने और संबंधित अधिकारियों को सूचना देने की अपील की। द उम्मीद के संस्थापक और राष्ट्रीय साइबर एम्बेसडर अमरजीत कुमार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल गोपनीयता पर जानकारी दी। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने तथा ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने को कहा। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार चौधरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शालिनी कुमारी भावसिंका ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, पुलिसकर्मी, द उम्मीद की टीम और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समस्तीपुर स्टेशन परिसर में शौचालय निर्माण एवं पैसेंजर गाड़ी के समय पर परिचालन की मांग के समर्थन में खेमयू ने दिया धरना

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन समस्तीपुर जिला परिषद की ओर से रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता रेल परिचालन से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर एक जुलूस जिला कार्यालय बंगाली टोला से चलकर रेल मंडल कार्यालय के समक्ष एक धरना दिया, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, बिहार राज्य किसान सभा, प्रगतिशील लेखक संघ, नौजवान सभा, महिला समाज एवं छात्र संगठन के नेता के साथ ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भी शामिल हुए और आंदोलन को समर्थन दिया। धरना के माध्यम से समस्तीपुर जिला मुख्यालय आने वाली ट्रेनों का समय से परिचालन, खासकर सहरसा एवं दलसिंहसराय की ओर से आने वाली पैसेंजर ट्रेनों का समय से परिचालन,समस्तीपुर स्टेशन के बाजार की ओर के सकुर्लेटिंग एरिया में जन सुविधा मुहायिया, शौचालय की व्यवस्था, रेल डाक सेवा , कार्यालय को पुन स्थापित करने, वरिष्ठ नागरिक को पूर्व से प्राप्त रेल किराया में छूट की पुन बहाली, कपूर्री ग्राम-जनदहा-हाजीपुर रेल लाइन, समस्तीपुर से लंबी दूरी की ट्रेन का परिचालन प्रारंभ, सलोना - हसनपुर, रोसरा में दुर गामी ट्रेनों का ठराव ,नमो भारत ट्रेन का दलसिंहसराय में ठहराओ,अटेरु चौक पर फुट ओवर ब्रिज एवं वर्कशॉप में पोओ एच का निर्माण की मांग की गई। मंडल रेल प्रबंधक के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में रेल मंडल उप प्रबंधक (परिचालन) एवं डॉक्टर अनिल प्रसाद के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्तालाप कर सभी मांगों पर अपने क्षेत्राधिकार में विचार रखने का आश्वासन दिया।

नलजल योजना फ्लॉप, पेयजल संकट से जूझ रहे एक हजार लोग

वार्ड-5 और 7 में नहीं पहुंच रहा घरों तक पानी; 20 सूत्री की बैठक में मुद्दा उठाने के बाद भी कार्रवाई नहीं

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के गढ़सिसई पंचायत में पेयजल संकट से करीब एक हजार की आबादी जूझ रही है। पंचायत के महादलित टोले सहित वार्ड-5 और वार्ड-7 में नलजल योजना का पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच रहा है। वहीं, वार्ड-5 में पेयजल के लिए लगाए गए दोनों चापाकल भी ठप पड़े हैं। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं किए जाने से लोगों में आक्रोश है। भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज और भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश महतो ने बताया कि वार्ड-5 में नया बोरिंग कराया गया, लेकिन अब तक सभी घरों तक जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई है। बोरिंग कराने के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया है। यही स्थिति वार्ड-7 की भी है, जहां नया बोरिंग होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। दोनों नेताओं ने बताया कि इस गंभीर समस्या को 20 सूत्री की बैठक में भी उठाया गया था, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनका कहना है कि समस्या के समाधान में विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी भुगतना पड़ रहा है। गर्मी और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच पेयजल संकट ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द नलजल योजना चालू कराने, दोनों चापाकलों की मरम्मत कराने और सभी प्रभावित घरों तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

आरुही विकास संस्थान के माध्यम से ओएनजीसी फ्रंटियर बेसिन देहरादून के सहयोग से 10 संस्थानों में लगा आरओ युक्त वाटर कूलर

समस्तीपुर एनएसबी। स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ओएनजीसी फ्रंटियर बेसिन, देहरादून के सीईआर के सहयोग से आरुही विकास संस्थान द्वारा समस्तीपुर जिले के 10 प्रमुख शैक्षणिक एवं सरकारी संस्थानों में वाटर कूलर विद आरओ सिस्टम की स्थापना कराई गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों, आम नागरिकों एवं संस्थानों में आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। इस परियोजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों में आरओ युक्त वाटर कूलर लगाए गए हैं जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। विशेष रूप से विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह पहल काफी उपयोगी साबित होगी।

तृतीय विद्यार्थी सहयोग शिविर का सफल आयोजन

सहार (दैनिक नवसंदेश)। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सहार में ह्यह्यतृतीय विद्यार्थी सहयोग शिविरह्यह्य का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) विकास चंद्र के देखरेख में की। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा उन्हें विभिन्न प्रशासनिक व कल्याणकारी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय और नोडल पदाधिकारी ने कहा कि इस शिविर का ध्येय छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि उन्हें अपनी पढ़ाई और अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उत्साहजनक उपस्थिति रही।

ट्रेनों के समय पर परिचालन और स्टेशन परिसर में शौचालय निर्माण को लेकर डीआरएम कार्यालय पर प्रदर्शन

बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर स्टेशन परिसर के बाजार क्षेत्र (सकुर्लेटिंग एरिया) में जनसुविधाओं की बहाली, शौचालय निर्माण और पैसेंजर ट्रेनों के समय पर परिचालन सहित विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन (जिला परिषद) के बैनर तले रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व, सैकड़ों की संख्या में खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए बंगाली टोला स्थित जिला कार्यालय से एक विशाल जुलूस के रूप में निकले। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रेल मंडल कार्यालय पहुंचा और धरने में तब्दील हो गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने की। इस आंदोलन को अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक), बिहार राज्य किसान सभा, प्रगतिशील लेखक संघ, नौजवान सभा, महिला समाज, छात्र संगठन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया।



वार्ता के बाद मिला आश्वासन

आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (डीओएम) ने डॉ. अनिल प्रसाद के नेतृत्व में गए पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। रेल प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

धरना सभा में उठीं ये मुख्य मांगें:

सहरसा और दलसिंहसराय की ओर से आने वाली पैसेंजर ट्रेनों का समय से परिचालन सुनिश्चित किया जाए। समस्तीपुर स्टेशन के बाजार की ओर सकुर्लेटिंग एरिया में शौचालय व अन्य जनसुविधाएं मुहैया कराई जाएं। बंद की गई रेल डाक सेवा (आरएमएस) कार्यालय को पुनः स्थापित किया जाए।

वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलने वाली छूट को दोबारा बहाल किया जाए। कपूर्रीग्राम-जंडहा-हाजीपुर रेल लाइन कार्य में तेजी लाई जाए और समस्तीपुर से लंबी दूरी की नई ट्रेनें शुरू हों। सलोना, हसनपुर और रोसड़ा में दूरगामी ट्रेनों तथा दलसिंहसराय में 'नमो भारत' ट्रेन का ठहराव दिया जाए। अटेरु चौक पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण और रेल वर्कशॉप में पीओएच का काम शुरू हो।

इन नेताओं ने किया संबोधित

धरना सभा को भाकपा जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह मुन्ना, सुधीर कुमार देव, शाहिद अंसारी, मोहम्मद मुन्ना, रामविलास शर्मा, शंकर प्रसाद, जगत नारायण प्रसाद, रामजतन सिंह राकेश, शत्रुघ्न प्रसाद 'पंजी', लक्ष्मण पासवान, जयशंकर साहू, डॉ. रामकुमार, विनोद कुमार विनय, उपेंद्र प्रसाद, छात्र नेता अर्जुन कुमार, राजहंस कुमार पंडित, पप्पू कुमार, डॉ. बी. सिंह, मेहासर राम और गनेश्वर दास ने संबोधित किया। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन जनहित की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी चरणबद्ध तरीके से उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

स्टडी सेंटर-1, जितवारपुर में सर सैयद डे 2026 मनाया गया

समस्तीपुर/एनएसबी। स्टडी सेंटर-1, जितवारपुर, समस्तीपुर में सोमवार को महान शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक सर सैयद अहमद खान की जयंती के उपलक्ष्य में सर सैयद डे 2026 मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सर सैयद के शैक्षिक और सामाजिक सुधार के विचारों को आगे बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मोहम्मद शोएब ने की, जबकि प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ. सैयद मेराज इमाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्ष समारोह की थीम ह्यशिक्षा, प्रबोधन और सामाजिक सुधार झ उन लोगों तक पहुँचना, जो अब तक इससे वंचित हैंह्व थी। आयोजन में अनावश्यक खर्च, भव्य सजावट और खान-पान के बजाय सर सैयद के संदेश को पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एस. ए. आलम, डॉ. खुर्शीद आलम, डॉ. फहद आलम, श्री नौशाद साहब और श्री आमिर फैसल ने सर सैयद अहमद खान के शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने वर्ष 1875 में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल (एमएओ) कॉलेज की स्थापना में सर सैयद की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख किया, जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) बना। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समुदाय के सशक्तीकरण और सामाजिक प्रगति का सबसे प्रभावी माध्यम है। छात्र वक्ताओं सुश्री त्रिशा और सुश्री अजमना फातिमा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को सर सैयद के आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन के मिशन को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मौलाना सद्दाम द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओजाना नौशाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सरफराज अहमद ने प्रस्तुत किया।



संक्षिप्त खबरें

परासी थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त चालक गिरफ्तार

मेहंदिया (एनएसबी)। परासी थाना क्षेत्र अंतर्गत मसद्पुर गांव के पास पुलिस ने अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना चालान के बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर पर सोन नदी से अवैध रूप से बालू लादकर ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर चालक विश्वकर्मा कुमार, पिता रविंद्र चंद्रवंशी, निवासी मसदपुर गांव, थाना परासी, जिला अरवल को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मसदपुर गांव के रास्ते बिना वैध कागजात और चालान के बालू का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर परासी थाना पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर उसकी जांच की। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर बालू लदा पाया गया, लेकिन चालक के पास बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान या आवश्यक दस्तावेज नहीं था। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबार में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोन नदी से लगातार अवैध रूप से बालू का उठाव कर आसपास के क्षेत्रों में परिवहन किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ-साथ नदी के पर्यावरण और प्राकृतिक संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कोठवारा से बिना चालान बालू परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार,बहेरा थाने की पुलिस ने की कार्रवाई, जेल

डोभी (एनएसबी) । बहेरा थाना क्षेत्र के कोठवारा बाजार में दिवा गश्ती के दौरान पुलिस ने बिना चालान के बालू खनन कर परिवहन करने के आरोप में बालू लदे एक ट्रैक्टर को चालक के साथ पकड़ लिया। मामले में गिरफ्तार चालक को न्यायालय में उपस्थापन के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बहेरा थाना कांड संख्या 184/26 के प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार, पिता विजय मंडल, निवासी हरदवन, थाना बहेरा, जिला गया को गिरफ्तार किया गया था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बहेरा थाना गेट के सामने कार और टेंपो से 300 लीटर शराब व बीयर बरामद, दो चालक गिरफ्तार

डोभी। डोभी-चतरा मुख्य मार्ग एनएच-22 पर बहेरा थाना गेट के सामने पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कार और टेंपो से कुल 300 लीटर अवैध शराब एवं बीयर बरामद की। इस दौरान दोनों वाहनों के चालकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने सोमवार की शाम पांच बजे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली कार्रवाई में एक कार की तलाशी के दौरान बीच वाली सीट के नीचे तथा बैक लाइट के अंदर बने तहखाने से विभिन्न प्रकार की 252 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से कार चालक संजय भगत, पिता हरि भगत, निवासी चुंद नवा टोली, थाना कुडू, जिला लोहरदगा (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक टेंपो से 48 लीटर बीयर बरामद की। इस मामले में टेंपो चालक धर्मेंद्र कुमार, पिता रामस्वरूप यादव, निवासी कोठवारा, थाना बहेरा, जिला गया को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बहेरा थाना कांड संख्या 183/26 दर्ज कर प्राथमिकी अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस केंद्र, गया में लाइन डे आयोजित

गयाजी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा पुलिस केन्द्र, गया में लाइन डे आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने की पीएनजी परियोजना की समीक्षा, बोधगया के होटलों एवं मॉनेस्ट्री में शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

गयाजी (एनएसबी)। गया शहर में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में पीएनजी परियोजना से जुड़े पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की वर्तमान प्रगति, घरेलू एवं व्यावसायिक गैस कनेक्शन की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण में गया शहरी क्षेत्र को पीएनजी नेटवर्क से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत कुल 7,032 घरों में 31 मार्च 2027 तक पीएनजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना है। वर्तमान में 4,320 घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति संचालित है। प्रतिदिन लगभग 15 से 20 नए उपभोक्ताओं को कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परियोजना के पदाधिकारियों ने बताया कि 52 घरों में कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी है। इन घरों में अगले सात दिनों के भीतर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। वहीं, 30 घरों में चार्जिंग की प्रक्रिया पूरी कर गैस आपूर्ति शुरू करने की योजना बताई गई। इन क्षेत्रों में अशोक विहार कॉलोनी, केदुई, लखीबाग, मगध मेडिकल, भूसुंडा एवं जनकपुर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन घरों में कनेक्शन एवं गैस आपूर्ति शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी हो चुकी है, वहां बिना अनावश्यक विलंब के गैस आपूर्ति प्रारंभ की जाए। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी को मानव बल की संख्या बढ़ाकर पाइपलाइन बिछाने तथा नए कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बोधगया के होटलों एवं मॉनेस्ट्री में पीएनजी कनेक्शन पर विशेष जोर : बैठक में बताया गया कि जिले के 27 बड़े होटलों में कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन के माध्यम से गैस आपूर्ति शुरू की जा चुकी है, जिनमें बोधगया के आठ होटल शामिल हैं। बिपार्ड परिसर में भी पीएनजी के माध्यम से गैस आपूर्ति संचालित है। इसके अतिरिक्त रॉयल रेजिडेंसी होटल सहित अन्य बड़े प्रतिष्ठानों में भी पीएनजी का उपयोग किया जा रहा है। आगामी पर्यटक सीजन को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने गया एवं बोधगया के सभी होटलों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को अगले सात दिनों के भीतर बोधगया के होटलों में कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। साथ ही, बड़े होटलों एवं मॉनेस्ट्री को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने का निर्देश दिया, ताकि पर्यटक सीजन के दौरान ईंधन की उपलब्धता सुगम हो सके।

डायट, गयाजी में डिस्लेक्सिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गयाजी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में मंगलवार को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए डिस्लेक्सिया जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूक करना तथा ऐसे बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को समझने और उनके प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन डाइट की व्याख्याता एकता नौजिया एवं सुनीता कुमारी के समन्वय एवं डॉ. अमित रत्न द्विवेदी के सह समन्वय मे किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डिस्लेक्सिया से संबंधित जागरूकता वीडियो के प्रदर्शन से हुई, जिसके माध्यम से प्रशिक्षुओं को इस विषय की बुनियादी जानकारी दी गई। इसके बाद पूरी कक्षा को 15 अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविर डीएम ने किया निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। विद्यार्थी सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की गुणवत्ता की जाँच हेतु जिला पदाधिकारी ने किया राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल का निरीक्षण छात्रावास, कैंटीन, खेल मैदान, वर्ग कक्ष एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्का सुविधाओं का लिया जायजा। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा शिविर में विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति एवं गुणवत्ता की जाँच की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यार्थी सहयोग शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की गई। विशेष रूप से निष्पादित आवेदनों के संबंध में यह सुनिश्चित करने का प्रयास



निरीक्षण करते डीएम।

किया गया कि संबंधित समस्याओं का वास्तविक, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान हुआ है अथवा नहीं। आवेदनों के निष्पादन की गुणवत्ता की हुई स्थलीय जाँच निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आवेदनों में उल्लिखित समस्याओं के अनुरूप संबंधित स्थलों का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल आवेदनों का कागजी निष्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि समस्याओं का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना आवश्यक है। विद्यार्थियों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के निष्पादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रावास, कैंटीन एवं खेल मैदान की व्यवस्थाओं का लिया जायजा जिला पदाधिकारी द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर स्थित बॉयज हॉस्टल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के आवासन एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त छात्रावास की कैंटीन का निरीक्षण कर भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने महाविद्यालय के खेल मैदान का भी निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध खेलकूद संबंधी सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। वर्ग कक्ष एवं प्रयोगशालाओं का भी किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न वर्ग कक्षों एवं प्रायोगिक कक्षों (प्रैक्टिकल लैब) का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था तथा पठन-पाठन के वातावरण का जायजा लिया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ प्रयोगात्मक शिक्षा, छात्रावास, भोजन, स्वच्छता एवं खेलकूद की समुचित सुविधाएँ अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं का वास्तविक समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थी सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, निष्पादित आवेदनों के संबंध में आवश्यक सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों को वास्तव में अपेक्षित लाभ एवं सुविधाएँ प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना तथा उनका त्वरित, प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। सबका सम्मान, जीवन आसान की अवधारणा के अनुरूप जिला प्रशासन, अरवल विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ एवं उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को धार देने में जुटी कांग्रेस

अरवल (एनएसबी)। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं अरवल जिला पर्यवेक्षक विश्वरंजन मोहंती मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय श्रीकृष्ण आश्रम पहुंचे। यहां जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद कैफ के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता और समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विश्वरंजन मोहंती ने ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्ण अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार की रक्षा के लिए लोगों से जागरूक होने की अपील की। साथ ही आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं और आम लोगों से



बैठक करते जिला पर्यवेक्षक।

1 नवंबर को दिल्ली कूच का आह्वान

दिल्ली चलने का आह्वान किया। उन्होंने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। नेताओं एवं कार्यकताओं से अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद कैफ, जिला प्रभारी राधेश्याम कुशवाहा, रामविनय सिंह, उमाकांत पांडेय, रंजीत तिवारी, अजीत कुमार, पुनदेव, पप्पू कुमार, असलम अंसारी, अरविंद कुमार, नईम अंसारी, खुर्शीद आलम, मिथलेश विश्वकर्मा, पीयूष कुमार, शहजाद अंसारी, अरुण भारती, लालमणि भारती, अरुण शर्मा, शिव बचन यादव, मकसूद अंसारी, श्याम कुमार, पुनदेव यादव, रेयाज अंसारी, सुनील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता, प्रखंड अध्यक्ष, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

त्योहार को लेकर मानिकपुर पुलिस अलर्ट दागियों का किया गया भौतिक सत्यापन

कुर्था (एसएनबी)। आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मानिकपुर थाना पुलिस सतर्क हो गई है। टीवीइसी क्रम में थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के दागी व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों की गतिविधियों और वर्तमान स्थिति की जानकारी जुटाने पर जोर दिया गया, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा, क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए दागी व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है और उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी और आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।



असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थानाध्यक्ष ने तेज की निगरानी

सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण को लेकर डीएम ने की समीक्षा

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निष्पादन की समीक्षा हेतु विशेष सुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं आवेदकों की उपस्थिति में विभिन्न मामलों की विस्तृत सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग एवं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों पर विचार किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक मामले में संबंधित आवेदक का पक्ष गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई एवं निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का वास्तविक, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन की वास्तविक सफलता आवेदकों की संतुष्टि एवं उनकी



बैठक करते डीएम।

समस्याओं के ठोस समाधान में निहित है। अतः प्रत्येक मामले में की गई कार्रवाई की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए तथा आवश्यकतानुसार आवेदकों से फीडबैक प्राप्त कर निष्पादन की वास्तविक स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने, आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, सहकारिता विभाग से संबंधित आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करने तथा विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही निष्पादित मामलों की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा करें, ताकि किसी भी आवेदक को एक ही समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के उपरांत संबंधित आवेदकों से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि उनकी शिकायत का वास्तविक समाधान हुआ है अथवा नहीं। जिन मामलों में निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाए, उनमें पुनः समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। 'सबका सम्मान-जीवन आसान' की अवधारणा को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, अरवल द्वारा जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान एवं लोक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए, उसका नियमानुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाया जाए।

कार्यकर्ता किसी भी संगठन की जानः सतीश

टिकारी (एसएनबी)। कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की जान होते हैं और कार्यकर्ता पर ही यह निर्भर करता है किसी संगठन अपने उद्देश्यों की पूर्ति कितनी सहजता से कर सकता है। ये बातें गयाजी जिले के कोंच प्रखंड अंर्तगत खजूरी गांव में आयोजित सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राम्हण महासंघ की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने कही। श्री पाण्डेय ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष प्रमुख कारक होते हैं। परन्तु इनमें कार्यकर्ता प्रमुख है क्योंकि संगठन के पास यदि पर्याप्त संख्याबल के साथ अच्छे कार्यकर्ता हैं तो तीन अन्य कारक भी जमा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संघ अच्छे कार्यकर्ता बनाने के लिए अभी अपनी उर्जा लगा रही है और हम तमाम पदाधिकारियों से यही उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि 19 व 20 दिसम्बर को झारखंड प्रदेष के गढवा में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित है जिसमें पूरे भारत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रदेश संरक्षक विवेकानंद मिश्र ने कहा कि संगठन को आगे बढाने के लिए अहम को छोड़कर स्वाभिमान और मैं का छोडकर हम को अपनाना होगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी नारायण मिश्र ने कहा कि महासंघ को सबसे पहले लोगों को जोड़ना होगा और उस व्यक्ति तक पहुंचना होगा जहां आज तक कोई भी संगठन नहीं पहुंचा है। यदि कार्यकर्ता हो जाएंगे तो कोष का निर्माण में कोई कमी नहीं होगी। जिला उपाध्यक्ष शिव बल्लभ मिश्र ने जिले के प्रखंडों में संगठन के विस्तार का व्योरा प्रस्तुत किया। इससे पहले बैठक की शुरूआत भगवान भास्कर की वैदिक मंत्राच्चार के साथ पूजन से हुई। महासंघ की परंपरा के अनुसार बैठक की अध्यक्षता स्थानीय ग्रामीण अनिल कुमार पाठक ने की जबकि संचालन की जिम्मेवारी मिथलेश कुमार पाठक ने निभाई। बैठक को छंदाकांत मिश्र, अरूण पाठक, उपेन्द्र पाठक, रविन्द्र कुमार मिश्र, गोविन्द पाठक, अनिल मिश्र, अविनाष पाठक, प्रत्युष मिश्र, योगेन्द्र बैद्य, प्रमोद पाठक, शंभुनाथ मिश्र आदि ने भी संबोधित किया।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद गया लौटे समाजसेवी निकिल कुमार का हुआ ऐतिहासिक नागरिक अभिनंदन

गयाजी (एनएसबी)। मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में बिहार का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन कर लौटे सर्वजन कल्याण एवं शिक्षण संस्थान के सचिव व वरीय समाजसेवी निकिल कुमार का गयाजी की पावन धरा पर ऐतिहासिक नागरिक अभिनंदन किया गया। नई दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान सभागार में पद्मश्री कँवल सिंह चौहान (सदस्य, गवर्निंग बॉडी, आईसीएआर भारत सरकार) व देश के कई राज्यों के दिग्गजों की मौजूदगी में देश के 'श्रेष्ठ 100 एनजीओ का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद निकिल कुमार का पहली बार गया आगमन हुआ। यह सम्मान संस्था द्वारा पिछले 26 वर्षों से लगातार की जा रही निःस्वार्थ सेवा के लिए दिया गया है। गयाजी एयरपोर्ट पर निकिल कुमार के स्वागत में समर्थकों और प्रशंसकों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटों लंबे इंतजार के बाद भी जनता का उत्साह रहा। एयरपोर्ट से सीधे निकिल कुमार का काफिला गुरु दरबार पहुंचा, जहां उन्होंने पूरी आस्था के साथ माथा टेककर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत वे सीधे विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक विष्णुपद मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान विष्णु के चरण चिह्नों की विधिवत पूजा-अर्चना की और मोक्षनगरी गयाजी सहित पूरे मगध व देश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।



मोरहर नदी भी नहीं डिगा सकी थी शिक्षक शुकदेव चौधरी का संकल्प, पुस्तक में दर्ज हुआ संघर्ष

गयाजी (एनएसबी) । बांकेबाजार प्रखंड के तिलैया स्थित यशोदा सदन में सोमवार को आदर्श शिक्षक स्वर्गीय शुकदेव चौधरी की 16 वीं पुण्यतिथि सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक जीवन पर आधारित पुस्तक ह्यपाठशाला के नायकः शुकदेव चौधरीह्ण का विमोचन किया गया। पुस्तक उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार ने लिखी है।

शुकदेव-यशोदा जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता मुखिया अशोक यादव ने की। इस दौरान स्वर्गीय शुकदेव चौधरी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। लेखक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बावजूद उनके पिता शिक्षा के प्रति समर्पित रहे। वर्षा, भीषण गर्मी और विकराल मोरहर नदी भी उन्हें विद्यालय जाने से नहीं रोक सकी। पुस्तक के माध्यम से उनके संघर्ष, संस्कार और शैक्षिक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मध्य विद्यालय धरहरा के प्रधानाध्यापक विजय चौधरी, मध्य विद्यालय बहेराडीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुड्डी कुमारी, मध्य विद्यालय नौहर के प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद, प्राथमिक विद्यालय महापुर की शिक्षिका रेणु कुमारी और मध्य विद्यालय गरवैया के शिक्षक चंद्रशेखर सिंह को ह्यशुकदेव चौधरी शिक्षा रत्न अवार्ड-2026ह्ण दिया गया। वहीं, पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण के लिए मोहित कुमार को ह्यशुकदेव चौधरी वृक्ष मित्र सम्मान-2026ह्ण से सम्मानित किया गया। पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को भी मेडल, प्रशस्ति पत्र और पाठ्य सामग्री दी गई। समारोह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया।

पाठशाला के नायकह्ण का विमोचन, पांच शिक्षकों को शिक्षा रत्न और मोहित कुमार को वृक्ष मित्र सम्मान



संक्षिप्त खबरें

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर लालगंज के बसंता घाट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

हाजीपुर/एनएसबी। जिला गंगा समिति की अध्यक्ष-सह-जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश के आलोक में जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में लालगंज स्थित बसंता घाट के किनारे जिला गंगा समिति एवं नगर परिषद, लालगंज के संयुक्त तत्वावधान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हाजीपुर की निगरानी तथा स्वच्छता पदाधिकारी, नगर परिषद, लालगंज की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान घाट परिसर की साफ-सफाई की गई। साथ ही, स्वच्छता के महत्व पर व्यापक चर्चा, नदी स्वच्छता शपथ एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नदियों और जलस्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नदियों, घाटों एवं अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। नदी एवं घाटों में प्लास्टिक, कचरा तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थ नहीं डालें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया।

बेलसर में फिर तार चोरी, 11 के वी जारंग फीडर से एक किलोमीटर का मीटर तार गायब

गौरौल/एनएसबी। बिजली तार के चोर बिजली के पोल से तार काटने की घटना को अंजाम देने से बाज नही आ रहे है।हलाकि पुलिस बेलसर थाना क्षेत्र में बिजली के तार गलाने की फैक्टी का उद्भेदन कुछ ही दिन पहले किया था।बेलसर के साथ गौरौल मे भी पुलिस ने अधौगिक क्षेत्र के एक फैक्ट्री में बिजली के तार से गलाकर बनाये सामग्री भी पकड़ी थी।बेलसर थाना क्षेत्र में बिजली के तारों की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।चोरों ने एक बार फिर बिजली विभाग को निशाना बनाते हुए 11 केवी जारंग फीडर से करीब 850 मीटर रैबिट तार की चोरी कर ली झिटकहिया गांव के चौर से चोरो ने चोरी कर लिया। विद्युत विभाग के कनीय विद्युत अभियंता ने वैशाली थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।जारंग फीडर में कृषि कार्य के लिए लगाये गये लाइन की चोरी की सूचना मिली। झिटकटिया चौक के पास से कुंदन सिंह के बोरिंग के बीच लगभग 0.85 किलोमीटर रैबिट तार अज्ञात चोरों ने काट लिया था।सूचना मिलने के बाद विद्युत कर्मी मनोज कुमार शर्मा, रामबाबू कुमार और अन्य कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जांच के दौरान तार चोरी होने की पुष्टि हुई।विभाग के अनुसार, इस घटना से नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) को कुल 1,33,901 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है।

प्रकाश पर्व पर तख्त साहिब में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी/एनएसबी। सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को ले बीते दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिह की देखरेख में हुई. इसके बाद मंगलवार तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में विशेष दीवान सजा. इसमें कथा ज्ञानी गगनदीप सिंह व ज्ञानी चरणजीत सिंह ने ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा करते हुए कहा कि गुरु महाराज ने सेवा को परमात्मा की भक्ति के साथ सामाजिक सदभाव का माध्यम बनाया. जो अनुकरणीय है. रागी जत्थों में भाई ज्ञान सिह,नविंदर सिंह,हरभजन सिंह, अरविंद सिंह निगरुण,जगत सिंह नविंदर सिंह और बिक्रम सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया. विशेष दीवान का समापन जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह विश्व शांति के लिए अरदास और हुकूमनामा से हुआ.आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारकों के साथ काफी संख्या में सिख संगत उपस्थित थे. आयोजन के उपरांत गुरु का विशेष लंगर चलाया गया.

ओरियंटेशन प्रोग्राम व व्हाइट कोर्ट सेरेमनी का आयोजन

पटना सिटी/एनएसबी। नालंदा मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एमबीबीएस 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम एवं व्हाइट कोर्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रो उषा कुमारी व उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा ने दीप जला की. प्राचार्य व चिकित्सकों ने आयोजन में शामिल विद्यार्थियों को संहिता का शपथ दिलाया गया. इसके बाद सफेद कोट, एप्रोन पहनाया. इस दौरान प्राचार्या ने कॉलेज की गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए डॉक्टर के साथ एक अच्छा नागरिक बनते हुए अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करे. कार्यक्रम का संचालन मेडिकल एजुकेशन यूनिट की प्रभारी डॉ प्रो अमिता सिन्हा ने की. धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिल्पी कुमारी ने किया. इस मौके पर डॉ ज्योति प्रिया,डा आशा कुमारी,डॉ विकास शंकर,डॉ सोनल वर्मा,डॉ सुनील कुमार,डॉ उदय कुमार समेत कई चिकित्सक भी उपस्थित थे.

अज्ञात युवक की डूब कर व महिला की कुचल कर मौत

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना क्षेत्र में मंगलवार को नहर में डूब कर 18 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गयी है,तब बड़ी पहाड़ी के पास ट्रक से कुचल कर एक महिला की मौत हो गयी है. अगमकुआं व यातायात थाना की पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है. पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. यातायात थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की दोपहर में बडी पहाडी के समीप तेज रफ्तार ट्रक से कुचल कर 55 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गयी है. थानाध्यक्ष के अनुसार ट्रक को जब्त कर लिया गया है. चालक फरार है. मृतका की लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. दूसरी ओर अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि बड़ी पहाड़ी संप हाउस के समीप में लगभग 18 वर्षीय अज्ञात युवक का शव नहर से बरामद किया गया है. घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा. आशंका है कि युवक की डूबने से मौत हुई होगी. पुलिस ने बताया कि दोनों अज्ञात शव का पोस्टमार्टम करा पुलिस 72 घंटे सुरिक्षत रखेगी. ताकि मृतक की पहचान हो सके. फिलहाल घटना से जुड़े हर बिंदु पर यातायात व अगमकुआं थाना की पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है.

बंद मकान से 19 लाख की संपत्ति चोरी

पटना सिटी/एनएसबी। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेंद्रू रानी घाट प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नवनीत कुमार मिश्र के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने 19 लाख रुपये की संपत्ति चोरी की है. पीड़ित की ओर से थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है. दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. पुलिस ने बताया कि पीड़ित की ओर से दर्ज कराये गये शिकायत में कहा गया है कि परिवार में मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गया था. इसी बीच में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने के आभूषण,लैपटॉप,घड़ी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है. पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पडताल की जा रही है. पुलिस आसपास में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगालने की बात कह रही है.

रैगिंग मामले में कॉलेज प्रशासन की कार्रवाई, विद्यार्थी की कक्षा तीन माह को निलंबित

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग मामले में कार्रवाई करते हुए तीन माह के लिए वर्ष 2025 बैच के विद्यार्थियों को कक्षा से निलंबित किया है. कॉलेज प्रशासन ने यह फैसला प्राचार्या डॉ उषा कुमारी की अध्यक्षता में हुई एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक में लिया है. प्राचार्या ने बताया कि सीनियर को निर्देशित किया गया है कि 24 घंटे के अंदर छात्रवास खाली कर दे. जबकि कॉलेज प्रशासन ने 2023 और 2024 बैच के विद्यार्थियों को नोटिस निर्गत किया गया है. राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), आल इंडिया एंटी रैगिंग कमेटी व बिहार सरकार के लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2026 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के साथ रैगिंग होने की शिकायत कॉलेज प्रशासन को भेजी गयी थी. इसमें विभाग के स्तर पर कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा गया था.इसी के बाद कॉलेज प्रशासन ने उक्त कार्रवाई की है. प्राचार्या ने बताया कि इस सत्र में 146 विद्यार्थी है.इस दौरान विद्यार्थियों ने रैगिंग की बात से इनकार किया.

सात निश्चय-3 के तहत वैशाली के 18 शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में आज वैशाली जिले के 18 चयनित शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं संस्थागत समस्याओं को सुनना, उनके सुझावों को महत्व देना तथा समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समयबद्ध बनाना है।

विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर शैक्षणिक व्यवस्था, संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई। विद्यार्थियों की समस्याओं एवं सुझावों को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर उनके निराकरण के लिए संबंधित संस्थानों एवं विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ



महनार में नशे के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, कई गिरफ्तार



महनार/एनएसबी। ऑपरेशन नीलकंठ के तहत महनार अनुमंडल क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले 15 दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में 14 स्थानों पर छापेमारी कर 167 डिब्बी कोटा ड्रग्स और 180 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। इस दौरान छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने एक बाइक भी बरामद की है। महनार एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दो दिनों में पुलिस को तीन सफलताएं मिली हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महनार थाना क्षेत्र के हसनपुर से 23 डिब्बी कोटा ड्रग्स के साथ अमन कुमार और लक्की कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो मोबाइल भी बरामद हुए। वहीं, गोरीगामा से 180 लीटर देसी शराब के साथ नीतीश राय और पंकज पासवान को गिरफ्तार किया गय। सहदेई बुजुर्ग थाना क्षेत्र में 88 डिब्बी कोटा ड्रग्स के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, अब्दुल्ला चौक ओपी पुलिस ने 36 डिब्बी कोटा ड्रग्स के साथ संतोष कुमार राय को गिरफ्तार किया।

किरण मंडल के उनासीवें कौमुदी महोत्सव में बही काव्य-धारा

कई जिलों के कवि - शायरों की सजी महफिल



हाजीपुर/एनएसबी। साहित्यिक - सांस्कृतिक संस्था 'किरण मंडल' का उनासीवां कौमुदी महोत्सव आयोजित किया गया। स्थानीय यादव चौक अवस्थित फैमिली च्वाइस होटल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा.शैलेन्द्र राकेश ने हाजीपुर की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि किरण मंडल के संस्थापकों की अब तीसरी पीढ़ी ने अपने पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहरों को संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साहित्य की संवेदनशीलता के बिना समाज का भला नहीं हो सकता।उनकी कविताओं ने जीवन के सत्य का जीवंत रेखाचित्र खींचा :

'यही सत्य जीवन का/इसको चलते जाना है/बदल - बदलकर वेश लौटकर/यहीं - यहीं आना है।' किरण मंडल के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश ने विषय प्रवेश कराया। प्रसिद्ध उद्घोषक और कवि डा.अविनाश कुमार पाण्डेय के संचालन में कविगोष्ठी की विधिवत शुरूआत मुजफ्फरपुर से आये बहुचर्चित गजलकार डा.पंकज कर्ण की गजल से हुई । इन दिनों कुछ इस तरह के भाव में उलझा हूं मैं...।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार अखिलेश्वरनाथ त्रिपाठी (बगहा, पश्चिमी चंपारण) रहे। उन्होंने अपने गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया :

" पत्ता -पत्ता छाँव ढूंढते
सपने खोए गाँव ढूंढते,
दिन बीता कब शाम हो गई
बंजारन बदनाम हो गई।"

विशिष्ट अतिथि और बगहा के एक महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ रविकेश मिश्र ने अपने गीतों में जीवन की विडंबनाओं की चर्चा की ।किरण मंडल के महासचिव और बहुचर्चित लेखक - कवि अश्विनीकुमार आलोक ने अपने छंदों से कविता का शास्त्रीय अनुराग जगा दिया । समस्तीपुर से आये गजलकार जगजीवन जलज की गजल सुनकर लोग झूम उठे । मंच संचालन करते हुए डा.अविनाश कुमार पाण्डेय ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । प्रसिद्ध रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश ने अपने दायित्व से अलग हो रहे लेखकों को अपनी कविता में संबोधित किया।इस अवसर पर विनय चंद्र झा, अनिल लोदीपुरी, मनीष रंजन,सरोज कुमार, सुमन कुमार, सव्यसाची, अरुण कुमार विद्यार्थी, चांदनी कुमारी, गंगोत्री प्रसाद सिंह, मेदिनी कुमार मेनन, अमरनाथ तिवारी,मनीष कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग देर रात तक कविता की धारा में रमे रहे। सचिव सुमन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

किसान चौपाल लगाकर महिला किसान को प्रशिक्षित किया गया

गौरौल/एनएसबी। गौरौल प्रखण्ड के महमदपुर पोझा और लोदीपुर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में प्रखण्ड तकनीकी प्रबन्धक अंकिता शर्मा द्वारा रवि फसल की खेती को ले बिस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।कृषि समन्वयक



कन्हैया सिंह,राजेश सिंह द्वारा मिट्टी जाच पर विस्तार से कृषको को जानकारी उपलब्ध कराया गया।जैविक खेती को ले रसायनिक खाद का प्रयोग आवश्यकता अनुसार या तो काफी कम करने को कहा गया।बिदित हो कि सोमवार को प्रखण्ड कृषि कार्यालय में कृषि विभाग द्वारा प्रखण्ड स्तरीय वासन्तिक कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी शिवजी पासवान,पशुपालन पदाधिकारी अवधेश कुमार और किसान बन्धुओ ने संयुक्त रूप से बिधिबत दीप पर्वजल्लित कर किया। किसानों को जैविक खेती व रबी फसल की बुआई और उत्पादन का गुर बताये। कार्यक्रम में पदाधिकारी के साथ एटीएम शुभ्रा भारती, सभी कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार व सभी पंचायतो के कृषक शामिल थे।

ई कचरा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर /एनएसबी। हाजीपुर नगर स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय)एस एम एस उच्च विद्यालय दिग्घी ,हाजीपुर में ई कचरा प्रबंधन पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ई कचरा एकत्रीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक उमेश कुमार प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कचरे को अलग करें और पृथ्वी को सुरक्षित रखें । यह प्रयास छोटा कदम बड़ा बदलाव ,स्वच्छ भारत की ओर संकेत करता है ।कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब के माध्यम से किया गया । ईको क्लब के नोडल शिक्षिक खुशबू सिंह एवं आयुषी कुमारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कचरा एकत्रित कर उन्हें सही तरीके से अलग कैसे करें इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी । बच्चों ने प्रोजेक्ट के माध्यम से इसे बेहतर ढंग से समझाया । ईको क्लब के सदस्य चंदा कुमारी, रानी कुमारी, तनीषा कुमारी, सुहानी कुमारी, अंशिका कुमारी, दीपमाला कुमारी, सुष्मिता कुमारी, सोनम कुमारी एवं करीना कुमारी ने भाग लिया ।वही सुहानी कुमारी ने अलग-अलग उपयोग में आने वाले डब्बे का प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर सराहनीय कार्य किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेश प्रसाद ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

विद्यार्थी सहयोग शिविर में छात्रों को बताया पोर्टल का लाभ



हाजीपुर/एनएसबी। देसरी स्थित बीपीएस कॉलेज में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से सभी योजनाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सभी योजनाओं की जानकारी और आवेदन एक ही जगह कर सकते हैं। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ने सात निश्चय-3 के तहत यह शिविर छात्रों के हित में महत्वपूर्ण पहल है। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल से छात्र एक ही जगह सभी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। महाविद्यालय का प्रयास है कि कोई भी छात्र जानकारी के अभाव में योजना से वंचित न रहे।

मंच संचालन डॉ. चंद्रभूषण सिंह शशि एवं स्वागत भाषण डॉ. विनय कुमार विपिन ने दिया।शिविर को डॉ. शंभू नाथ राय, डॉ. बबीता कुमारी, डॉ. विजय शंकर प्रसाद सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। अंत में नशा मुक्ति के लिए छात्र छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों को शपथ दिलाया गया।

अवैध बालू लदा ट्रेलर जब्त, चालक गिरफ्तार

नौ लाख रुपये से अधिक का जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ भोजपुर पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदा एक ट्रेलर जब्त किया गया है। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया। जब्त वाहन पर करीब 865 सीएफटी बालू लदा हुआ था। मामले में नौ लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है तथा संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार, कोईलवर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने बालू लदे ट्रेलर को रोका। जांच के क्रम में चालक द्वारा प्रस्तुत चालान में वाहन संख्या कुछ और अंकित थी, जबकि कर्मकांटा पर्ची पर वाहन संख्या बीआर 28 जीबी 1286 दर्ज पाई गई। खनन पोर्टल पर ऑनलाइन जांच करने पर पता चला कि प्रस्तुत चालान पुराना था और उसकी आड़ में अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही बालू लदे ट्रेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान विश्वकर्मा चैहान पिता रमेश चैहान, निवासी पडरौना, थाना जटहां बाजार, जिला कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। इस मामले में वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ कोईलवर थाना कांड संख्या 238/26 के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस एवं प्रशासन की ओर से अवैध खनन और बालू के गैरकानूनी परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी है।

डिस्लेक्सिया जागरूकता अभियान के तहत किया गया प्रभात फेरी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

महुआ/एनएसबी। डिस्लेक्सिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी के उपरांत पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई।इस अवसर पर इस थीम पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक संघ जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा-डिस्लेक्सिया एक प्रकार की कमी का द्योतक है,डिस्लेक्सिया होने पर हम ठीक से समझ नहीं पाते हैं बोल नहीं पाते हैं एवं सीख नहीं पाते जिसका व्यापक प्रभाव छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक पर भी पड़ता है।हम जितनी बात जानते हैं



उतनी ही बात प्रभावकारी तरीके से सबके सामने नहीं रख पाते हैं यह भी एक बहुत बड़ी कमी है।ऐसे सभी कमीया डिस्लेक्सिया के दायरे में आती है।हम इसे दूर भगाना है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक महोदय ने बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जागरूकता को बहुत बड़ा बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी,शकुंतला सिन्हा, सुमन लता,संगीता कुमारी ,आशा कुमारी,विनीता कुमारी,सजीना परवीन, गीता कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस मौके पर महुआ नगर परिषद स्थित राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में भी जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गीधा में शराब कारोबारी व वारंटी गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के गीधा थाने की पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8 पीएम टेट्रा पैक शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। वहीं, दूसरी कार्रवाई में मारपीट के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पुलिस ने 10 पीस 8 पीएम टेट्रा पैक शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनघट्टा गांव निवासी लालसा सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

गोपालगंज में नशामुक्त बिहार अभियान का आज हुआ शुभारंभ

एसएस बालिका प्लस टू स्कूल में माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) राज्यव्यापी नशामुक्त बिहार अभियान का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। पटना के अधिवेशन भवन में माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गोपालगंज शहर के एसएस बालिका प्लस टू स्कूल के परीक्षा भवन में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ, उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, मद्य निषेध अधीक्षक अमृतेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने एलईडी स्क्रीन पर गंभीरतापूर्वक मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। कार्यक्रम के बाद उपस्थित पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं ने नशामुक्त बिहार के निर्माण का संकल्प लिया। उन्होंने किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने, दूसरों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करने तथा संबंधित कानूनों एवं नियमों का पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। नशा शरीर को नुकसान पहुँचाने के साथ जीवन एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों एवं अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एडीएम सह जिला बंदोबस्त पदाधिकारी अजय कुमार, डीटीओ शशिशेखरम, एसएसए डीपीओ शिवम, जीविका डीपीएम विकास कुमार, ब्रह्माकुमारी संस्था की दीदियां तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश चंद्र कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

लखरांव बाग के पास झाड़ी से मिला युवक का शव, गला रेत कर हत्या की आशंका

मीरगंज के छाप गांव का रहने वाला था 35 वर्षीय मृतक रामपुकार भगत, शव के पास से देसी व विदेशी शराब की बोतलें बरामद, जांच में जुटी पुलिस



भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत लखरांव बाग से तिवारी चकिया जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों से मंगलवार की शाम एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के गले पर धारदार हथियार (चाकू) से हमले के गहरे निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि गला रेत कर उसकी हत्या की गई है। मृतक की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के छाप गांव निवासी रामपुकार भगत के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सोमवार को रामपुकार का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गया। उसका ससुराल मीरगंज थाना क्षेत्र के ही रानी सरीसवां गांव में है, इसलिए परिजनों को लगा कि वह ससुराल गया होगा। हालांकि, सोमवार की रात करीब 11 बजे रामपुकार ने अपनी पत्नी को फोन कर बताया कि वह भोरे के लखरांव में है। रात में फोन आने के बाद परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हो गए। मंगलवार की सुबह वे लखरांव पहुंचे और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद मंगलवार की शाम तिवारी चकिया जाने वाले मार्ग के किनारे झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला। घटनास्थल पर शव के पास से एक बोतल अंग्रेजी शराब, एक बोतल देसी शराब, पीने के गिलास और पानी की बोतलें बरामद की गई हैं। इससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या से पहले वहां शराब पार्टी हुई थी या साजिश के तहत उसे बुलाकर घटना को अंजाम दिया गया। मृतक अपने पीछे पांच साल के मासूम बेटे और पत्नी को छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची भोरे थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल्स के आधार पर हत्यारों तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है।

हथुआ में पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ

शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने की जिलेवासियों से डीएम ने की अपील, हथुआ अनुमंडल कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय शिविर में आवेदक कराएं स्लॉट बुक



हथुआ (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज जिले के हथुआ अनुमंडल परिसर में आज जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने फीता काटकर पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर का शुभारंभ किया। यह तीन दिवसीय शिविर आयोजित होगा। शिविर में प्रतिदिन लगभग 55 आवेदकों के लिए स्लॉट बुक किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने गोपालगंज जिले के इच्छुक आवेदकों से अपील की कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना स्लॉट बुक कर पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें तथा इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, हथुआ संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हथुआ राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, हथुआ वसीम अकरम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

लड़की से गाली-गलौज का विरोध करने पर पिता पर जानलेवा हमला, आरोपित गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा गांव में लड़की के साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर उसके पिता पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान सासामुसा गांव निवासी मुन्ना कुमार उर्फ गौतम के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम गांव में एक लड़की के साथ गाली-गलौज की जा रही थी।इसका विरोध करने पर आरोपित ने लड़की के पिता के साथ मारपीट की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया।घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सासामुसा गांव में छापेमारी की और नामजद आरोपित मुन्ना कुमार उर्फ गौतम को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया।मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

भोरे में बीस सूत्री बैठकरू रेफरल अस्पताल में टीके, खाद-बीज, हाईमास्ट लाइट और स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन का मुद्दा उठा

ह्वक्सज्स (दैनिक नवसंदेश) भोरे प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में मंगलवार को बीस सूत्री की बैठक हुई। बैठक में रेफरल अस्पताल में कुत्ता काटने के टीके की अनुपलब्धता, रबी सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता, भोरे मुख्यालय के मुख्य स्थानों पर हाईमास्ट लाइट और 17 पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जमीन की उपलब्धता जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठे। बैठक में डीसीएलआर मोहम्मद आशिम अकरम हथुआं, बीडीओ मुकेश कुमार और सीओ अनुभव कुमार राय मौजूद रहे। बीस सूत्री अध्यक्ष विंदा सिंह कुशवाहा, प्रमुख राजेश राम, उप प्रमुख विनय मिश्रा उर्फ दीपू मिश्रा, समिति सदस्य डॉ. मंकेश्वर दत्त राय, भाजपा नेता अरविंद सिंह, संतोष कुशवाहा, मुखिया मोहन सिंह और श्री साह ने भी अपनी बात रखी। सदस्यों ने कहा कि भोरे मुख्यालय के प्रमुख चैक-चैराहों और बाजार जैसे मुख्य स्थानों पर ऊंचे खंभे वाली हाईमास्ट लाइट लगाई जाए, ताकि रात में लोगों को सुविधा और सुरक्षा मिले। बैठक में 17 पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने के लिए जमीन की उपलब्धता का मुद्दा भी उठा। सदस्यों ने कहा कि जमीन चिह्नित होने पर ही उपकेंद्रों का निर्माण संभव होगा, इसलिए अंचल स्तर पर जल्द जमीन उपलब्ध कराई जाए। रेफरल अस्पताल में वैक्सीन की जल्द व्यवस्था की मांग भी की गई। कई पदाधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे थे।

फुलवरिया में स्वच्छता कार्यों की समीक्षारू यूजर चार्ज संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यवेक्षक होंगे सम्मानित

बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षक दीपावली पर होंगे सम्मानित, प्रशस्ति पत्र देने का प्रस्ताव



(बैठक करते बीडीओ)

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संचालित स्वच्छता कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतवार स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और डिजिटल पोर्टलों पर प्रगति रिपोर्ट अद्यतन करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान नमस्ते सर्वे की प्रगति, ऐप पर ई-रिक्शा व वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की कार्यशीलता, यूजर चार्ज संग्रहण, पोर्टल पर प्रविष्टि, जियो-टैगिंग तथा घर-घर कचरा संग्रहण रिपोर्ट की बिंदुवार समीक्षा की गई। स्वच्छता शुल्क संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों को आगामी दीपावली के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। बीडीओ ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मठ कर्मियों का उत्साहवर्धन करना और पंचायतों में यूजर चार्ज संग्रहण को प्रभावी बनाना है। बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को लंबित कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा उठाव और शौचालय जियो-टैगिंग के कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर कार्यपालक सहायक कमलेश कुमार शर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक दिलीप कुमार प्रजापति, संदीप दीक्षित, दिवाकर तिवारी, आफलाक अहमद, इन्द्रवती कुमारी सहित प्रखंड के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

गुजरात में सड़क हादसे ने छीनी कटेया की महिला की जिंदगी, गांव में पसरा मातम

पति और पांच बेटियों के साथ सूरत में रहती थी बिंदु देवी

कटेया (दैनिक नवसंदेश) गुजरात के सूरत में सोमवार को हुए सड़क हादसे में कटेया प्रखंड के शामदास बगही गांव की एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी सुग्रीव मिश्र की पत्नी बिंदु देवी के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। वहीं, पैतृक घर पर मौजूद मृतका की सास का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, सुग्रीव मिश्र पिछले करीब 20 वर्षों से गुजरात के सूरत में रहकर काम करते हैं। पहले वे एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। बाद में उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी। वे पत्नी और पांच बेटियों के साथ सूरत में ही रहते थे। बताया जाता है कि सोमवार को सुग्रीव मिश्र अपनी पत्नी बिंदु देवी और एक छोटी बच्ची के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आने से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सभी सड़क पर गिर पड़े। सुग्रीव मिश्र अपनी पत्नी को संभाल पाते, इससे पहले ही तेज रफ्तार ट्रेलर उनके ऊपर से गुजर गया।

सांखे बाजार महावीरी अखाड़ा मेले में युवाओं ने किया शौर्य का प्रदर्शन



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) थाना क्षेत्र के सांखे बाजार में मंगलवार के दिन महावीरी अखाड़ा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के सांखे खास, तुलसिया, पचमवां, नौतन, बिरवट घूरन और सतकोठवा गांव के अखाड़ा जुलूस शामिल हुए। महावीरी मेले में लोगों के बीच काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा लाठी-डंडा आदि पारंपरिक हथियारों के साथ जमकर शौर्य का प्रदर्शन किया गया। मेले में भगवा ध्वज, हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे के साथ निकले जुलूस और बजरंग बली की प्रतिमा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। महावीरी अखाड़ा मेले के दौरान रंग-बिरंगी लाइट के साथ लाउडस्पीकर की धुन पर युवा जमकर थिरकते रहे। इस दौरान जय श्रीराम और बजरंग बली की जय के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। इस दौरान मेला देखने के लिए क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ी रहीं। इसी दौरान बालाहाता बाजार में आयोजित हुए महावीरी अखाड़ा मेला में क्षेत्र के बालाहाता, बालाहाता वृत्ति टोला, बालाहाता हरिजन टोला, भगवान टोला और राजापुर गांव के महावीरी अखाड़ा जुलूस शामिल हुए।इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर उचकागांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा, सीओ विजय कुमार, अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा गीतेश गौरांग, रिंकी कुमारी, कन्हैया लाल सिंह, आशिक रसूल खान सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान व मजिस्ट्रेट मौके पर तैनात थे।

फुलवरिया में पायनियर के धान बीज '27 पी 39' की बंपर पैदावार

किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी, किशुनदेव छापर में मनाया गया फसल कटाई दिवस

पायनियर बीज की गुणवत्ता से गदगद हुए किसान



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) पायनियर कंपनी की ओर से हेडक्वार्टर फुलवरिया के किशुनदेव छापर में धान फसल कटाई दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण किसानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। फसल कटाई के दौरान प्राप्त उपज के आंकड़ों ने सबको चैंका दिया। पायनियर के उन्नत धान बीज 27पी39 की पैदावार 31 क्विंटल 80 किलो प्रति एकड़ दर्ज की गई, जबकि कॉम्पिटीटर किस्म 6444जी की उपज 24 क्विंटल 30 किलो ही रही। इस प्रकार 27पी39 ने बेहतर प्रदर्शन कर किसानों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर कंपनी के जिला सेल्स टेरेटरी मैनेजर वीरेंद्र सिंह ने किसानों को अधिक उपज देने वाले धान बीज 27पी39 की विशेषताओं और गुणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इसी किस्म की खेती करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मौजूद हेडक्वार्टर के कृषि अधिकारी पप्पू पांडेय ने कहा कि कंपनी किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझती है और समय-समय पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराती है। उन्होंने धान के साथ-साथ मक्का और मस्टर्ड बीज 45एस46 के फायदों से भी किसानों को अवगत कराया। इस किसान गोष्ठी और फसल कटाई कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के प्रवक्ता किसान राजकुमार सिंह, कृष्णकुमार सिंह, महंत सिंह, रविन्द्र सिंह, संतोष सिंह और छोटका महाराज समेत क्षेत्र के कई प्रगतिशील किसानों की सक्रिय मौजूदगी रही।

गोपालगंज में राजीव रिजेंसी होटल के रेस्टोरेंट कैप्टन की हत्या में भाजपा एमएलसी पर हत्या का कांड दर्ज

बेटे की हत्या के बाद मां ने लगाया गंभीर आरोप, वेतन विवाद में थप्पड़ मारने का भी आरोप

हत्या में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने घंटों पूछताछ के बाद भेजा जेल

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) शहर के राजीव रिजेंसी होटल में बाइक के चाभी को लेकर किचेन में रेस्टोरेंट के कैप्टन अनीश कुमार की हत्या के तीसरे दिन नगर थाने में पुलिस ने कांड दर्ज कर लिया है। अनिश की मां के तहरीर पर दर्ज कांड में होटल के मालिक भाजपा एमएलसी राजीव कुमार उर्फ गप्पू सिंह को भी आरोपित बनाया है।आरोप लगाया है कि वेतन विवाद के दौरान थप्पड़ मारने और मरवाकर फेंकने की धमकी दिये थे।मां के मुताबिक, मालिक ने धमकी दी थी कि जितना वेतन दिया जा रहा है, उसी में काम करो, नहीं तो मरवाकर फेंक देंगे। करीब एक माह बाद उसी होटल के रेस्टोरेंट कैप्टन अनीश कुमार की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गयी।बेटे की हत्या के बाद मां ने इस पुराने विवाद का जिक्र करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

मामला नगर थाना के बंजारी रोड स्थित होटल राजीव रिजेंसी का है।कमलेशा देवी के अनुसार, उनका बेटा अनीश पिछले तीन-चार महीने से होटल में रेस्टोरेंट कैप्टन के पद पर काम कर रहा था।24 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि अनीश को चाकू मार दिया गया है। वह तत्काल होटल पहुंचीं। मां ने आरोप लगाया कि गौतम कुमार, राहुल कुमार और सुजय कुमार ने अनीश के सीने के ऊपरी हिस्से और बायीं पसली में चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में अनीश को इलाज के लिए गोरखपुर ले जाया जा रहा था।इसी दौरान कुचायकोट के एक अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बेटे की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है। मां ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। पुलिस ने अनीश हत्याकांड में गिरफ्तार गौतम कुमार, राहुल कुमार और सुजय कुमार से पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले को गंभीरता से जांच कर रही है। घटना हाइप्रोफाइल होने के कारण पुलिस फूंक-फूंक कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

एमएलसी राजीव कुमार उर्फ गप्पू सिंह ने बताया कि थाने से कमलेशा देवी अपने तहरीर को वापस लेने के लिए दिया आवेदन।उनके खिलाफ पीड़ित पक्ष की ओर से नगर थाने में दिया गया आवेदन गलत है।उन्होंने दावा किया कि मृतक की मां कमलेशा देवी ने अब स्पष्ट किया है कि विरोधियों ने उन्हें गुमराह कर दिया था। इसी वजह से उन्होंने नगर थाने में हत्या के मामले में आवेदन दिया था। एमएलसी के अनुसार, अब सच्चाई सामने आने के बाद कमलेशा देवी दर्ज मामले को वापस लेना चाहती हैं। इसी बयान के आधार पर एमएलसी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया।

फुलवरिया में पुआल की झोपड़ी से 10 फीट लंबा और 50 किलो का अजगर रेस्क्यू

चूहों के शिकार के लिए रिहायशी इलाके में पहुंचा था 10 फीट लंबा अजगर, टीम ने किया रेस्क्यू



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया थाना क्षेत्र के भागवत परसा गांव में मंगलवार को एक ग्रामीण की झोपड़ी से 10 फीट लंबा और 50 किलोग्राम वजनी विशालकाय अजगर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, ग्रामीणों की सूझबूझ और रेस्क्यू टीम की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा खतरा टल गया। गांव निवासी चंदन कुमार महतो के घर के पास स्थित पुआल की झोपड़ी में जलावन रखा हुआ था। इसी बीच परिजनों की नजर अचानक एक भारी-भरकम अजगर पर पड़ी. सांप को देखते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चंदन कुमार महतो ने तुरंत संयम दिखाते हुए वन विभाग और स्थानीय रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के महज आधे घंटे के भीतर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। टीम के प्रभारी अरुण कुमार राय के नेतृत्व में सदस्यों ने कड़ी मशक्कत और सावधानी के साथ ऑपरेशन शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार अजगर को सुरक्षित काबू में कर लिया गया। रेस्क्यू टीम के प्रभारी अरुण कुमार राय ने बताया कि यह अजगर करीब 10 फीट लंबा और इसका वजन 50 किलोग्राम से अधिक है। उन्होंने आशंका जताई कि यह भारी-भरकम सर्प चूहों का शिकार करने के लिए रिहायशी इलाके में पहुंचा था। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों और घर के सदस्यों ने राहत की सांस ली है। रेस्क्यू टीम ने सांप को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने के लिए अपने साथ ले गई. इस सफल रेस्क्यू से पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सिपाया में बीज उत्पादन की प्रगति की समीक्षा, फसलों का लिया जायजा



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले उन्नत एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, सिपाया में बीज उत्पादन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई।इस दौरान विशेषज्ञों ने बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर धान, रागी और अरहर की फसलों की स्थिति का जायजा लिया।साथ ही फसलों की बढ़वार, बीजों की गुणवत्ता, वैज्ञानिक प्रबंधन तथा कटाई के बाद बीजों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्थाओं का आकलन किया गया।डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, गोपालगंज में आयोजित निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की निदेशक (बीज) डॉ. डीके राय एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमचन्द्र चैधरी ने बीज उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज कृषि उत्पादन की आधारशिला हैं।किसानों को स्थानीय जलवायु और कृषि परिस्थितियों के अनुकूल उन्नत एवं प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराने से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है।डॉ. राय ने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को बीज उत्पादन से लेकर उसके सुरक्षित भंडारण तक निर्धारित गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बीज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्येक चरण में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना जरूरी है।इसके साथ ही किसानों को उन्नत बीजों के महत्व के प्रति जागरूक करने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. अनुपमा कुमारी, वैज्ञानिक श्रीप्रिया दास एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक रविकांत कुमार ने बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बीज उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करना और किसानों को बेहतर कृषि आदान उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाना था।

जमीन विवाद में हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के खैरटवां गांव में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान इसी गांव की ऊषा देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह ऊषा देवी अपने घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान जमीन को लेकर पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण पड़ोसियों के साथ उनकी कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इस दौरान पड़ोसियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गईं।महिला के घायल होने की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उपचार की।